अष्टम महागौरी



लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



लखनऊ | वर्ष: 15 | अंक: 182 | मूल्य: ₹ 3.00/- | पेज : 12 | मंगलवार | 16 अप्रैल, 2024

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper

देवी दुर्गा अपने आठवें स्वरूप में महागौरी के नाम से जानी जाती हैं। उनका यह रूप परंपरागत भारतीय नारी का प्रतीक है जो न केवल अपने अभि भावकों की पसंद के लड़के से विवाह करती है, बल्कि नए परिवार में स्वयं को स्थापित कर पति को प्रसन्न रखती है।

## बिहार के चुनावी समर में गरजे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



# यूपी के लोगों ने परिवार वालों को नकार दिया

# अब बिहार की बारी: सीएम

### सीएम योगी ने औरंगाबाद से उम्मीदवार सुशील कुमार सिंह के पक्ष में की जनसभा, कसा तंज लालू जी आप संख्या बढ़ाइए

### हम राम-राम और जयश्री राम बोलते हैं, लेकिन देश के खिलाफ साजिश करने वालों का राम नाम सत्य भी करते हैं: योगी

### अभी हम कांग्रेस व राजद के दलदल को कर रहे थे साफ, अब स्पीड बढ़ाकर भारत को बनाएंगे ग्लोबल लीडर: सीएम

जन एक्सप्रेस | पटना/औरंगाबाद/नवादा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को बिहार के औरंगाबाद पहुंचे। उन्होंने यहां औरंगाबाद लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार सुशील सिंह के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के लोगों ने परिवार वालों को नकार दिया, अब बिहार के लोगों की बारी है। योगी आदित्यनाथ ने अपने भाषण को दौरान राजद एवं सपा पर एक साथ हमला बोला। उन्होंने कहा कि राजद से कोई उम्मीद न कीजिए। यह चुनाव नेशन फर्स्ट और फैमिली फर्स्ट के बीच होने जा रही है। अच्छा हुआ कि एनडीए को बिहार में और सशक्त बनाने में हमें सफलता प्राप्त हुई। बिहार में लालू यादव के परिवार के लिए ही सीट कम पड़ रही थी। यह परिवार तक ही सीमित हो गए। परिवार के बाहर सोच है ही नहीं। विकास भी परिवार का, सीट भी परिवार को, योजनाओं का लाभ भी परिवार को ही मिलना है। योगी ने कहा कि एक परिवार बिहार और एक परिवार उत्तर प्रदेश में है। उप्र की जनता उन्हें जवाब दे चुकी है, अब बिहार के लोगों को जवाब देने के लिए तैयार होना है। जातिवादी ताकतों को नकार दें।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नवादा में भाजपा उम्मीदवार विवेक ठाकुर के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व में महान देश के रूप में भारत का गौरव बढ़ाया है। देश में कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से अप्रतिम विकास भी किया ।इस कारण 400 सांसदों के साथ वे तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बनेंगे।

#### लालू जी के परिवार के लिए कम पड़ गई सीट

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राजद से कोई उम्मीद न कीजिए। यह चुनाव नेशन फर्स्ट व फैमिली फर्स्ट का है। अच्छा हुआ कि एनडीए को बिहार में और सशक्त बनाने में हमें सफलता प्राप्त हुई। बिहार में लालू जी के परिवार के लिए ही सीट कम पड़ रही थी। यह परिवार तक ही सीमित हो गए। परिवार के बाहर सोच है ही नहीं। विकास भी परिवार का, सीट भी परिवार को, योजनाओं का लाभ भी परिवार को ही मिलना है। एक परिवार बिहार और एक परिवार यूपी में है। यूपी की जनता उन्हें जवाब दे चुकी है, अब बिहार के लोगों को जवाब देने के लिए तैयार होना है। जातिवादी ताकतों को नकार दें।

#### हम पहले सीता, फिर राम-सीताराम बोलते हैं

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पांच सौ वर्षों का इंतजार समाप्त हुआ। अयोध्या धाम में प्रभु श्रीरामलला विराजमान हुए तो बिहार के अंदर भी उत्साह और उमंग था। बिहारवासियों ने जो उपहार भेजे थे। उसके लिए बिहारवासियों का आभार प्रकट करता हूं। यूपी व बिहार का चोली-दामन का संबंध है। यह अलग होने वाला नहीं है। हम सीताराम बोलते हैं। पहले मां सीता, फिर श्रीराम का नाम लेते हैं। यह दोनों राज्यों के संबंध को जोड़कर एक भारत, श्रेष्ठ भारत के अभियान को बढ़ाता है।

### सीएम योगी के स्पीच की बातों के प्रमुख अंश...

- **विंध्यवासिनी धाम में अब 10 लाख लोग भी आ जाएंगे तो समस्या नहीं:** सीएम ने कहा कि भाजपा से अधिक आस्था का सम्मान कोई नहीं कर सकता। काशी विश्वनाथ, अयोध्या धाम व मां विंध्यवासिनी दरबार में जाकर कार्य देखिए। नए उप्र व बिहार के लिए मोदी की गारंटी ही उत्थान की गारंटी है। औरंगाबाद के लोग भी विंध्यवासिनी धाम को नए रूप में देख रहे हैं। आज बासंतिक नवरात्रि की सप्तमी तिथि है। महाकाली की पूजा होती है। विंध्यवासिनी धाम में आज लाखों श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे हैं। गलियारा इतना चौड़ा बन गया है कि एक-दो लाख नहीं, 10 लाख लोग भी एक साथ आ जाएंगे तो समस्या नहीं होगी। पहले काशी में 10 लोग एक साथ दर्शन नहीं कर सकते थे, आज पांच-छह लाख श्रद्धालु एक साथ भी भगवान विश्वनाथ के दर्शन कर सकते हैं।
- **बचा-खुचा नक्सलवाद भी पांच वर्ष में स्वाहा हो जाएगा:** सीएम योगी ने कहा कि भाजपा ने संकल्प पत्र में विकसित भारत की बात कही है। विकसित भारत मतलब विकसित बिहार भी है। धारा-370 लगाकर कांग्रेस ने शेष भारत के नागरिकों के कश्मीर जाने को प्रतिबंधित कर दिया था। भारतीय जनसंघ और भाजपा हमेशा नारा लगाती थी कि जहां हुए बलिदान मुखर्जी, वह कश्मीर हमारा है। उस सपने को भी पीएम मोदी ने साकार किया है। धारा-370 समाप्त कर कश्मीर को भारत की मुख्यधारा से जोड़ा गया। काफी हद तक नक्सलवाद समाप्त हो गया, जो बचे-खुचे हैं, पांच वर्ष में उनका भी स्वाहा हो जाएगा।
- **कसा तंज: लालूजी आप संख्या बढ़ाइए, मोदी जी फ्री में मकान दे रहे हैं:** सीएम योगी ने कहा कि 50 करोड़ लोगों के जनधन अकाउंट खोल दिए गए, जिससे दिल्ली से सरकार कोई पैसा भेजती है तो सीधे अकाउंट में जाए। बीच में कोई दलाल डकैती न डालने पाए। पीएम आवास योजना में चार करोड़ लोगों को पक्का मकान दिया गया है। हम लालू जी से कहेंगे, आप संख्या बढ़ाइए। मोदी जी फ्री में मकान दे ही रहे हैं। अगले पांच वर्ष में तीन करोड़ और आवास देंगे। यूपी व बिहार को इसका सर्वाधिक लाभ भी मिलेगा।

#### पीएम मोदी ने विश्व में पढ़ाया भारत का गौरव, किया देश का ऐतिहासिक विकास: योगी

सोमवार को नवादा जिले के अकबरपुर में नवादा लोकसभा के राजग उम्मीदवार विवेक ठाकुर के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 400 सांसदों के साथ तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बने ,इसके लिए जरूरी है कि विवेक ठाकुर को नवादा से भारी बहुमत के साथ विजय बनाएं ।उन्होंने कहा कि नवादा सप्त ऋषियों की साधना भूमि ,बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ कृष्णा सिंह की जन्मभूमि ,लोकनायक जयप्रकाश नारायण की कर्मभूमि रही है। जिसके लिए यहां के लोग सच्चाई पर भरोसा कर विकसित भारत का सपना पूरा करने में विवेक ठाकुर को भारी बहुमत से जिताएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 वर्षों में गरीबी दूर करने के लिए व्यापक कार्य किए हैं। देश की सुरक्षा बढ़ाने के साथ ही विश्व में भारत का नाम रोशन किया है। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त अनाज ,60 करोड़ गरीबों को मुफ्त शौचालय, करोड़ों गरीबों को आयुष्मान योजना के तहत मुफ्ती इलाज की व्यवस्था,40 करोड़ गरीबों को गैस का मुफ्त कनेक्शन देकर एक बड़ा जन कल्याणकारी कार्य किया है ।उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में भारत का संविधान लागू नहीं होता था। जिस कारण धारा 370 हटाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर को भारत का एक अंग के रूप में स्थापित किया। अब जम्मू- कश्मीर में भी भारत का कोई नागरिक जमीन खरीद सकता है। जो सुविधा पूर्व में नहीं थी।

#### मां सीता के मायके के लोगों से भेदभाव नहीं होगा

सीएम योगी ने कहा कि कोरोना के दौरान बिहार के लोग अन्य राज्यों से निकल रहे थे तो हमने कहा कि यह मां सीता के मायके के लोग हैं, उनसे भेदभाव नहीं होगा। जो सुविधा उप्र वासियों को मिले, वही सुविधा बिहार वालों को भी मिले। यूपी में मिली सुविधा की सभी लोगों ने सराहना की थी। सीएम योगी ने कहा कि राजद के समय बिहार के सामने पहचान का संकट हो गया था। उन्होंने वही गुंडाराज फिर से लागू करने का प्रयास किया, लेकिन यूपी में गुंडों को लटका दिया जाता है। मिर्च का झोंका अलग से लगा दिया जाता है। वे गले में तख्ती लगाकर चलते हैं कि एक बार जान बख्श दो, अब कोई गलती नहीं होगी। एक तरफ श्रद्धालुओं के लिए अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर बनवाया तो दूसरी तरफ बड़े-बड़े माफिया को राम नाम सत्य की यात्रा पर भी भेज दिया। बोलचाल में हम राम-राम और जयश्री राम बोलते हैं, लेकिन देश के खिलाफ साजिश करने वालों का राम नाम सत्य भी करते हैं।

## लोकसभा में महिलाओं को उचित सम्मान देने में

# राजनीतिक दल कर रहे कंजूसी

**अभी तक उत्तर प्रदेश में पॉलीटिकल पार्टी की ओर से उम्मीदवारों की जितनी लिस्ट आई हैं सबमें महिलाएं ताक पर ही दिखी हैं**

- संसद में जोरशोर के साथ महिला आरक्षण विधेयक पारित हो चुका है
- इसके बाद महिलाओं के लिए संसद में आरक्षण का रास्ता साफ हो गया है
- लेकिन 2024 लोकसभा चुनाव में महिलाओं को टिकट देने में किसी भी पॉलीटिकल पार्टी ने दरियादिली नहीं दिखाई



जन एक्सप्रेस | डॉ.वैभव शर्मा

**लखनऊ।** यूं तो सार्वजनिक मंच पर लगभग सभी राजनीतिक दल महिलाओं का हितैषी बनने का दावा करते हैं लेकिन 2024 लोकसभा चुनाव में लोकसभा में अभी तक आधी आबादी को उचित प्रतिनिधित्व देने के लिए किसी भी पॉलीटिकल पार्टी ने दरियादिली नहीं दिखाई है। संसद में जोरशोर के साथ महिला आरक्षण विधेयक पारित हो चुका है। इसके बाद महिलाओं के लिए संसद में आरक्षण का रास्ता साफ हो गया है। लेकिन, जब बात होती चुनावों में महिलाओं को टिकट देने की तो इसमें राजनीतिक दल तुरंत कंजूसी दिखाने लगते हैं। इस लोकसभा चुनाव में भी हालात कुछ अलग नहीं हैं। अभी तक उत्तर प्रदेश में राजनीतिक दलों की ओर से उम्मीदवारों की जितनी लिस्ट आई हैं सबमें महिलाएं ताक पर ही दिखी हैं।

#### अभी तक भाजपा ने 7 और कांग्रेस ने 1 को दिया टिकट

भाजपा ने उत्तर प्रदेश में 80 में से 71 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। इनमें से महिला प्रत्याशियों की संख्या केवल 7 है। वहीं, अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी (सपा) के 50 उम्मीदवारों में महिला प्रत्याशी केवल 9 हैं। बाकी दलों का हाल भी कुछ अलग नहीं है। मायावती की बसपा 45 सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान कर चुकी है और इनमें महिला उम्मीदवार केवल 3 हैं। कांग्रेस के 14 प्रत्याशियों में केवल 1 महिला नेता को टिकट मिला है। हालांकि, यह कुछ नया नहीं है। पहले भी ऐसी ही तस्वीर बनती रही है।

#### पिछली बार कांग्रेस ने अधिक महिलाओं को दिया था टिकट

2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 78 सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे और इनमें से 10 महिलाएं थीं। कांग्रेस ने 67 सीटों पर चुनाव लड़ा था और 12 महिला नेताओं को टिकट दिए थे। सपा और बसपा ने पिछला चुनाव साथ मिलकर लड़ा था। सपा ने 37 सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे और 6 महिलाओं को उम्मीदवार बनाया था तो बसपा के 38 उम्मीदवारों में से 4 महिलाएं थीं। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए केवल सपा में ही महिला उम्मीदवारों की संख्या में कुछ बढ़ोतरी देखी गई है। बाकी दलों में महिला उम्मीदवारों की संख्या में गिरावट ही देखी गई है।

#### मतदान करने में महिलाएं पुरुषों से आगे

राजनीतिक दल महिला नेताओं को टिकट देने में भले ही कंजूसी बरतते हों लेकिन मतदान करने की बात आती है तो महिलाएं पुरुषों से आगे ही रही हैं। पिछले चुनाव के आंकड़े देखें तो पता चलता है कि यूपी में 59.56 प्रतिशत महिलाओं ने वोट डाले थे। वहीं, वोट डालने वाले पुरुष मतदाताओं की हिस्सेदारी 58.52 प्रतिशत रही थी। यानी वोट डालने वाली महिलाओं की संख्या पुरुष मतदाताओं के मुकाबले 1.04 प्रतिशत ज्यादा रहा था। ऐसे में एक अहम सवाल यह उठता है कि क्या राजनीतिक दल हमेशा की तरह अब भी महिलाओं को वोट बैंक की तरह ही देख रहे हैं।

### बीजेपी नेताओं में थप्पड़बाजी जिला उपाध्यक्ष और मीडिया प्रभारी के बीच हाथापाई

जन एक्सप्रेस। अमरोहा

भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर राज्यमंत्री बृजेश सिंह की पत्रकार वार्ता पहले जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार और जिला मीडिया प्रभारी रमेश कलाल के बीच मारपीट हो गई। पंद्रह मिनट तक जमकर हंगामा हुआ। सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी और जिलाध्यक्ष ने बीच बचाव कराया। राज्यमंत्री को भी हस्तक्षेप करना पड़ा। भाजपाइयों के बीच हुई मारपीट को पत्रकारों ने अपने मोबाइल में कैद कर लिया। जबकि, भाजपा कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी पूरी घटना कैद हो गई। अचानक हुई मारपीट के बाद हर कोई अचंभित रह गया। भाजपा जिला कार्यालय पर सोमवार की सुबह 11 बजे पीडब्ल्यूडी विभाग के राज्यमंत्री बृजेश सिंह की प्रेस कॉन्फ्रेंस थी। राज्यमंत्री अपने तय समय पर कार्यालय पहुंच गए। पहले तो दो पत्रकारों को देखकर राज्यमंत्री बृजेश सिंह ने जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी और जिला मीडिया प्रभारी रमेश कलाल से नाराजगी जाहिर की। इसके बाद बाकी पत्रकारों को बुलाने की बात कह कर दूसरे कमरे में जाकर बैठ गए।

### यूपी में गर्मी और संक्रामक रोगों की निगरानी बढ़ी, लू के मरीजों की देखभाल के भी निर्देश

- अप्रैल माह में एक ही स्थान पर बड़ी संख्या में मरीज मिलने की कोई घटना नहीं हुई

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



उत्तर प्रदेश में गर्मी के तेवर तीखे होते जा रहे हैं। ऐसे में लू के साथ ही अन्य संक्रामक बीमारियां फैलने की आशंका बढ़ गई है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की ओर से गर्मी जनित बीमारियों के साथ ही संक्रामक रोगों के प्रति निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग (एफएसडीए) को भी निरंतर खाद्य पदार्थों की जांच करते रहने के लिए कहा गया है। हालांकि अप्रैल माह में एक ही स्थान पर बड़ी संख्या में मरीज मिलने की कोई घटना नहीं हुई है। प्रदेश के सभी अस्पतालों में गर्मी की वजह से होने वाली बीमारियों को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। कमरों को ठंडा रखने के लिए एसी और कूलर की व्यवस्था की गई है। लू के मरीजों को भर्ती करने के लिए सभी अस्पतालों में वार्ड तैयार किए गए हैं। इस मौसम में विभिन्न तरह के खाद्य पदार्थों के जरिये संक्रामक रोग फैलने की भी आशंका रहती है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी मुख्य चिकित्साधिकारियों एवं अधीक्षकों को नए सिरे से निर्देश जारी किए हैं। इसमें निर्देशित किया है कि लू के मरीजों की यह भी जांच की जाए कि वे किन परिस्थितियों में उल्टी दस्त के शिकार हुए हैं।

#### संचारी रोग अभियान के दौरान विशेष जागरूकता

प्रदेश में 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में प्रमुख सचिव ने अभियान के दौरान गर्मी जनित और संक्रामक बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया है। इसमें स्वास्थ्य विभाग के साथ 12 अन्य विभागों की टीमें भी जुड़ी हैं। विभिन्न विभागों के समन्वय से प्राथमिकता के आधार पर लोगों को बीमारी के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## नगर निगम की भूमि पर प्रॉपर्टी डीलरों का कब्जा, विकसित हो रही अवैध प्लाटिंग

जन एक्सप्रेस | विश्वामित्र पांडेय

- क्षेत्रीय प्रॉपर्टी डीलर व नगर निगम के राजस्व अधिकारियों की मिलीभगत से बेची जा रही सुरक्षित खाते नाले व तालाब की जमीन
- नगर आयुक्त के बेदाग दामन को दागी बनाने की कोशिश में नगर निगम के कुछ राजस्व अधिकारी!




**लखनऊ।** नगर निगम में राजस्व टीम की नियुक्ति ही इस मंशा के साथ की गई है कि नगर निगम खुद अपनी राजधानी में खरबों की लावारिश पड़ी भूमि को सुरक्षित कर उनका ब्योरा अपने पास सुरक्षित रख सके। लेकिन नगर निगम की राजस्व टीम में भी कुछ भ्रष्ट अधिकारियों की एंट्री हो चुकी है। धन लोभ के कारण ये अधिकारी अपना ईमान बेचने को तैयार से बैठे हैं और नगर आयुक्त के बेदाग दामन को दागी करने का प्रयास कर रहे हैं। नगर निगम जोन आठ के संबंधित अधिकारियों की लापरवाही से नाले व तालाब की जमीन बेचकर क्षेत्रीय प्रॉपर्टी डीलर द्वारा मोटी रकम कमाई का रही है। इस खेल में नगर निगम के जोन आठ के एक राजस्व अधिकारी द्वारा प्रॉपर्टी डीलर को पूरा संरक्षण दिया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार पूर्व में सरोजनी नगर तहसील क्षेत्र व वर्तमान में नगर निगम जोन आठ के हरिहरपुर में खसरा संख्या 635 रकबा करीब 3 बीघा 10 विश्वा जो राजस्व अभिलेखों में नाले के नाम दर्ज है, जिस पर अवैध कब्जेदारों द्वारा जबरन कब्जा कर अवैध निर्माण किए गए हैं और अभी भी किए जा रहे हैं। निर्माण किए गए मकानों और निर्माणाधीन भवनों की अधिकारियों को जानकारी होने के बाद भी कोई कार्यवाही न करना विभागीय अधिकारियों पर बड़ा प्रश्न चिन्ह खड़ा कर रहा हैं। इसी तरह हरिहरपुर में खसरा संख्या 290 रकबा लगभग 7 विश्वा जो राजस्व अभिलेखों में सुरक्षित भूमि तालाब के नाम दर्ज है। जिस पर? अवैध कब्जेदारों द्वारा किए गए निर्माण या हो रहें निर्माण की शिकायत होने पर नगर निगम के संबंधित अधिकारियों ने पैमाइश कर नोटिस दी थी। यही नहीं कार्यवाही न होने से पुन~ शिकायत होने पर नायब तहसीलदार ने सिर्फ मौखिक जांच की। जानकारों की माने तो नायब तहसीलदार नीरज कटियार द्वारा कुछ माह पूर्व ही एक ऐसा कारनामा किया गया जो आने वाले समय में उनके ही गले की फांस भी बन सकता है। जबकि नायब तहसीलदार खुद को अभी नवनियुक्त ही मानते हैं।

> मैं करीब दो महीने पहले आया हूं, मेरी जानकारी में है कि खसरा संख्या 635 व 290 पर अवैध अतिक्रमण है जल्द ही इन दोनों नंबरों की जमीन को सुरक्षित किया जाएगा, और मेरा अभियान भी रहेगा कि हर हफ्ते हरिहरपुर में अवैध कब्जा हटाकर सरकारी जमीन को सुरक्षित किया जाएगा।
> **- नीरज कटियार, नायब तहसीलदार नगर निगम**

> हरिहरपुर गांव में 290 जो तालाब में दर्ज है इस पर अतिक्रमण पाया गया है, जल्द ही यहां सीमांकन होगा जिसके बाद कार्यवाही की जाएगी, वहीं 635 जो नाले के नाम दर्ज है जिसकी रिपोर्ट आने पर जानकारी दी जाएगी।
> **- अनूप गुप्ता, लेखपाल हरिहरपुर**

> जानकारी मिली है कि हरिहरपुर में गाटा संख्या 290 और 630 में कुछ समस्या है लेकिन इसको पता करके ही कुछ बता सकते हैं, शिकायत मिली थी जल्द ही पैमाईश कराई जाएगी।
> **-संजय कनौजिया, तहसीलदार नगर निगम**

### कल दोपहर 12 बजकर 16 मिनट पर रामलला का अभिषेक करेंगी सूर्य किरणें, सुबह 3.30 बजे से होंगे दर्शन

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

रामनवमी के दिन राम लाल भक्तों को 19 घंटे दर्शन देंगे श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने केवल राम जन्मोत्सव के दिन यानी 17 अप्रैल को ही दर्शन की अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया है। राम जन्मोत्सव के दिन सुबह 3:30 बजे से ही भक्त दर्शन के लिए लाइन में लग सकेंगे। रात 11 बजे तक श्रृंगार, राग-भोग व दर्शन साथ-साथ चलते रहेंगे। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि बताया कि श्रीराम नवमी महोत्सव के दौरान मंगला आरती के बाद ब्रह्म मुहूर्त में अति प्रातः 3:30 बजे से अभिषेक, श्रृंगार एवं दर्शन साथ-साथ चलते रहेंगे।

# अकाउंटेंट के खिलाफ जांच की मांग को लेकर किसान नेता जल्द करेंगे प्रदर्शन

**✻ भ्रष्ट कर्मचारियों पर कार्रवाई न होने से उपभोक्ताओ में आक्रोश, जल्द करेंगे उच्च अधिकारियों से शिकायत**

जन एक्सप्रेस । शत्रुघ्न सिंह यादव

**उरई/जालौन।** बिजली विभाग में तैनात भ्रष्ट कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई न होने से उनके हौसले बुलंद हैं और वह लगातार उपभोक्ताओं का उत्पीड़न कर रहे हैं। जिससे उपभोक्ताओं व किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे उपभोक्ताओ में आक्रोश व्याप्त है। जिसको लेकर किसान नेता जल्द आंदोलन करेंगे। किसानों का आरोप है कि दो कर्मचारी (जय व बीरू) की वजह से बिजली विभाग में भ्रष्टाचार व्याप्त था। उनमें से सिर्फ एक पर कार्रवाई हुई और अकाउंटेंट अभी भी इस सीट पर धड़ल्ले से कम कर रहा है। उन्होंने मांग की है कि जल्द अकाउंटेंट के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाए। जिससे कि बिजली विभाग में फैली भ्रष्टाचार की जड़ों को पूर्णता समाप्त किया जा सके।

जनपद के ऊर्जा भवन में तैनात अकाउंटेंट व सीए की जोड़ी भ्रष्टाचार के लिए खूब प्रसिद्ध थी। दोनो को जय व बीरू की जोड़ी के नाम से भी जाना जाता था। स्थिति यह थी कि दोनों की जुगलबंदी इतनी जबरदस्त थी कि उनके उत्पीड़न से न सिर्फ उपभोक्ता बल्कि वहां तैनात कर्मचारी भी परेशान थे। दोनों की जुगलबंदी के बिजली विभाग में कोई काम बिना पैसों के नहीं हो सकता था। कई बार इन कर्मचारियों की शिकायत बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों से भी की गई। लेकिन उनकी ऊंची पहुंच के चलते उनके खिलाफ ना तो कोई कार्रवाई हुई और ना ही उन्हें तैनात सीटों से हटाया गया। जिससे इन्होंने उपभोक्ताओं व किसानों की खून पसीने की कमाई को खूब मिलकर लूट। हाल ही में एक किसान ने उनके उत्पीड़न से परेशान होकर झांसी एंटी करप्शन ब्यूरो से शिकायत की और एक जोड़ीदार को रंगे हाथों रिश्वत लेते एंटी करप्शन टीम ने पकड़ा। जिसके बाद विभाग में हड़कंप मच गया। लेकिन सिर्फ एक पर कार्रवाई होने से उपभोक्ताओं में निराशा का माहौल है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि सिर्फ एक पर कार्रवाई होने से बिजली विभाग के भ्रष्टाचार को समाप्त नहीं किया जा सकता। आरोप है कि तैनात अकाउंटेंट कुमार के खिलाफ विभागीय जांच की जाए और आरोपी बाबू के द्वारा ली गई सभी फाइलों की जांच की जाए। जिससे कि उपभोक्ताओं को उनके उत्पीड़न से राहत मिल सके। लोगों का कहना है बाबू के खिलाफ तो एंटी करप्शन ने कार्रवाई की कर दी है, लेकिन अकाउंटेंट के खिलाफ कोई कार्रवाई न होने से किसानों व उपभोक्ताओं अभी ही जारी हैं। इससे किसानों में नाराजगी व्याप्त है। किसानों का कहना है कि अगर अकाउंटेंट के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई तो जल्द ही वह प्रदर्शन व उच्च अधिकारियों से करेंगे। जिससे कि बिजली विभाग के भ्रष्टाचार को पूर्णता समाप्त किया जा सके।

### अकाउंटेंट के खिलाफ हुई जाँच, तो फाइले खोलेंगी कई राज

**उरई।** अकाउंटेंट के खिलाफ अगर जांच हुई तो कई फाइले ऐसी है जो बिजली विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर करेंगे। आरोप है क्या यही वजह है कई शिकायतों के बाद भी अकाउंटेंट के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती।

### हर काम करता है रेट

**उरई।** किसान ओमप्रकाश तिवारी का कहना है कि बिजली विभाग का भ्रष्टाचार किसी से छुपा नहीं है। वहां हर काम का भ्रष्ट कर्मचारियों ने रेट तय कर रखा है। जिससे न चाहते हुए भी किसानों को जूझना पड़ता है।

### अधीक्षण अभियंता को खास बताकर बनता है दबाव

**उरई।** भ्रष्टाचार के आरोप में धिरे अकाउंटेंट अपने आप को अधीक्षण अभियंता का खास बताकर न सिर्फ उपभोक्ताओं से रंगबाजी दिखता है बल्कि अधीनस्थ कर्मचारियों को भी इसका डर दिखाकर धन की उगाही करता है। कहता है जब तक अधीक्षण अभियंता जनपद में तैनात है। उसका कोई कुछ भी नहीं बिगाड़ सकता।

### एक पर कार्यवाही से नहीं बनेगी बात

**उरई।** किसान वीरेंद्र का कहना है कि बिजली विभाग में भ्रस्ट कर्मचारियों की कमी नहीं है, लेकिन सिर्फ एक कर्मचारी पर कार्रवाई होने से बात नहीं बनेगी।

# डीएम ने मतगणना स्थल, पार्टी रवानगी स्थल व स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । उरई



लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, सकुशल, शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कालपी रोड नवीन गल्ला मंडी में मतगणना स्थल, पार्टी रवानगी स्थल, स्ट्रांग रूम आदि का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्ट्रांग रूम और उसकी सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में विस्तार से जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि शीघ्र ही शत-प्रतिशत तैयारियां पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने स्ट्रांग रूम से संबंधित सभी कक्षों को रंगाई पुताई व साफ सफाई कर सुव्यवस्थित करने को कहा। इसके साथ ही परिसर की नियमित साफ-सफाई व प्रकाश व्यवस्था और बैरिकेडिंग आदि व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि रूट प्लान तैयार करते हुए वाहन पार्किंग की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। निर्वाचन ड्यूटी में तैनात कार्मिकों के लिए पेयजल सहित सभी मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित रहें। जिससे उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या न हो। इसके उपरांत राजकीय मेडिकल कॉलेज में पहुंचकर 22 अप्रैल से होने वाले मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण हेतु व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने निर्देशित किया कि कार्मिकों को बेहतर ढंग से मास्टर ट्रेनों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाए। इस अवसर पर सीडीओ शिवाकांत द्विवेदी, उप निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार, जिला विकास अधिकारी सुभाष चंद्र त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी अमित सक्सेना सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## सैनी में सगाई से दो दिन पहले करंट की चपेट में आई युवती, मौत

जन एक्सप्रेस । कौशांबी

सैनी कोतवाली के ननसेनी गांव में रविवार सुबह पानी की मोटर का प्लग लगाते समय एक युवती करंट की चपेट में आ गई। अस्पताल पहुंचने ही युवती की सांसें थम गईं। दो दिन बाद उसकी सगाई होनी थी। घर में मांगलिक कार्यों की खुशियां मातम में बदल गईं। ननसेनी गांव की रहने वाली मनू मौर्या (22) पुत्री स्व. राम प्रसाद मौर्य रविवार की सुबह घर में पानी की मोटर चलाने के लिए बिजली के बोर्ड में प्लग लगा रही थी। इसी दौरान वह अचानक करंट की चपेट में आ गई। गंभीर रूप से झुलसी मनु को परिजन इलाज के लिए सीएचसी सिराथू ले गए। जहां, चिकित्सकों ने युवती को मृत घोषित कर दिया। युवती की मौत के बाद परिजन रोने-बिलखने लगे। मनु अपने तीन भाइयों के बीच अकेली बहन थी। दो दिन बाद उसके सगाई की रस्म होनी थी।

## शिनाख्त : बम्हरौली की महिला का था बिदनपुर में रेलवे ट्रैक पर मिला शव

जन एक्सप्रेस । कौशांबी

कोखराज के बिदनपुर गांव के समीप रेलवे ट्रैक पर मिले शव की पहचान हो गई है। शव बम्हरौली गांव की अनारकली का था। महिला की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई थी। वह बेटी के घर टीकरडीह जाते समय हादसे का शिकार हुई थीं।

बिदनपुर गांव के समीप रेलवे ट्रैक पर शनिवार सुबह एक महिला का क्षत-विक्षत शव पड़ा मिला था। शिनाख्त नहीं होने पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। महिला के हाथ में बिंदेश्वरी नाम गोदा था। खोजबीन करते हुए रविवार को कोखराज कोतवाली के गिरधरपुर बम्हरौली निवासी बिंदेश्वरी शहजादपुर पुलिस चौकी पहुंचे।

पुलिस कर्मियों ने उन्हें वह फोटो दिखाई, जिस महिला का रेल ट्रैक पर शव मिला था। फोटो देख बिंदेश्वरी ने उसकी पहचान अपनी पत्नी अनारकली के रूप में की। बताया कि शनिवार को अनारकली अपनी बेटी के घर टीकरडीह टिकरी गांव जा रही थीं। बिदलपुर गांव के समीप रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हुई होगी। घटना के बाद से पीड़ित परिजनों की रो-रोकर हालत खराब है। करारी कोतवाली के सादिकपुर सेमराहा निवासी मोहनलाल ने बताया कि उनके पिता कल्लू 9 अप्रैल की सुबह घर से बाहर निकले थे। उसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल रहा है। शनिवार को पीड़ित पुत्र ने कोतवाली पहुंचकर गुमशुदगी की तहरीर दी। पुलिस कर्मियों ने उन्हें वह फोटो दिखाई, जिस महिला का रेल ट्रैक पर शव मिला था। फोटो देख बिंदेश्वरी ने उसकी पहचान अपनी पत्नी अनारकली के रूप में की। बताया कि शनिवार को अनारकली अपनी बेटी के घर टीकरडीह टिकरी गांव जा रही थीं। बिदलपुर गांव के समीप रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हुई होगी।

## घर के बाहर लेटे किसान पर चार लोगों ने किया हमला, मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जयरामपुर में घर के बाहर लेटे किसान के ऊपर चार लोगों ने लाठी डंडे से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया, और घायल किसान ने घटना की नामजद तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। कोतवाली के ग्राम जयरामपुर निवासी गोविंद उर्फ़ प्रभु पुत्र विशम्भर ने कोतवाली में कोतवाली पहुंच कर पुलिस को शिकायती पत्र दिया। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि बीती रात करीब 9 बजे वह अपने घर के बाहर चारपाई पर लेटा हुआ था। तभी विपक्षी गाली गलौज करने लगे, और विरोध करने पर एक राय हुए सुधर सिंह, हल्के, धर्म सिंह व आकाश ने लाठी डंडों से हमला कर दिया, जिससे पीड़ित को गम्भीर चोटे आई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर हमलावरों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

**फर्जी जन्म प्रमाण पत्र केस**

# आजम खान की अर्जी पर हाईकोर्ट में हुई सुनवाई वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने की बहस

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

फर्जी जन्म प्रमाणपत्र मामले में मिली सजा के खिलाफ हाईकोर्ट ने दाखिल पुनरीक्षण याचिका पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के जानेमाने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल में आजम खान परिवार का पक्ष रखते हुए अपनी बहस पूरी की। उन्होंने फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले को राजनीति से प्रेरित बताया है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट में सपा नेता आजम खान उनकी पत्नी तंजीम फातिमा और बेटे अब्दुल्ला आजम खान की ओर से दाखिल याचिका पर सोमवार सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल में आजम खान परिवार की ओर से पक्ष रखा। कहा कि आजम खान की ओर से जन्म प्रमाण पत्र में जन्मतिथि का विधिपूर्वक संशोधन कराया गया है। फर्जी प्रमाण पत्र बनाए जाने का आरोप बेबुनियाद है।

मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की अदालत कर रही है। सपा नेता आजम खान, उनकी पत्नी डॉ तंजीम फातिमा और बेटे अब्दुल्ला आजम खान ने रामपुर जिला जज की ओर से सात साल की सुनाई गई सजा की पुष्टि करने वाले आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

गौरतलब है कि आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम पर दो अलग-अलग बर्थ सर्टिफिकेट रखने का आरोप हैं। एक सर्टिफिकेट 28 जून 2012 को जारी हुआ जो रामपुर नगर पालिका ने जारी किया। इसमें अब्दुल्ला के जन्मस्थान के रूप में रामपुर को दिखाया गया है। जबकि दूसरा जन्म प्रमाण पत्र जनवरी 2015 में जारी किया गया। इसमें अब्दुल्ला के जन्मस्थान को लखनऊ दिखाया गया है।

समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान, उनकी पत्नी तज़ीन फातिमा और बेटे अब्दुल्ला आजम को रामपुर की जिला अदालत ने 2019 के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में दोषी ठहराया और सात साल की सजा सुनाई थी। इस मामले में आजम खान का पूरा कुनबा जेल की सलाखों के पीछे है।

फर्जी जन्म प्रमाणपत्र मामले में मिली सजा के खिलाफ हाईकोर्ट ने दाखिल पुनरीक्षण याचिका पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के जानेमाने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल में आजम खान परिवार का पक्ष रखते हुए अपनी बहस पूरी की। उन्होंने फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले को राजनीति से प्रेरित बताया है। दलील दी है कि यह मामला जन्म प्रमाणपत्र में संशोधन का है न की फर्जी प्रमाण पत्र बनवाने का। आजम परिवार की ओर से पूरी हुई बहस के बाद प्रतिवादी और राज्य सरकार की ओर से बहस के लिए कोर्ट ने 22 अप्रैल की तिथि नियत की है।

भाजपा नेता आकाश सक्सेना ने वर्ष 2019 में रामपुर जिले के गंज थाने में अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो जन्म प्रमाणपत्र रखने के मामले में कूटरचना, धोखाधड़ी समेत कई अपराधिक धाराओं में एफआईआर दर्ज करवाई थी।

इस मामले में अब्दुल्ला के पिता आजम खान और मां तजीन फातिमा को भी आरोपी बनाया गया था। आरोप लगाया कि अब्दुल्ला ने पहले जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर पासपोर्ट हासिल करने और विदेशी दौरे करने के लिए दूसरे प्रमाण पत्र का इस्तेमाल किया था।

# भाकियू ने की ब्लाक एवं तहसील स्तर पर दलहन, तिलहन क्रय केन्द्र खोलने की मांग

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट




भारतीय किसान यूनियन की मासिक किसान पंचायत तहसील परिसर राजापुर एवं मऊ में हुई। जिसमें किसान समस्याओं को लेकर उप जिलाधिकारी राजापुर प्रमोद कुमार झा को ज्ञापन सौंपा गया। तहसील प्रभारी शिवदयाल सिंह बघेल व मण्डल उपाध्यक्ष उदयनारायण सिंह ने कहा कि चिल्ली मल पम्प कैनाल को सुचारू रूप से चलाया जाए। जिससे किसान ग्रीष्म ऋतु की फसलों जैसे मूंग, उड़द एवं सब्जियों की रोपाई कर सके। साथ ही गौशालाओं से जानवरों को न छोड़ा जाए। जिससे फसलों का किसान लाभ ले सकें। दर्जनों गांवों के किसानों ने गर्मी की फसलों को तैयार करने की इच्छा जाहिर की है। तहसील प्रभारी नीलकंठ द्विवेदी ने बताया कि मऊ क्षेत्र में बेमौसम भारी बारिश से किसानों की फसलों को काफी नुकसान हुआ हैं। किसानों में मायूसी है। दर्जन भर गाँवों लौधारा, बरेठी, हनुमानगंज, ददरी, खंडेहा का सर्वे कराते हुए मुवावजा दिलाया जाए। सदर तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि गल्ला मंडी कर्वी में किसानों की दलहन फसलों चना, मसूर, सरसों की फसलों को व्यापारियों द्वारा गुमराह कर खरीद की जा रही हैं। जिससे किसानों को फसलों का उचित मूल्य जो सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है वो नही मिल पा रहा है। साथ ही फसलों की तौल में भी घटतौली की जा रही है जो सरकारी आंकड़ों के विरुद्ध है। जिसको त्वरित कार्यवाही करते हुए किसानों को उचित मूल्य पर फसलों के दाम मिल सके। जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि बुंदेलखंड दलहन एवं तिलहन का केन्द्र माना जाता है। जिसकी पैदावार काफी होती हैं। जिसे किसानों को उनकी फसलों को बेचने में काफी दिक्कत होती हैं। ऐसे में भाकियू जिला प्रशासन से मांग करता है कि दलहन, तिलहन क्रय केन्द्र ब्लॉक एवं तहसील पर खोले जाए। जिससे किसानों को उनकी फसल का उचित दाम मिक सकें। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष विनय कुमार त्रिपाठी, जिला कोषाध्यक्ष नरेश त्रिपाठी, बब्बू माली, शत्रुघ्न सिंह, देवनारायण यादव, अजीत सिंह, राजकुमार, सन्तोष कुमार, कमलेश, रामेश्वर, शिव सिंह, छेदीलाल, रामशरण, राजपूत आदि मौजूद रहे।

## नौ दिवसीय गायत्री साधना की पूर्णाहूति 17 को

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** गायत्री शक्ति पीठ के व्यवस्थापक डॉ रामनारायण त्रिपाठी ने बताया कि आगामी 17 अप्रैल को नौ दिवसीय गायत्री साधना की पूर्णाहूति गायत्री शक्तिपीठ में होगी। इस दौरान सामूहिक ब्रतवन्ध संस्कार भी होगा। सायं काल 6 बजे से दीप प्रज्जवलन चित्रकूट गौरव दिवस पर सरयू धारा क्षेत्र पर तैयारी होंगी। 7 बजे दीप दान दीपयज्ञ के उत्सव के साथ होगा। उन्होंने कहा कि गायत्री शक्तिपीठ परिक्षेत्र में भी सभी से आग्रह किया जा रहा है कि विगत वर्षों की तरह इस साल भी उसी उत्साह से पर्व रामनवमी भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाये। सभी चित्रकूट वासियों को गौरव प्रदान करते हुए प्रभु ने साढ़े ग्यारह वर्ष चित्रकूट मे संकट का समय बिताया था। अब अपने धाम आयोध्या में 500 वर्षो बाद प्रभु श्रीराम पधार चुके हैं तो हम चित्रकूट वासी भी गौरव अनुभव करने मे पीछे न रहें।

# प्रभु श्री राम के बाल लीलाओं की कथा सुन आनंदित हो उठे श्रोतागण

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



परमहंस संत रणछोड दास द्वारा जानकीकुंड में स्थापित श्री रघुवीर मंदिर ट्रस्ट बड़ी गुफा में अरविंद भाई मफत लाल की जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में चल रही नौ दिवसीय कथा में मिथिला धाम से पधारे किशोरी शरण मधुकर महाराज (मुढ़िया बाबा सरकार) राम कथा का गान कर रहे है।

किशोरी शरण मधुकर महाराज ने कथा के छठवें दिन प्रभु श्री राम की बाल लीलाओं को सुनाते हुए बताया कि प्रभु श्री राम जन्म के समय सारे अयोध्या में बधाई और उत्सव मनाया जाता है। प्रभु श्रीराम की बाल लीलाएं देखने के लिए सारे देवी देवता नजर गडाए रहते थे। उधर भगवान शिव को प्रभु के दर्शन की मन में लालसा जागृति होती है तो भोलेनाथ एक वृद्ध ब्राह्मण का भेष बनाते है और काग भुसुंड को अपना चेला बनाते है और अयोध्या पहुंच जाते है। साथ ही अयोध्या वासियों की हस्त रेखा देख कर उसके बारे में बताने लगते है। जिससे पूरे नगर में हो जाता है कि बहुत बडे ब्राह्मण आए है हस्त रेखा देखकर सब कुछ बताते हैं। यह खबर राजा दशरथ के महल में दास दासियों के माध्यम से पहुंच जाती हैं, उनको बुलाया जाता है। तीनों रानियां चारो राजकुमारों को लेकर शिव के पास आती है। शिव जी प्रभु के पैर छूना चाहते है मगर पैर प्रभु छुपा लेते तब काग भुसुंड कहते है भोले नाथ से प्रभु आशीर्वाद दीजिए अन्यथा पोल खुल जाएगी। शिव जी प्रभु राम को मन ही मन प्रणाम करते है और गोद में लेकर जन्म से विवाह तक की बात मां कौशिल्या को बताते है और कहते है जब मुनि विश्वामित्र इनको लेने आए तब समझ लेना इनके विवाह का समय आ गया। विवाह तक की बात बताकर भोलेनाथ चले जाते है। कथा वाचक ने बताया कि मां कौशील्या प्रभु श्रीराम को सुलाकर पूजा घर जाती है तो वहां भी राम जी उनको दिखते है और जहां सो रहे थे वहां भी इस तरह प्रभु मां कौशील्या को अपने विराट रूप का दर्शन कराते है। इसके बाद चारो भाइयों का नाम करण होता है। प्रभु परमात्मा का सारी दुनिया नाम जपते है के इस नाम का सभी नर नारी साधु संत जपने लगे।

## घर में घुसकर किया जानलेवा हमला, आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** नगर के मोहल्ला रामचबूतरा घर में घुसकर हमला करने की घटना के मामले में पीड़ित के द्वारा नामजद आरोपी के खिलाफ कोतवाली मे मुकदमा दर्ज कराया गया है। नगर के मोहल्ला रामचबूतरा निवासी संजीव कुमार गौतम पुत्र राजेंद्र कुमार ने कोतवाली में तहरीर दी। जिसमें आरोप लगाया कि मेरी पुत्री व आरोपी आफाक एक ही स्कूल में पढ़ते थे। आरोप है कि बीते दिन रविवार की दोपहर पीड़ित की पुत्री घर में अकेली थी। तभी आरोपी घर के अंदर घुस गया और पुत्री को परेशान करने लगा। इतना ही नहीं बल्की विरोध करने पर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। शोर गुलशन कर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने आरोपी से मेरी पुत्री को बचाया। फिलहाल पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## अवैध शराब के साथ 6 गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 6 आरोपियों को 345 लीटर कच्ची व 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया।

राजापुर थाने के उप निरीक्षक इमरान खान तथा उनकी टीम द्वारा विजमा देवी निवासी राजापुर को 120 लीटर कच्ची शराब के साथ किया गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार उप निरीक्षक कृष्णदेव मिश्रा तथा आबकारी टीम द्वारा रामबाबू निषाद निवासी रगौली को 145 लीटर कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा पहाड़ी थाने के उप निरीक्षक मातादीन एवं आरक्षी आशीष व महिला आरक्षी रेखा द्वारा चुनकौना निवासी परसौंजा को 20 लीटर कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया गया। मऊ थाना प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पाण्डेय तथा आबकारी टीम द्वारा राजकुमार उर्फ पट्टू निवासी मवई कलां को 40 लीटर कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरणों के साथ तथा रुपा निवासी बराछी को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। रैपुरा थाने के उप निरीक्षक रविकान्त राय तथा उनके टीम द्वारा संदीप सिंह निवासी रैपुरा को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। रैपुरा थाने के उप निरीक्षक रविकान्त राय तथा उनके टीम द्वारा संदीप सिंह निवासी रैपुरा को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरूद्ध सम्बन्धित थानों में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

## प्रदेश अध्यक्ष का मनाया गया जन्मोत्सव

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** भारतीय जनता पार्टी के उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी का पार्टी कार्यालय भाजयुमो जिलाध्यक्ष विकास मिश्रा हीरो की अध्यक्षता में जन्मोत्सव मनाया गया।

कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो जिला महामंत्री मोहित मिश्रा विकास व प्रमेंद्र प्रताप सिंह ने किया। इस मौके पर कानपुर बुंदेलखंड किसान मोर्चा क्षेत्रीय मंत्री राजीव त्रिपाठी, भाजपा जिला महामंत्री राजेश जायसवाल, जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, जिला मंत्री प्रेमलाल वाल्मीकि, सभासद विनीत पयाशी, शुभम केशरवानी, जिला कार्य समिति सदस्य युवा मोर्चा लवकुश यादव, मंडल महामंत्री आशुतोष गुप्ता, कार्यालय प्रभारी उमादत्त पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# ‘जनता को पीएम की गारंटी पर है भरोसा’

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

लोकसभा चुनाव की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को शुरू होने के साथ ही बांदा-चित्रकूट लोकसभा क्षेत्र में आगामी 20 मई को मतदान होना है। ऐसे में भाजपा ने 14 अप्रैल को अपना घोषणा पत्र जारी किया। जिसे लेकर भाजपा द्वारा हर जगह अपने मंत्रियों और संगठन के कार्यकर्ता के जरिये भाजपा के संकल्प पत्र में क्या खास है और किस प्रकार वह इस लोकसभा चुनाव में 400 का आंकड़ा पार करेगी इसे लेकर पत्रकार वार्ता की जा रही है। सोमवार को एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने भाजपा सांसद आरके सिंह पटेल के साथ चुनाव कार्यालय में पत्रकार वार्ता की। सोमवार को एमएलसी जितेंद्र सेंगर ने बीजेपी के घोषणा पत्र को लेकर कहा कि यह संकल्प पत्र भारत के सुनहरे भविष्य का रोडमैप है। 2014 और 2019 में भी भाजपा ने संकल्प पत्र जारी किया था। दोनों ही बार के संकल्प पत्र में जो लिखा था, उसे हमने पूरा किया है।



### महिलाओं को सशक्त करने का किया जा रहा काम

एमएलसी ने कहा कि आज भाजपा महिलाओं को सशक्त करने का काम कर रही है। राज्य की महिलाएं आज स्वरोजगार के जरिये अपना व्यवसाय करके आत्मनिर्भर बन रही हैं। वहीं उन्होंने कहा कि राम मंदिर का निर्माण जो कि वर्षो से अधर में था उसे पूरा करने का काम भी पीएम मोदी ने किया है।

### एमएलसी ने साधा विपक्ष पर निशाना

एमएलसी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष सिर्फ और सिर्फ नकारात्मक राजनीति करती है। आज विपक्ष मुद्दाविहीन हो चुका इसलिए वह अनर्गल बातें करके जनता का ध्यान भटकाने का काम कर रहे हैं। आज उनके कई नेता अपनी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। इस मौके पर भाजपा जिला प्रभारी अनिल यादव, जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय, अश्वनी अवस्थी, राजेश जायवाल, तीरथ तिवारी, भागवत त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### एमएलसी ने गिनाई उपलब्धियां

जितेंद्र सेंगर ने बताया कि 76 पेज का यह घोषणा पत्र भारत का इतिहास बनेगा। पिछले 10 सालों में जो संकल्प थे वो भाजपा सरकार ने पूरा किया है। हमारे संकल्प पत्र से 25 करोड़ लोग देश में गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। हमने सबको आयुष्मान योजना की सुविधा दी। इससे लोगों को 5 लाख का मुफ्त इलाज में बहुत बड़ी राहत मिली। अब सरकार ने सभी वर्ग के 70 वर्ष से अधिक उम्र के प्रत्येक नागरिक को आयुष्मान योजना का लाभ देने का संकल्प लिया है। गरीबों के लिए 4 करोड़ पक्के घर बनाए हैं, तीन करोड़ और पक्के घर बनाने का संकल्प लिया है। संकल्प पत्र में मत्स्य उत्पादों का निर्यात बढ़ाने के लिए पीएम मत्स्य संपदा योजना का विस्तार किया जाएगा। एमएलसी ने कहा हमने घर-घर बिजली, पानी, शौचालय, मुफ्त राशन, कोरोना काल मे मुफ्त वैक्सीन सहित राज्य में पीएम मोदी के कुशल मार्गदर्शन व सीएम योगी के नेतृत्व में अनेको बड़ी योजनाएं दी हैं।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive



# कानपुर नगर एक्सप्रेस

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पाँच दिनों मे मध्यम से घने बादल छाए रहने के कारण दिनांक 15 अप्रैल , 2024 को गरज-चमक, धूल भरी आंधी, तेज हवाओं के साथ स्थानीय स्तर पर मध्यम बारिश होने की संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 39.0 (+2.2)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 22.0 (+1.1)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 64 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 39 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 2.6 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- दक्षिण-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

*- कृषि मौसम वैज्ञानिक*



# सपा का गुण्डा विधायक इरफान सोलंकी

## और उसका गैंग हमेशा न्याय प्रणाली पर क्यों पड़ता है भारी ?









"जिस तरीके से भूमाफिया रिजवान सोलंकी न्यायालय से बाहर आते हुए बोल रहा है कि हम दोनों भाई इसी दरवाजे से बरी होकर जायेंगे, लगातार सात बार से तारीख पे तारीख पड़ रही है, हमें आशंका है कि क्या हमे न्याय प्राप्त नहीं होगा, मेरे ऊपर दबाव बनाया जा रहा है, हमे डर है जिस तरीके से तीन हत्या मेरे परिवार में हो चुकी है, बाकी बचे लोगो की भी हत्या करवायी जायेगी। हमें न्यायालय पर विश्वास है हम हक की लड़ाई लड़ रहे हैं हमारी न्यायपालिका से अपील है की हमें न्याय मिलना चाहिए।



–नजीर फातिमा

- जी.एस.वी.एम. मेडिकल कॉलेज के छात्रों पर किया था जुल्म
- 24 निर्दोष मेडिकल छात्रों को पहले पिटवाया फिर भिजवाया था जेल
- न्यायिक जांच आयोग भी नहीं लगा पाया इस विधायक की गुंडई पर लगाम
- अब अग्निकांड मामले में अंतिम फैसला आने से पहले पीड़िता को मिल रही सिर्फ तारीख पर तारीख, पीड़िता ने न्यायालय से लगाई गुहार








### 24 मेडिकल छात्रों को भिजवा दिया गया था जेल, हुई थी हड़ताल

हिंसा की भयावहता के कारण चिकित्सा समुदाय में व्यापक आक्रोश फैल गया और राज्य भर में हजारों डॉक्टरों ने सरकार की अत्याचारी नीति का विरोध करते हुए हड़ताल करने का फैसला किया। इस दौरान आगरा, लखनऊ, अलीगढ़ और अन्य शहरों में मेडिकल कॉलेज बंद रहे। एम्स, दिल्ली और भारत के अन्य हिस्सों में विरोध प्रदर्शन हुए। मामला चार दिनों तक अनसुलझा रहा, इस दौरान कई दर्जन मरीजों की मौत हो गई।संकट को बढ़ाते हुए, तीन सौ चिकित्सा संकाय ने 24 छात्र डॉक्टरों की रिहाई की मांग करते हुए अपने पदों से इस्तीफा दे दिया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने बर्बर पुलिस कार्रवाई का विरोध किया और 5 मार्च को देशव्यापी हड़ताल की धमकी दी। तत्कालीन आईएमए अध्यक्ष आरती लालचंदानी को उनके घर पर पुलिस ने धमकी दी थी और उन पर अशांति फैलाने का आरोप लगाया गया था। आखिरकार, मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने डॉक्टरों के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और शांति की अपील की, लेकिन सोलंकी की गिरफ्तारी नहीं होने के कारण कोई समाधान नहीं निकल सका। पूरे उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई थीं।

### जांच आयोग भी नहीं दे सका था इरफान को सजा, अब ईमानदार सरकार होने के बाद भी मामला कोर्ट में है अटका

इरफान सोलंकी की गुंडागर्दी का कोई एक कारनामा नहीं है। गुंडागर्दी को संरक्षण देने के मामले के लिए मशहूर समाजवादी पार्टी ने अपने इस गुंडे विधायक को बहुत संरक्षण दे रखा था। चाहे इरफान सोलंकी के द्वारा किसी आईएएस महिला के साथ की गई अभद्रता का मामला हो या फिर पुलिस वालों को पीटने का मामला हो, जमीनों पर कब्जे करने का मामला हो, चाहे मेडिकल छात्रों के साथ मारपीट कर उनका का कैरियर बर्बाद करने का मामला हो कभी भी इस विधायक को इसके द्वारा किए गए अपराधों की सजा नहीं मिली। जब उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार आई तब इस गुंडे विधायक पर बेवा नजीर फातिमा का झोपड़ा फूंकने का आरोप लगा और तत्काल योगी आदित्यनाथ सरकार ने एक्शन लिया। मुकदमे में आरोप पत्र दाखिल हुआ पुलिस ने बहुत मेहनत की। अब पीड़िता न्यायालय की ओर निहार रही है कि उसे न्याय के मंदिर से इंसाफ मिले लेकिन हर बार आकर इरफान और उसका भूमाफिया भाई रिजवान मीडिया के सामने यह कहते हुए नजर आते हैं कि वह कोर्ट से बरी होंगे, हर मर्तबा कोर्ट की तारीख बढ़ जाती है, इसके बाद खुद का नजीर फातिमा ने एक प्रेस विज्ञप्ति की पहली बार जारी की और कहा कि भूमाफिया रिजवान ऐसे दावे क्यों करता है ?

### 28 फरवरी को विधायक इरफ़ान ने दिखाई थी गुंडई

ज्ञातव्य हो 28 फरवरी 2014 को, विधायक इरफ़ान सोलंकी और उसके गनरों ने कानपुर जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज और संबंधित हैलट अस्पताल के पास एक मामूली यातायात दुर्घटना के बाद कुछ जूनियर डॉक्टरों पर गंभीर रूप हमला कर मारा पीटा। इस दौरान इरफान सोलंकी और उसके गनरों के अलावा उसके साथ कुछ बदमाश भी थे उन्होंने मेडिकल छात्रों को बहुत बुरी तरह से मारा पीटा था।

### पहले बुरी तरह से पिटवाया और फिर करवा लिया गिरफ्तार

विधायक इरफान सोलंकी के इशारे पर तत्कालीन एसएसपी कानपुर नगर यशस्वी यादव ने 24 मेडिकल छात्रों को गिरफ्तार किया लेकीन सोलंकी के किसी भी आदमी को गिरफ्तार नहीं किया गया। इस दौरान कई छात्रों को कई फ्रैक्चर हुए थे, कम से कम एक को जानलेवा पेल्विक फ्रैक्चर हुआ था, और कुछ जीवन भर के लिए विकलांग हो गए थे। अगली सुबह, बिखरे हुए लैपटॉप, क्षतिग्रस्त मेडिकल किताबें, टूटी कुर्सियाँ और मेज और टूटे हुए दर्पण ने पुलिस द्वारा फैलाए गए आतंक की ओर इशारा किया था।

### गिरफ्तार छात्रों ने जेल मे छेड़ा था आंदोलन

3 मार्च को 24 गिरफ्तार छात्रों ने यशस्वी यादव और इरफान सोलंकी के खिलाफ कार्रवाई होने तक जमानत के लिए अपील करने से इनकार कर दिया था। इसके अलावा, आगरा में मेडिकल कॉलेज के अन्य 200 संकाय सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया, डॉक्टरों और स्वास्थ्य मंत्री अहमद हसन के बीच वार्ता विफल रही। इस आंदोलन के कारण दिल्ली के पास नोएडा में अस्पताल बंद हो गए थे। प्रतिष्ठित एसजीपीजीआई, लखनऊ 4 मार्च से बंद था, और सभी 800 बिस्तर खाली कर दिए गए थे। जैसे ही हड़ताल जारी रही, विपक्षी दलों ने राज्य में फ्रगुंडा–राजफ्र की घोषणा की और सोलंकी की गिरफ्तारी की मांग की। विपक्षी भारतीय जनता पार्टी के एक विरोध मार्च को पुलिस ने लाठीचार्ज से तितर–बितर कर दिया था पार्टी प्रमुख और अखिलेश यादव के पिता मुलायम सिंह यादव ने उनकी पार्टी के सरकार चलाने के तरीके की निंदा की थी।संघर्ष के पांच दिन बाद, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने सोलंकी को गिरफ्तार करने और मामले को सुलझाने के लिए सरकार को 48 घंटे की समय सीमा दी थी।

### हजारों गुर्गों और पुलिस का सहयोग लेकर मेडिकल कॉलेज मे किया था दहशतगर्दी का तांडव

जब मेडिकल छात्रों को पता चला कि उनके छात्रों के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया है तो पास में ही मेडिकल छात्रों का छात्रावास होने के कारण छात्रों का एक बड़ा समूह बाहर आया तो इरफ़ान सोलंकी पास के पुलिस स्टेशन स्वरूप नगर में भाग गया। उसकी कार को नाराज छात्रों ने क्षतिग्रस्त कर दिया।इसके बाद, कई सैकड़ा से अधिक समाजवादी पार्टी के बाहुबली या गुंडे जो हिंसा भड़काने के लिए राजनीतिक दल द्वारा पाले गए थे छात्रावास में घुस गए और छात्रों और प्रोफेसरों की पिटाई शुरू कर दी। तत्कालीन एसएसपी यशस्वी यादव के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों की एक बड़ी टीम ने अनुमति लेने का प्रयास किए बिना परिसर में प्रवेश किया –जाहिर तौर पर उन्होंने प्रिंसिपल डॉ.नवनीत कुमार का कॉलर पकड़कर उनके साथ मारपीट की। पुलिस ने छात्रों को बुरी तरह पीटा, इस दौरान विधायक के इशारे पर पुलिस और उसके गुंडे साथियों ने दहशतगर्दी का तांडव किया। कैंपस में जो मिल रहा था उसे मारा पीटा जा रहा था।

**जन एक्सप्रेस । कमलेश फाइटर**

**कानपुर नगर।** कल एक बार फिर एमपी एमएलए कोर्ट एडीजे 11 से जनता और अग्निकांड की पीड़िता के हांथ निराशा ही लगी, कारण यह है कि फिर से एक बार विद्वान न्यायाधीश के द्वारा फैसला सुनाने की तिथि को बढ़ा दिया गया और अब इस मामले में सुनवाई आगामी 20 अप्रैल को होगी।
वहीं दूसरी ओर नजीर फातिमा ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सपा विधायक इरफान सोलंकी और उसके भूमाफिया भाई रिजवान सोलंकी के द्वारा लगातार दिए जा रहे स्टेटमेंट जिसमें रिजवान कहता हुआ नजर आता है कि हम रिहा होंगे ऐसा क्यों ? और यह भी कहा है कि लगातार कोर्ट की तारीख जहां बढ़ रही है वहीं उसे पर विधायक के करीबी दबाव बना रहे हैं और खुद तथा परिवार के लोगों की हत्या की आशंका भी जताई है, और न्यायालय से नजीर फातिमा ने अपील भी की है कि उसे न्याय मिलना चाहिए।
आज जन एक्सप्रेस अतीत के ऐसे पन्नों को उभारने जा रहा है जहां से जो लोग विधायक इरफान सोलंकी की गुंडागर्दी के बारे में नहीं जानते हैं वह जान जाएंगे कि ऐसे गुंडा विधायक पर पहले की सरकार (सपा) ने उसके अपराध को छुपाने के लिए क्या जतन किए थे लेकिन जब उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की अगुवाई मे ईमानदार सरकार आई तो उसने ईमानदारी से विधायक पर कार्रवाई की और उसको उसके सही ठिकाने जेल में पहुंचा दिया।
लेकिन अब न्यायालय जिसे न्याय का मंदिर कहा जाता है, वहां पर निर्णय न सुना कर सिर्फ तारीख पर तारीख मिल रही है ऐसे में जरूरी हो गया है कि इरफान सोलंकी की गुंडई के अतीत के पन्ने खोलकर जरुर सामने लाए जाएं।
आज हम आपको ले चल रहे हैं बीते वर्ष 2014 के फरवरी माह में घटित हुए मेडिकल कानपुर के जी.एस.वी.एम. मेडिकल कॉलेज कांड की ओर जिसमें इस गुंडे विधायक ने अपनी सरकार की रसूख के बल पर पुलिस का साथ लेते हुए खुलकर गुण्डा गर्दी कर मेडिकल छात्रों को जमकर मारा पीटा था और फिर उसके बाद दो दर्जन निर्दोष मेडिकल छात्रों को तत्कालीन एसएसपी कानपुर नगर यशश्वी यादव का सहयोग लेकर जेल भिजवा दिया था। इस मामले में खुद को ईमानदार कहने वाले अखिलेश यादव ने निर्दोष मेडिकल छात्रों की एक नहीं सुनी और लगातार अपने गुंडागर्दी करने वाले विधायक इरफ़ान के गैंग के साथ अखिलेश यादव खड़े रहे। पूरे उत्तर प्रदेश के डॉक्टर ने हड़ताल कर दी जिस कारण कई गरीब मजलूमों की जान इलाज के अभाव में जाती रही लेकिन अखिलेश का दिल नहीं पसीजा वह अपने इस गुंडे विधायक के साथ हमेशा खड़े रहे लेकिन शुक्र है कि हमारे देश में न्यायपालिका है हाई कोर्ट इलाहाबाद ने जब पीआईएल पर संज्ञान लिया तो डॉक्टरों ने हड़ताल से वापसी की।

## दुकान मालिक ने मजदूर को डंडों से पीटा, किया घायल

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कल देर साम शीशे का काम करने वाले दुकानदार और उसके बेटों ने एक मजदूर को जमकर पीटा है। बात सिर्फ इतनी सी थी कि पीड़ित मजदूर भी शीशे का काम करता है और वह दुकानदार से शीशा काटने वाला कटर मांगने आया था। थाना गोविंद नगर क्षेत्र मे स्थित इलाहाबाद ग्लास हाउस के मालिक पर पीड़ित ने आरोप लगाया है कि वह अपने काम को लेकर दो मिनट के लिए शीशा काटने वाला कटर मांगने गया था। तभी दुकान मालिक ने पीड़ित मोहित से कहा कि तू अगर शीशा काट लेता तो बेगारी न कर रहा होता। जबकि मोहित का कहना है कि वह अक्सर इनके यहां से जरूरत पर सामान ले जाता है। जब मोहित ने दुकान मालिक मदरुद्दीन से कहा कि ऐसे क्यों बोल रहे हो तो मदरुद्दीन ने उसको तमाचा मार दिया और देखते



ही देखते मदरुद्दीन व उसके बेटे मोहित को डंडों से पीटने लगे। मोहित ने बताया कि 3 4 लोग मुझे पीट रहे थे इसी दौरान मेरे नाक के नीचे किसी ने शीशे काटने वाले कटर से तेज वार किया। जिससे मेरे नाक और ओंठ पर गंभीर चोटें आईं हैं। वहीं मारपीट के दौरान मोहित का फोन भी गुम गया है। हालाकि मौके पर पहुंची गोविंद नगर पुलिस ने दुकान मालिक मदरुद्दीन को हिरासत मे ले लिया था और मोहित से तहरीर लेकर उसे मेडिकल के लिए भेजा था।

## ऑकेजंस के तत्वावधान में हुआ फैशन शो का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

ऑकजंस के तत्वाधान में बिठूर स्थित श्री गंगा वैली के ग्रैंड बाल रूम में फैशन शो का आयोजन किया गया। ऑकेजंस की डायरेक्टर श्रीमती राधिका खेमका ने बताया की फैशन शो में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के बड़े ब्रांड जिसमें आर्ट, कल्चर, लग्जरी, लाइफ़स्टाइल, ऑटोमोबाइल तथा परंपरागत परिधानों एवं ज्वेलरी की विशाल एवं उत्कृष्ट श्रृंखलाओं का अद्भुत समागम देखने को मिला। उन्होंने बताया कि कानपुर शहर में पहली बार इस तरह का आयोजन शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। अगर परिधानों की बात करें तो नीलूज़ इंडियन ट्यूलिप की चिकनकरी, बंधेज व प्योर हैंडलूम की खूबसूरती विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। ऑकेजंस सुंदर आकर्षक एवं विभिन्न रेंज के गिफ्ट हैंपर्स, कॉरपोरेट गिफ्ट, त्यौहारी सीजन गिफ्ट की आपूर्ति करता है साथ ही शादी, जन्मदिन जैसे अवसरों को और भी खूबसूरत बनाता है।




ऑनलाइन बुकिंग करने पर कंपनी गिफ्ट को आपके घर तक पहुंचाती है। ऑकेजंस एक बेहतरीन प्लेटफार्म है जहां आपको हर आवश्यकता के अनुसार अनोखे उपहार समय से उपलब्ध कराये जातें हैं। श्रीमती राधिका खेमका का कहना है कि हमारे उपहार महज उपहार नहीं, ये आपको एक दूसरे के साथ प्रेम तथा सौहार्द एवं गरिमा की अनुभूति भी कराते हैं। ऑकेजंस के हस्त निर्मित उपहार आपको शाही, समकालीन एवं परंपरागत दुनिया की अनुभूति भी कराते हैं।
फैशन शो में प्रमुख रूप से रॉल्स रॉयस, फरारी, एस्टोन मार्टिन, रोस्सेला ग्रैंड, लाला काशीनाथ सेठ ज्वेलर्स, द कलेक्टिव, कल्कि, खन्ना ज्वेलर्स, ऑकेजंस, एच एस जे, रोज, रोज़ द वाच बार, नुवामा, आर डी यु सी ज्वेल्स, रितु कुमार, सुनीत वर्मा, सुकेतधीर, गीशा डिज़ाइन, स्तुति वीव्स, मायरा, माशा आर्ट, तथा, द आर्टऐज, दानाज़रि वेल्थ मैनेजमेन्ट, कअक्षय, मेराकी, डेनियल बेवर, प्रसाद बीडापा तथा नीलूज़ इंडियन ट्यूलिप आदि ब्रांडों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## अर्थशास्त्र विभाग में भगवत गीता विषय पर हुई चर्चा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के अंतर्गत श्रीमद् भगवद गीता एवं वैदिक वांगमय शोधपीठ द्वारा सोमवार को अर्थशास्त्र विभाग में भगवत गीता विषय पर चर्चा हुई। जिसमें अनिल गुप्ता ने जीवन में भगवत गीता विषय पर अपने विचार रखते हुए विद्यार्थियों को गीता के उन सूत्रों के विषय मे बताया जिनके माध्यम से वह अपना अध्ययन सुचारू रूप से कर सकें। उन्होंने बताया की गीता जीवन जीने की कला है और वर्तमान युग में मानव प्रबंधन की सर्वश्रेष्ठ पुस्तक है। व्याख्यान के पूर्व प्रोफेसर प्रशांत मिश्रा द्वारा अनिल गुप्ता का परिचय कराया। इसके बाद गीता आयोजन समिति कानपुर की ओर से अमरनाथ ने गीता के संबंध में विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को गीता प्रेरक का उत्तरदायित्व दिया। जिसमें वह स्वयं गीता पढ़े और दूसरो को पढ़ाए। इस अवसर पर प्रो. शरद दीक्षित एवं डॉ.पूजा सिंह मौजूद रही।

## टेस्टिंग लैब में उपलब्ध सुविधाओं से छात्रों को होने वाले तकनीकी ज्ञान की दी जानकारी

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

अटल विहारी बाजपेयी रिसर्च सेण्टर और डॉ.अंबेडकर इंस्टिटूइट ऑफ़ टेक्नोलॉजी फॉर दिव्यांगजन कानपुर के बायोटेक्नोलॉजी विभाग एवं एक्सिस इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी, एक्सिस इंस्टिट्यूट ऑफ़ हायर एजुकेशन के मध्य सोमवार को एम.ओ.यू. हस्ताक्षर हुआ। इस एमओयू का मुख्य उद्देश्य कानपुर जिले के एक्सिस कॉलेजेस के फार्मेसी एवं हायर एजुकेशन विभाग, अटल विहारी बाजपेयी रिसर्च सेण्टर और डॉ.अंबेडकर इंस्टिटूइट ऑफ़ टेक्नोलॉजी फॉर दिव्यांगजन के बायोटेक्नोलॉजी विभाग के मध्य शिक्षकों और छात्रों में तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ फार्मेसी एवं बायोटेक्नोलॉजी शिक्षा में उपयोगी आधुनिक उपकरणों को सीखाना है। इस अवसर पर अटल विहारी वाजपेयी सेण्टर के कोऑर्डिनेटर डॉ. मनीष सिंह राजपूत एवं फार्मेसी




विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. ईशा यादव ने एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किये। डॉ.मनीष सिंह ने रिसर्च सेण्टर की ट्रेनिंग एंड टेस्टिंग लैब में उपलब्ध सुविधाओं से छात्रों को होने वाले तकनीकि ज्ञान को औद्योगिक दृष्टिकोण से लाभप्रद तथा फार्मेसी एवं बायोटेक के क्षेत्र में उपयोगी बताया। वही पारुल जौहरी ने आधुनिक उपकरणों पर काम करने के तरीकों एवं अर्पिता सिंह ने ट्रेनिंग एंड टेस्टिंग लैब की सुविधाओं को समझाया। इस अवसर पर शाहनवाज़ अहमद, अब्दुल्लाह खान, अर्पिता सिंह, पारुल जौहरी एवं अन्य शिक्षक एवं छात्र छात्राएँ मौजूद रहे।

### डम्फर ने ई रिक्शे से उतर रही सवारियों को मारी टक्कर

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** साढ़ थाना क्षेत्र के सचौली रसूलपुर मोड़ के पास एक तेज रफ्तार डंफर ने ई रिक्शा से उतर रही बुजुर्ग महिला समेत एक अन्य महिला को टक्कर मार दी। इस दौरान दोनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के दौरान डंफर चालक गाड़ी समेत मौके से फरार हो गया। वहीं काफी देर तक पुलिस व एंबुलेंस का नंबर न लगने के चलते ग्रामीणों ने रोड जामकर हंगामा काटना शुरू कर दिया। घटना की जानकारी होते ही सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायलो को एंबुलेंस की मदद से आनन फानन में प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के मुताबिक बुजुर्ग महिला रामदुलारी व सुमित्रा महाराजपुर की रहने वाली है। दोनो महिलाएं कुढ़नी मंदिर से जब ई रिक्शा करके वापस लौट रही थी, तभी सचौली भट्ठे के पास ई रिक्शा से उतरने के दौरान तेज रफ्तार डम्फर ने महिलाओ को टक्कर मार दी। इस दौरान दोनो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के दौरान डंफर चालक गाड़ी समेत मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी होते ही सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच करते हुए गंभीर रूप से घायल दोनो महिलाओ को आनन फानन में अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान रामदुलारी की मौत हो गई। वही परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है।फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।



## ऑफिसर्स कॉलोनी में सुंदरकांड, राधा कृष्ण की झांकी व भंडारे का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

भारत योग एसोसिएशन कानपुर प्रांत संयोजक रोहित तिवारी द्वारा राज्य कर विभाग में कार्यरत रहे उनके पिता स्व. राम गोपाल तिवारी की पावन स्मृति व उनकी ग्यारवीं पुण्यतिथि पर ऑफिसर्स कॉलोनी में सुंदरकांड, राधा कृष्ण की झांकी व भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्री



सिद्धनाथ धाम जाजमऊ के महंत बालयोगी श्री अरुण चैतन्य पुरी जी महाराज ने लोक मंगल की कामना के साथ सभी को आशीर्वाद प्रदान किया।
इस अवसर पर अपर आयुक्त मिथिलेश शुक्ला, संयुक्त आयुक्त मुकेश चंद्र पाण्डेय, गूगल गोल्डन बाबा श्री मनोजानंद जी महाराज, भूपेश अवस्थी, शैलेंद्र द्विवेदी, डॉ अरूण पाण्डेय, डॉ आर के सिंह, अशुतोष द्विवेदी, कृष्ण मोहन त्रिपाठी, नीमा त्रिपाठी, रीता तिवारी, आदि सम्मानित लोग मौजूद रहे।

# रामनवमी 2024 : श्रद्धालु रात 11 बजे तक कर सकेंगे रामलला के दर्शन

- भोर में 3:30 बजे से देर रात तक श्रृंगार एवं दर्शन साथ-साथ चलते रहेंगे
- 16 अप्रैल से 19 अप्रैल तक वीआईपी दर्शन एवं आरती पास पर रोक
- 12:16 पर करीब 5 मिनट तक श्रीराम का होगा सूर्य अभिषेक

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

श्रीरामलला मंदिर में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रामनवमी पर रात्रि 11 बजे तक दर्शन हो सकेंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चम्पत राय ने इस संबंध में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि श्रीराम नवमी महोत्सव के दौरान मंगला आरती के पश्चात ब्रह्म मुहूर्त में अति प्रातः 3:30 बजे से अभिषेक, श्रृंगार एवं दर्शन साथ-साथ चलते रहेंगे। श्रृंगार आरती प्रातः 5:00 बजे होगी, श्री रामलला का दर्शन एवं सभी पूजा-विधि यथावत साथ-साथ चलती रहेंगी। भगवान को भोग लगाने के लिए समय-समय पर अल्प-काल को पर्दा रहेगा। रात्रि 11:00 बजे तक दर्शन का क्रम पूर्ववत चलता रहेगा, तत्पश्चात



परिस्थिति अनुसार भोग एवं शयन आरती होगी।

तीर्थ क्षेत्र की ओर से बताया गया कि रामनवमी पर शयन आरती के पश्चात मन्दिर निकास मार्ग पर प्रसाद मिलेगा। दर्शनार्थी अपना मोबाइल, जूता, चप्पल, बड़े बैग एवं प्रतिबंधित सामग्री आदि मंदिर से दूर सुरक्षित रखकर आएं। बताया कि दिनांक 16, 17, 18 एवं 19 अप्रैल को सुगम दर्शन पास, वीआईपी दर्शन पास, मंगला आरती पास, श्रंगार आरती पास एवं शयन आरती पास नहीं बनेंगे। सुग्रीव किला के नीचे, बिड़ला धर्मशाला के सामने, श्री रामजन्मभूमि प्रवेश द्वार पर **श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र** द्वारा यात्री सेवा केन्द्र बनाया गया है जिसमें जन-सुविधाएं उपलब्ध हैं। श्री राम जन्मभूमि मन्दिर में संपन्न होने वाले सभी कार्यक्रमों का सजीव प्रसारण अयोध्या नगर निगम क्षेत्र में लगभग 80 से 100 स्थानों पर एलईडी स्क्रीन लगाकर दिखाया जाएगा। यह कार्य प्रसार भारती द्वारा श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किया गया है। इसका सीधा प्रसारण उपलब्ध रहेगा।

राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि रामनवमी पर भगवान रामलला के ललाट पर सूर्य किरण 12:16 मिनट के करीब 5 मिनट तक पड़ेगी, इसके लिए महत्वपूर्ण तकनीकी व्यवस्था की जा रही है। वैज्ञानिक इस अलौकिक पलों को पूरी भव्यता से प्रदर्शित करने के लिए जुटे हुए हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर का बचा हुआ कार्य भी दिसंबर 2024 तक पूरा हो जाएगा

## मतदाता जागरूकता को लेकर विविध कार्यक्रम संपन्न

जन एक्सप्रेस। अमेठी





लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत व मुख्य विकास अधिकारी व प्रभारी अधिकारी स्वीप सूरज पटेल के निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न विभागों द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को विकासखंड बहादुरपुर में शिक्षिकाओं एवं बाल विकास विभाग की कार्यकत्रियों एवम सहायिकाओं द्वारा संयुक्त रूप से पिंक परिधान में स्कूटी रैली कस्बा फुरसतगंज से नहर कोठी के आगे थाने तक निकाली गई।रैली के माध्यम से जन सामान्य को आगामी बीस मई को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई। इसके अतिरिक्त बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा ब्लॉक स्तरीय मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कंपोजिट विद्यालय पचेहरी में किया गया। जिसमें रंगोली प्रतियोगिता में कंपोजिट विद्यालय पचेहरी की छात्राओं श्वेता, आराधना व अलशिफा द्वारा बनाई गई रंगोली को प्रथम स्थान तथा यूपीएस गौरीगंज की अंतिमा और मीनाक्षी द्वारा बनाई गई रंगोली को द्वितीय स्थान, पहाड़पुर की परी द्वारा बनाई गई रंगोली को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी गौरीगंज ने बच्चों को पुरस्कृत एवं प्रोत्साहित किया। रंगोली व चित्रकला के माध्यम से छात्राओं ने जन सामान्य से बीस मई को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील किया।

वहीं स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र अमेठी की उपनिदेशक डॉ. आराधना राज के निर्देशन में विकास खंड जामों के आरएस पब्लिक स्कूल में मेहंदी, रंगोली एवम चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम गुंजन, द्वितीय महक, तृतीय स्थान सृष्टि ने प्राप्त किया। चित्रकला में प्रथम अनुष्का सिंह, द्वितीय गीता सिंह तृतीय अंशू को तथा रंगोली में प्रथम स्थान शिखा के ग्रुप ने, द्वितीय स्थान मानवी के ग्रुप ने व तृतीय स्थान सृष्टि के ग्रुप ने प्राप्त किया।

विशेष रूप से मतदाता जागरूकता के अंतर्गत छात्राओं द्वारा सेल्फी प्वाइंट बनाकर सभी को जागरूक करने का सन्देश दिया गया जिसमें आर्या सिंह, सुप्रिया सिंह और खुशबू शुक्ला ने अपने हाथों से सेल्फी प्वाइंट बनाया। सभी प्रतिभागियों को स्कूल प्रबंधक और जिला संयोजक एनवाईके ने मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अध्यापक व काफी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

## मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता का आयोजन

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर



%यदि व्यक्ति अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं करता है तो सिस्टम की अव्यवस्था और अपने साथ हो रहे अन्याय की आलोचना का अधिकार भी उसको नहीं है। मतदान अधिकार के साथ साथ कर्तव्य भी है।

उपर्युक्त उद्गार बाबा बरूआ दास स्नातकोत्तर महाविद्यालय परुइया आश्रम के प्राचार्य प्रो. परेश कुमार पाण्डेय ने महाविद्यालय द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में व्यक्त किया। बाबा बरुआ दास पीजी कॉलेज, परुइया आश्रम, में आयोजित ड्स कार्यक्रम के अंतर्गत **चुनाव का पर्व, देश का गर्व** थीम पर पोस्टर प्रतियोगिता एवं स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर परेश कुमार पाण्डेय एवं उप प्राचार्य प्रो. पवन कुमार गुप्त उपस्थित रहे। उपप्राचार्य ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं के आयोजन होते रहने से छात्रों में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा एवं बौद्धिक चिंतनशक्ति का विकास होता है। इस प्रतियोगिता के आयोजन में डॉ. सुधीर कुमार पाण्डेय, डॉ. सत्य प्रकाश पाण्डेय, डॉ. अराधिका, डॉ. अमरनाथ जायसवाल, डॉ. राजित राम यादव, डॉ. अंजू कुमारी तेवतिया, डॉ वीरेंद्र यादव,डॉ.साजिदा सिद्दीकी एवं रितेश मोदनवाल का सक्रिय सहयोग रहा। प्रतियोगिता में छात्र/छात्राओं ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। उक्त प्रतियोगिता में कुल 18 टीमों ने प्रतिभाग किया, जिसमें से चार टीमों का चयन किया गया। प्रथम स्थान पर शिखा यादव, दिव्या पाण्डेय, श्रेया मिश्रा तथा सुमन की टीम, द्वितीय स्थान पर रवि वर्मा, रवि कुमार, अभिनव पटेल एवं अनुज गुप्ता की टीम, तृतीय स्थान पर श्वेता, सरिता, ब्यूटी एवं मंगला की टीम तथा चतुर्थ स्थान पर अंजलि वर्मा, महिमा चौधरी, डाली एवं रेनू यादव की टीम विजेता रही। उक्त अवसर पर आशीष शर्मा, अनिल केसरी, आकाश गुप्ता समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## कांग्रेस जिला महासचिव, सचिव समेत सैकड़ों लोगों ने थामा भाजपा का दामन



जन एक्सप्रेस। अयोध्या

लोक सभा चुनाव कार्यालय पर कांग्रेस पार्टी के जिला महासचिव विजय पाण्डेय, सचिव रामबली रावत समेत मिल्कीपुर क्षेत्र के सैंकड़ो लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सांसद लल्लू सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी व जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने उन्हें पार्टी का ध्वज देकर सदस्यता दिलाई। इस दौरान सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि 2014 में पदभार सभांलने के बाद प्रधानमंत्री मोदी जी ने हर नीति में भारत प्रथम के संकल्प को स्थापित किया है। पीएम मोदी के दो कार्यकाल में सर्वांगीण, सर्वसमावेशी, सर्वस्पर्शी विकास ने यह सुनिश्चित किया है कि इस विकास यात्रा में कोई पात्र व्यक्ति, कोई वर्ग छूटने न पाए। सराकर ने वंचित, शोषित लोगों को मुख्य धारा से जोड़ा व उनका सशक्तिकरण किया। अयोध्या को विश्व मानचित्र पर स्थापित किया। अयोध्या के सर्वांगीण विकास से रामनगरी विश्व की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में उभर रही है।

महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि सरकार के दो कार्यकाल में देश ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास देखा। देश के सभी नागरिक इस अभूतपूर्व विकास के साक्षी रहे हैं। पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में देश निरंतर नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

पार्टी की सदस्यता लेने वाले विजय पाण्डेय ने कहा कि भाजपा की नीतियों व राष्ट्रहित सर्वोपरि के भाव से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है।

## किसान कांग्रेस की मासिक बैठक सम्पन्न हुई

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



किसान कांग्रेस की मासिक बैठक कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में सम्पन्न हुई। इस बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश से आये हुए किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश सिंह की अध्यक्षता में बैठक शुरू हुई। इस बैठक को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस की 5 किसान न्याय गारण्टी के बारे में आये हुए लोगो को बताया। जिसमें 1. एम एस पी को कानूनी दर्जा, 2. किसान जी एस टी मुक्त होंगे, 3. आयात निर्यात नीति, 4. पी एम फसल बीमा योजना, 5. कृषि कर्ज माफी योजना की बारे में विस्तृत चर्चा करके बताया। इस बैठक में किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रमाकान्त सिंह, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंकज तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष व संगठन प्रभारी विजयशंकर अग्निहोत्री, पूर्व प्रत्याशी सरेनी विधानसभा श्रीमती सुधा द्विवेदी व ब्लॉक अध्यक्ष छेदी लाल मौर्य, रामनरेश यादव, निरंजन पटेल, देशराज सिंह, सूर्यभान सिंह, समर जायसवाल, बैजनाथ दीक्षित सहित पदाधिकारी बैठक में मौजूद रहे।

### शहीद बाबा का मनाया उर्स

**जन एक्सप्रेस/जाना बाजार-अयोध्या।** जाना बाजार के शहीद बाबा की मजार पर सालाना उर्स के दौरान गंगा जमुनी तहजीब का अनोखा संगम सोमवार को दिखाई दिया। हर वर्ष की बात इस वर्ष भी 15 अप्रैल को जाना बाजार के नए पुरवा स्थित शहीद बाबा का उर्स मनाया गया। मौलाना दिलशाद रजा के नेतृत्व में पछियाना गांव से गागर चादर लेकर पहुंचे जायरीनों बाबा की मजार पर चादर चढ़ाकर दुआएं मांगी। मेले और उर्स के आयोजक मंडल के अध्यक्ष राम भवन वर्मा, प्रवक्ता महेश कुमार वर्मा प्रवीण वर्मा पवन वर्मा नरेंद्र वर्मा ने उर्स के मौके पर आए हुए जायरानों का स्वागत किया। क्षेत्र के मुन्ना कव्वाल ने शहीद बाबा के कसीदे पढ़कर वाह-वाही लूटी। तमीनगंज बाजार और पछियाना गांव से सर पर गागर रख कर और चादर के साथ पहुंचे जफर अली अनवर अली मोहम्मद हाशिम अख्तर अली अली राजा रमजान अली शाहिद नौशाद अली आजाद सिराज सहित ने शहीद बाबा से चयन और अमन की दुआएं मांगी।

### भक्तों में किया प्रसाद वितरण

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** रामनवमी पर्व के अवसर पर 17 अप्रैल को खत्री सभा अयोध्या फैजाबाद शहर के चौक घंटाघर स्थित गणेश स्कूल बुक डिपो के बगल इंस्टॉल लगाकर बड़ी संख्या में भक्तों को प्रसाद के रूप में फल वितरण करेगा कार्यक्रम की जानकारी देते हुए खत्री सभा अयोध्या फैजाबाद के अध्यक्ष संजय महिंद्रा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी खत्री समाज द्वारा फल वितरण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है प्रभु श्री राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्ष पर रामनवमी पर्व बड़ी तादाद में अबकी बार फल वितरण किया जाएगा फल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व सांसद डॉ. निर्मल खत्री श्री दुर्गियाना मंदिर कमेटी अमृतसर पंजाब के भंडारा प्रबंधक गुलशन कोहली तथा अतिथि के तौर पर श्री दुगना मंदिर कमेटी अमृतसर पंजाब के पवन साबू श्री दुगना मंदिर कमेटी अमृतसर पंजाब के कर्ताधर्ता माधव द्वारा 17 अप्रैल 2024 दिन बुधवार प्रातः 10:30 बजे किया जाएगा।

## पशु पालक चिकित्सा वाहन का टोल फ्री नम्बर 1962 पर फोन कर उठाएं लाभ : जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर



जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पशु चिकित्सा वाहन टोल फ्री नम्बर 1962 के संबंध में बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान प्रोजेक्ट हेड अभिषेक शर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में इस प्रकार के छः वाहन संचालित हैं जिनमें से तीन वाहन आकस्मिक सेवा और तीन वाहन शेड्यूल सर्विस में विजिट करते हैं शेड्यूल सर्विस के अंतर्गत एक वाहन प्रतिदिन तीन गांव की विजिट करता है। आकस्मिक सेवा के अंतर्गत किसी भी पशुपालक द्वारा उपर्युक्त नंबर पर कॉल किए जाने पर यह सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि पशुपालकों द्वारा आकस्मिक सेवा के अंतर्गत यथाशीघ्र वहां पहुंचना सुनिश्चित किया जाए, जिससे पशुओं का समय से उचित इलाज किया जा सके। साथ ही शेड्यूल वाहन जिस भी ग्राम में भेजे जा रहे हैं वहां के पशुपालकों को पूर्व से सूचित कर दिया जाए जिससे वह चिकित्सीय सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकें। जिलाधिकारी द्वारा प्रोजेक्ट हेड को निर्देशित किया गया कि आपकी टीम द्वारा जो भी कार्य किया जा रहे हैं उसकी प्रतिलिपि मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराई जाए। जिससे उचित तरीके से इसकी मॉनीटरिंग की जा सके। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी/ कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

## संचारी रोग अभियान में धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने लगाई कड़ी फटकार

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकरनगर

जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान( 1 अप्रैल से 30 अप्रैल ) के सफल संचालन के सम्बंध में द्वितीय बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित विभागो के अधिकारियों से उनके द्वारा की गयी तैयारियों को लेकर अलग-2 समीक्षा की एवं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिशा निर्देश जारी किये।डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया तथा अन्य संचारी रोग तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण तथा इनका त्वरित इलाज सर्वोच्च प्राथमिकताओं के साथ करने के निर्देश दिया गया है,जिसके लिए सभी विभाग मिलकर लोगो को जागरूक करें एवम् साफ-सफाई,सभी विभागों से संबंधित कार्य विभागों के अधिकारियों द्वारा सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने हेतु सभी विभाग अपनी भूमिका पूर्ण मनोयोग से निभाये तथा सभी विभागों को निर्देश दिये कि वह संचारी रोग नियंत्रण अभियान का सफल आयोजन करें।

साथ ही साथ जिलाधिकारी द्वारा नगर पालिका क्षेत्र में अधिशाषी अधिकारी तथा ग्रामीण क्षेत्र में डीपीआरओ को निर्देश दिया गया कि एंटी लारवा, साफ सफाई, फॉगिंग कराया जाना सुनिश्चित करें। दस्तक एवं संचारी अभियान के तहत शान द्वारा आभा आईडी बनाने के निर्देश दिए गए हैं। लक्ष्य के अनुरूप जनपद में आभा आईडी की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को समीक्षा करते हुए फटकार लगाते हुए तेजी लाने के निर्देश दिए। संचारी एवं दस्तक अभियान के तहत संबंधित अधिकारियों को गांव-गांव जाकर निगरानी करने के निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजकुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक,अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी,जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, समस्त केन्द्र अधीक्षक / प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एस0एम0ओ0 डब्लू0 एच0ओ0 डी0एम0सी0 यूनिसेफ, खण्ड विकास अधिकारी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी /कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

## निर्वाचन के दौरान राजनैतिक दल व प्रत्याशियों को रैली, जनसभा, लाउडस्पीकर, हेलीपैड, वाहन आदि की अनुमति सुविधा एप के माध्यम से दी जाएगी



जन एक्सप्रेस। रायबरेली

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु बचत भवन सभागार में समस्त पार्टियों के जनप्रतिनिधियों के साथ नामांकन, पोस्टल बैलेट से मतदान एवं विभिन्न प्रकार की अनुमति जारी करने के संबंध में बैठक की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव संबंधी सभी अनुमतियों के लिए सुविधा पोर्टल/मोबाइल एप विकसित किया गया है। इसके माध्यम से प्रत्याशी/राजनैतिक दल ऑनलाइन आवेदन कर जनसभा, रैली, लाउडस्पीकर, नुक्कड़ सभा, वाहन, हेलीकॉप्टर, हेलीपैड, पोस्टर, बैनर, होर्डिंग, अस्थाई पार्टी कार्यालय आदि की अनुमति प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसके लिए अब प्रत्याशियों/राजनैतिक दलों को निर्वाचन कार्यालय के चक्कर नहीं काटने होंगे इन सभी अनुमतियों के लिए उन्हें सुविधा एप पोर्टल पर 48 घंटे पूर्व ऑनलाइन आवेदन करना होगा। उन्होंने कहा कि सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न अनुमतियों हेतु निर्धारित प्रारूप, अनुलग्नक एवं साथ में दिए जाने वाले दस्तावेजों की चेक लिस्ट दी जा चुकी है। अनुमति न मिलने की दशा में आयोजन सभा, रैली, वाहन प्रयोग विधिक रूप से अमान्य माना जाएगा एवं आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के रूप में लिया जाएगा, इसलिए अनुमति प्राप्त करने हेतु निर्धारित प्रारूप पर 48 घंटे पूर्व ऑनलाइन आवेदन किया जाना अनिवार्य होगा। बिना अनुमति के उपरोक्त आयोजन किए जाने पर संबंधित प्रत्याशी/राजनैतिक दल के विरुद्ध भा0दं0सं0 1951 की धारा 153 ए, 153 बी, 171 सी, 295 ए, 505(2), 130, 77(1), 127 एवं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अंतर्गत कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### पूर्व ग्राम प्रधान की हुई आकस्मिक मौत

**जन एक्सप्रेस/अम्बेडकर नगर।** जलालपुर ब्लाक के कटघर मूसा गांव के पूर्व प्रधान की रविवार देर शाम हार्ट अटैक से आकस्मिक मृत्यु हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। कटघर मूसा निवासी 55 वर्षीय उमेश विश्वकर्मा अपने गांव कटघर मूसा में बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती के मौके पर जुलूस में शामिल होने आए थे। अंबेडकर जुलूस के समापन पर गांव के मजरा ककरहिया में ग्रामीणों से मुलाकात कर रहे थे। इसी बीच अचानक उनके सीने में बहुत तेज दर्द उठा और वहीं अचेत हो गए। ग्रामीण आनन-फानन में उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगपुर ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इससे परिजनों में कोहराम मच गया, खबर मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। उनके घर पर काफी लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सभी परिजनों को सांत्वना देने में जुटे रहे। उनकी पत्नी इस्लावती देवी 2003 में ग्राम प्रधान रही। और वह 2012 में ग्राम सभा कटघर मूसा के प्रधान चुने गए थे। सोमवार को पूर्वहन 3 बजे टांडा स्थित महादेव घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

## डीएम ने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

जिलाधिकारी नितीश कुमार ने चैत्र रामनवमी के दौरान गर्मी को देखते हुये सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को गर्मी से बचाव हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को मेले के दौरान निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति करने तथा सम्पूर्ण मेला परिसर में साफ सफाई व्यवस्था एवं आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश नगर निगम के अधिकारियों को दिये।



उन्होंने कहा कि रामनवमी मेले में विदेशों एवं विभिन्न प्रदेशों से बहुत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है, इसके दृष्टिगत मेला क्षेत्र में भीड़ नियंत्रण हेतु पर्याप्त मात्रा में होल्डिंग एरिया बनाये जाय तथा सभी होल्डिंग एरिया में धूप से बचाव हेतु पर्याप्त कैनोपी व पीने के पानी की व्यवस्था रहे। उन्होंने बताया कि रामनवमी मेले के लिए नया घाट पुलिस चौकी के पीछे कंट्रोल रूम पूर्ण रूप से स्थापित हो गया है तथा सक्रिय हो गया है यहां पर अधिकारियों की 24 घंटे ड्यूटी लगायी गयी है।

## लोहिया, जेपी, मुलायम की परम्परा के खांटी नेता थे राम बहादुर यादव : आरपी यादव

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

समाजवादी पार्टी के पूर्व ज़िलाध्यक्ष स्व0 राम बहादुर यादव की तीसरी पुण्यतिथि उनके इन्दिरा नगर स्थित आवास पर मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के पूर्व ज़िला उपाध्यक्ष राम सेवक वर्मा ने की। इस मौक़े पर समाजवादी पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी आर पी यादव जी ने कहा कि लोहिया, जेपी, मुलायम सिंह यादव की परंपरा के खाटी समाजवादी श्रद्धेय राम बहादुर यादव की आज पुण्यतिथि है। श्रद्धेय राम बहादुर यादव ने दशकों तक आम कार्यकर्ता से लेकर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए, जनपद रायबरेली में समाजवादी तरीके से लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी अविस्मरणीय भूमिका निभाई। ज़िला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राम सिंह यादव जी ने कहा राम बहादुर यादव जी की वैचारिक मजबूती, उनका अनुशासन, उनका सादापन, उनकी अपने नेतृत्व व संगठन के प्रति गहरी निष्ठा , उनका सबको साथ लेकर चलने का अद्भुत गुण ,उनका पूरी संवेदना पूरी जिम्मेदारी से सार्वजनिक व निजी जीवन के प्रति बनाया गया अद्वितीय संतुलन सब अनुकरणीय है। उनके जैसा होना असंभव तो नहीं, पर इसके लिए गहरी साधना की आवश्यकता



अवश्य है। पूर्व ज़िला पंचायत सदस्य चन्द्रराज पटेल ने कहा कि परम श्रद्धेय पूर्व ज़िलाध्यक्ष राम बहादुर यादव जी हम सब आपके के बताए रास्ते पर चलने का निरन्तर प्रयत्न करते रहेंगे। आपके प्रति असीम श्रद्धा के साथ अपनी श्रद्धांजलि व्यक्त की।

नगर पालिका अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनकर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मो इलियास सदस्य ज़िला पंचायत वीरेंद्र यादव, रामे यादव आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। समाजवादी पार्टी के पूर्व ज़िला अध्यक्ष स्वर्गीय राम बहादुर यादव जी के जेष्ट पुत्र राजेंद्र यादव ने श्रद्धांजलि सभा में आये हुए सभी लोगो का आभार व्यक्त किया।

इस मौक़े पर सेंट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओपी यादव, वरिष्ठ पत्रकार शिव मनोहर पांडेय, लोहियावाहिनी के पूर्व ज़िलाध्यक्ष मो साहिल, राहुल निर्मल, अखिलेश माही, भूपेन्द्र यादव आकाश यादव, डॉ यस यू ख़ान, अतुल यादव एडवोकेट, रंजीत यादव, अमित यादव, शिव मोहन बबलू, गोलू, राजीव, अरुण यादव, अभिनव ऋषभ सेन एडवोकेट अनूप अमरेश मौर्य आदि ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 38°C | 25°C |
| कानपुर | 38°C | 24°C |
| देहरादून | 31°C | 19°C |
| नई दिल्ली | 35°C | 24°C |

# 80 बनेगा आधार, एनडीए 400 पार : सीएम योगी

- सीएम योगी ने बीजेपी के संकल्प पत्र को लेकर पार्टी कार्यालय में की पत्रकार वार्ता
- गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी हैं भाजपा के संकल्प पत्र के चार आधार: सीएम
- भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक युद्ध की उद्घोषणा है हमारा संकल्प पत्र: योगी आदित्यनाथ
- देश की अस्मिता, सुरक्षा, आस्था और अर्थव्यवस्था को लेकर मोदी की गारंटी संकल्प पत्र का आधार: योगी
- नये भारत, श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर भारत और विकासित भारत का ब्लू प्रिंट है संकल्प पत्र: सीएम योगी



### महत्वपूर्ण संकल्पों पर सीएम ने दोहराई प्रतिबद्धता

मुख्यमंत्री ने बताया कि संकल्प पत्र में समान नागरिक संहिता लागू करने, नेशनल लिटिगेशन पॉलिसी को लागू करने, कॉमर्शियल और सिविल न्यायिक प्रणालियों में बदलाव, वन नेशन वन इलेक्शन, पीएम सूर्य हर घर मुफ्त बिजली योजना, घरों के पंजीकरण की कीमत को कम करने, तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने, पीएम मुद्रा योजना की क्रैकिंग सीमा को दोगुना करने, एमएसपी में वृद्धि और पीएम मत्स्य योजना के विस्तार के लिए पार्टी के संकल्प को दोहराया गया है। इसके साथ ही सिंचाई, कोल्ड स्टोरेज और कृषि इन्फ्रास्ट्रक्चर के मिशन को देश में लागू करने, स्वस्थ भारत के संकल्प के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों और ट्रांसजेंडर्स को आयुष्मान भारत से जोड़ने, पैरामेडिक्स के प्रशिक्षण, हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने, एमएसएमई के लिए किफायती बीमा प्रोडक्ट, आग, चोरी, प्राकृतिक आपदा से बचाने के लिए बीमा, भारत को ट्वाय हब बनाने, 2025 में भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाने, 2030 तक देश को इलेक्ट्रॉनिक हब बनाने, बुटेल ट्रेन का विस्तार पूरे देश में करने, 5जी के विस्तार के साथ ही 6जी टेक्नोलॉजी विकसित करने का संकल्प भी यहां दोहराया। इसके अलावा ग्लोबल कॉन्फ्रेंस और एग्जिबिशन के लिए बड़े कन्वेंशन सेंटर के दायरे को बढ़ाने, पुलिस मॉर्डनाइजेशन, टेक सेवी सुरक्षा बल, नये आईआईटी, नये एम्स, वन नेशन वन स्टूडेंट, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, टेक्नोलॉजी के जरिए सुलभ शिक्षा के प्रति मुख्यमंत्री ने वचनबद्धता को दोहराया। साथ ही उन्होंने बताया कि 2036 में ओलंपिक की मेजबानी, नये स्टेडियम बनाने, अत्याधुनिक खेल प्रशिक्षण केंद्र, खेल उपकरणों के मैन्यूफैक्चरिंग, खेल स्टार्टअप को बढ़ावा, साइंस टेक्नोलॉजी के लिए साइंस पार्क, नदियों का संरक्षण और कायाकल्प, नमामी गंगे के दायरे को बढ़ाने, दुनिया में रामायण महोत्सव के आयोजन के संकल्प को भी हमारा संकल्प पत्र दोहराता है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश को फार्मा हब बनाने, एकीकृत सैन्य कमांड सेंटर, साइबर सुरक्षा के लिए पूरी मजबूती के साथ हमारी प्रतिबद्धता को भी यह संकल्प पत्र दोहराता है।

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि देश का गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति ही भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र के चार आधार हैं। उन्होंने कहा ये संकल्प पत्र मोदी की गारंटी है, जिसमें हमने विकसित भारत बनाने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक युद्ध की भी उद्घोषणा की है। उन्होंने यूपी में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए नया नारा देते हुए कहा कि 80 बनेगा आधार, एनडीए 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार। सीएम योगी पार्टी कार्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान शिल्पी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर कमलों से अपना संकल्प पत्र जारी किया है। इसकी पहली चार प्रतियां देश के चार सामाजिक स्तंभों का प्रतिनिधित्व करने वाली हैं। ये हैं गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी (ज्ञ्ङ्ग्ह)। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक दल मात्र नहीं है, बल्कि यह भारत के विजन को मिशन मानकर प्रभावी ढंग से लागू करने के 140 करोड़ जनता की आकांक्षा बन चुकी है। आज देश का जो भी एंबीशन है वह पीएम मोदी का विजन बन चुका है और हमारे लिए वही मिशन है। इस देश को मोदी की गारंटी पर विश्वास है। सीएम योगी ने कहा कि संकल्प पत्र में मुफ्त राशन, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, आवास योजना सहित तमाम गरीब कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखने और और उनके दायरे को बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है। संकल्प पत्र में नेशन फर्स्ट के भाव के साथ विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराया गया है। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत काल का ये पहला चुनाव है, जिसमें आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्पना को लेकर चुनाव लड़ा जा रहा है। देश की अस्मिता, सुरक्षा, आस्था और अर्थव्यवस्था को लेकर मोदी की गारंटी इस संकल्प पत्र का आधार बना है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारा संकल्प पत्र नये भारत, श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर भारत और विकासित भारत का ब्लू प्रिंट है। ये भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक युद्ध का की उद्घोषणा के साथ ही अन्त्योदय से सर्वोदय और ग्लोबल लीडर भारत के संकल्प को भी दोहराता है। ये संकल्प पत्र जिन-जिन सेक्टर्स का प्रतिनिधित्व करता है वो मोदी की गारंटी पर आधारित हैं। ये पहला आम चुनाव है जिसके प्रमाण के बारे में आश्वस्ती का भाव पूरे देश में मिल रहा है। लोगों को मोदी जी की गारंटी पर विश्वास है। विकसित भारत की आकांक्षाओं का आधार ये संकल्प पत्र बनेगा।

## केशव मौर्य का बड़ा आरोप: अखिलेश यादव ने मेरे स्वर्गीय पिता का किया अपमान, मैंने उनके पिता को दी श्रद्धांजलि



### अखिलेश को विरासत में सियासत मिल सकती है बुद्धि नहीं

अखिलेश यादव के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को गुंडा बताए जाने के बयान पर डिप्टी सीएम ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ने अगर संघर्ष कर गद्दी हासिल की होती तो उन्हें गुंडा और एक नेता में अंतर पता होता। उन्होंने कहा कि अखिलेश को विरासत में सियासत मिल सकती है बुद्धि नहीं।

### पिछड़ी जाति के उप मुख्यमंत्री ने खेला कार्ड

डिप्टी सीएम ने अपने भाषण के दौरान पिछड़ा कार्ड खेला। उन्होंने कहा कि भाजपा ही अपने कार्यकर्ता का सम्मान कर सकती है। मध्य प्रदेश में डॉ. मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाया तो वहीं पिछड़ी जाति से आने वाले एक चाय वाले को प्रधानमंत्री बनाया। हरियाणा में नायब सिंह सैनी को भी भाजपा ने मुख्यमंत्री बनाया। ऐसा केवल भारतीय जनता पार्टी ही कर सकती है।

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

सोमवार को मैनपुरी के छोटा क्रिश्चियन मैदान में भाजपा प्रत्याशी पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह की नामांकन सभा को संबोधित करने के लिए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य पहुंचे। पूरे भाषण में उनके निशाने पर सपा रही। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ने सदन में मेरे स्वर्गीय पिता का अपमान किया था, लेकिन मैंने उनके पिता को सैफई जाकर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने जनता से सपा की साइकिल पंचर करने और कमल खिलाने की अपील की। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मैं मैनपुरी को साइकिल वालों की गुंडागर्दी से मुक्ति दिलाने आया हूं। इस बार मैनपुरी आखिरी कील ठोंकने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि ये चुनाव मैनपुरी को सौ साल आगे ले जाने का चुनाव है। ऐसे में इस बार भाजपा को जिताना जरूरी है। अखिलेश पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि जब से उन्हें पता चला है कि मैनपुरी में मध्यप्रदेश के सीएम मोहन यादव आ रहे हैं, उनकी नींद उड़ गई है। 2012 से 2017 के बीच सपा के कार्यकाल को याद करते हुए उन्होंने कहा कि सपा सरकार ने खूब गुंडई कराई। मैनपुरी से ज्यादा इस दर्द को कौन जानता है। उन्होंने कहा कि तब नारा दिया जाता था जिस गाड़ी में सपा का झंडा, उस गाड़ी में बैठा गुंडा और सपा का नारा खाली प्लाट हमारा। लेकिन भाजपा सरकार बनने के बाद नजारा बदल गया। आज गुंडागर्दी खत्म हो गई है और माफिया जेल के अंदर हैं। डिप्टी सीएम ने कहा कि उन्होंने एक बयान दिया था कि सपा गुंडों को पैदा करने की फैक्टरी है तो सपा वाले नाराज हो गए। अगर एक शरीफ आदमी भी लाल टोपी लगा लेता है तो वह गलत रास्ते पर चलने के लिए मजबूर हो जाता है। उन्होंने दावा किया कि मैनपुरी में भाजपा का 70 प्रतिशत वोट है। इसलिए इस चुनाव में साइकिल को पंचर कर सैफई भेजने की लोगों से अपील की। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की कुंडली में प्रधानमंत्री और अखिलेश यादव की कुंडली में मुख्यमंत्री बनने का अब योग नहीं है। इस दौरान उन्होंने जेल गए दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से जमानत न मिलने को लेकर भी घेरा। कहा प्रधानमंत्री पर विरोधी आरोप लगाते हैं कि उन्होंने मुख्यमंत्रियों को जेल भेजा, लेकिन अब न्यायालय ने भी जमानत न देकर ये साफ कर दिया है भ्रष्टाचारी जेल में ही रहेंगे। इस दौरान प्रत्याशी जयवीर सिंह, विधायक भोगांव रामनरेश अग्निहोत्री, पैक्सफेड चेयरमैन प्रेमसिंह शाक्य, विधायक इटावा सरिता भदौरिया, पूर्व विधायक अशोक सिंह चौहान, जिलाध्यक्ष राहुल चतुर्वेदी मौजूद रहे।

## भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी बैंक ऑफ़ इंडिया की शाखा गहदो, तय समय से नहीं पहुँचते बैंक कर्मचारी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**




भ्रष्टाचार के आरोप समय समय पर अधिकतर विभागों की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़े करते रहते हैं। मगर यही भ्रष्टाचार के आरोप अगर बैंको पर लगने लगे तो सवाल उठता है। आखिर बैंको की ईमानदारी की साख पर लगता बट्टा अपने खाताधारको का विश्वास कैसे बचा पायेगा। राजधानी लखनऊ की बैंक ऑफ इंडिया की शाखा गहदो मे ऐसा ही एक भ्रष्टाचार का प्रकरण सामने आया है। बैंक ऑफ इंडिया की गहदो शाखा की कार्यप्रणाली पर खाताधारको से बदसलुकी, ऋण खाताधारको से वसूली के लिये धमकी, महीनो से बंद खातों से लेन देन जैसे सवालिया निशान तो पहले से ही थे। मगर घूसखोरी और भ्रष्टाचार के आरोपों ने बैंक की साख को खतरे मे डाल दिया है। बैंक ऑफ इंडिया की शाखा गहदो मे सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। शाखा मे कार्यरत अधिकतर कर्मचारी अपने तय समय 10 बजे बैंक शाखा नहीं पहुँच पाते हैं। कोई कर्मचारी 10 बजकर 20 मिनट तो कोई कर्मचारी 10 बजकर 30 मिनट पर शाखा पहुंचते हैं। और तो और कार्य दिवस मे बैंक मे बाहर से ताला जड़ दिया जाता है क्योंकि बैंक शाखा यह तय करती है कि कितने लोग बैंक परिसर मे रहेंगे कितने लोगो का लेनदेन होगा। जिसके कारण बैंक आने वाले खाताधारको को असुविधा और भीड़ का सामना करना पड़ता है। वहीं दूसरी तरफ सूत्रों की माने तो बैंक ऑफ इंडिया की शाखा गहदो मे घूसखोरी भी अपने चरम सीमा पर है। जानकारी के मुताबिक बैंक शाखा ऋण पत्रावलियों की स्वीकृति के लिये मोटी रकम की मांग करती है। किसी भी स्वरोजगार वाली सरकारी योजनाओं पर ऋण स्वीकृति करने के एवज मे 10 -12 प्रतिशत सुविधा शुल्क (घूस ) की मांग करते हैं। जो लाभार्थी ऋण के बदले सुविधा शुल्क ( घूस ) देने मे असमर्थता जाहिर करता है। उसकी ऋण पत्रावलियों को कुछ न कुछ कमियाँ बताकर सुनियोजित तरीके से अस्वीकार कर दिया जाता है। वहीं जो लाभार्थी सुविधा शुल्क ( घूस ) देने की हामी भर लेते उनकी ऋण पत्रावलियों को स्वीकृति प्रदान कर ऋण प्रदान कर दिया जाता है। ज्ञात हो बैंक ऑफ इंडिया की शाखा गहदो पर पूर्व मे भी भ्रष्टाचार की विजलेंस जाँच हुई थी मगर फिर उसे ठंडे बस्ते मे डाल दिया गया था। जानकारी के मुताबिक तत्कालीन ऋण प्रबंधक नरेश चंद्र द्विवेदी ने बैंक को कमाई का अड्डा बना रखा था। जिसकी शिकायत भी दर्ज करायी गई थी जाँच के नाम पर विजलेंस के अधिकारी भी आये थे। मगर तत्कालीन ऋण प्रबंधक ने अपने रसूख का प्रयोग कर शिकायतकर्ताओं पर दबाव बनाकर शिकायत वापस करा ली थी। सूत्रों के अनुसार तत्कालीन ऋण प्रबंधक ने तमाम ऋण लाभार्थियों का ऋण तो कर दिया था। मगर सूदखोर की मदद से उस ऋण का पैसा खुद लेकर सूदखोर के माध्यम से ब्याज पर देने का काम करते थे। अब देखने वाली बात यह होगी बैंक के उच्चाधिकारी अपने खाताधारको के स्वाभिमान और अधिकारों को बचाने के लिये क्या कदम उठाते हैं।

## फास्ट फॉरवर्ड

### विपक्ष कहीं लड़ाई में ही नहीं: ब्रजेश

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि विपक्ष कहीं लड़ाई में नहीं है। विपक्ष जिस ढंग से भ्रष्टाचारी इंडी गठबंधन को लेकर चल रहा है वह पूरी तरह फ्लॉप साबित होगा। विपक्ष के पास कोई योजना नहीं है। इंडी गठबंधन से प्रत्याशी चुनाव लड़ना नहीं चाहते हैं। समाजवादी पार्टी हर रोज अपने प्रत्याशी बदल रही है।सोमवार को भारतीय जनता पार्टी एटा कासगंज लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राजवीर सिंह 'राजू भैया' का नामांकन कराने के लिए पहुंचे उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने नामांकन सभा में कहा कि विपक्ष न कहीं लड़ाई में है और न दूर दूर तक जनता के करीब आ पा रहा है। विपक्ष और जनता की दूरी बनी हुई है। जनमानस भारतीय जनता पार्टी के साथ जुड़ा हुआ है। विपक्ष ने एक भ्रष्टाचारी इंडी गठबंधन किया है जो पूरी तरह फ्लॉप साबित रहेगा। इंडी गठबंधन के भ्रष्टाचारी नेताओं ने 12 लाख करोड़ से ज़्यादा के घोटाले किए हैं। इनके नेताओं को कोर्ट से जमानत भी नहीं मिल रही है। जो नेता जेल के बाहर है वो बेल पर घूम रहे हैं।श्री पाठक ने कहा कि विपक्षियों को भी पता है कि वे चुनाव नहीं जीत रहे हैं। इस बार देश में भाजपा 400 पार पहुंच रही है और प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जनता के आशीर्वाद से कमल खिल रहा है। केंद्र में फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का गठन होगा। जनता से अभी से यह स्पष्ट कर दिया है। जनता का रूख बता रहा है भाजपा के अलावा किसी को भी पसंद नहीं किया जा रहा। उन्होंने भरोसा दिया कि भाजपा सदैव जनता की उम्मीदों पर पहले की तरह खरी उतरती आएगी।

### लोकसभा चुनाव: तृतीय चरण में 10 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 19 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 8-सम्भल में 1, 16-हाथरस अजा में 3, 18-आगरा अजा में 1, 19-फतेहपुर सीकरी में 2, 20-फिरोजाबाद में 2, 21-मैनपुरी में 1, 22-एटा में 1, 23-बदायूं में 2, 24-ऑवला में 1 तथा 25-बरेली में 4 प्रत्याशियों ने नामांकन किया।तृतीय चरण में नामांकन भरने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल है।तृतीय चरण का मतदान 07 मई को होगा ।प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा निर्वाचन की तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने की प्रक्रिया शुरू है। 12 अप्रैल को लोकसभा सामान्य निर्वाचन के तृतीय चरण की अधिसूचना जारी होने के साथ ही अब तक 19 प्रत्याशियों ने नामांकन किए। तृतीय चरण की 10 लोकसभा सीटों के लिए 15 अप्रैल को 18 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन किया गया। तृतीय चरण की 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 15 अप्रैल को जिन प्रत्याशियों ने नामांकन किया, उसमें 8-सम्भल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए पीस पार्टी से राशिद ने नामांकन पत्र भरा। 16-हाथरस अजा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए समाजवादी पार्टी से जसवीर, स्वराज भारतीय न्याय पार्टी से घनश्याम सिंह, निर्दलीय प्रत्याशी जयपाल ने नामांकन पत्र भरा।18-आगरा अजा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए भारतीय जनता पार्टी से सत्यपाल सिंह बघेल ने नामांकन पत्र भरा।19-फतेहपुर सीकरी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्दलीय प्रत्याशियों में अम्बेडकरी हसनुराम अम्बेडकरी तथा रामेश्वर सिंह ने नामांकन पत्र भरा।

## सभी जिलों में भाजपा आज एक साथ करेगी कॉरपोरेट बॉम्बिंग, लखनऊ में रहेंगे योगी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा सोमवार को प्रदेश के सभी 75 जिलों में एक साथ मीडिया के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों को जनता के सामने रखेगी। पार्टी ने इसे %%कॉरपोरेट बॉम्बिंग%% का नाम दिया है। पार्टी ने इसके लिए सभी बड़े नेताओं को मैदान में उतारा है। इस कड़ी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जहां भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में केंद्र सरकार के 10 साल के कार्यकाल का लेखा-जोखा रखेंगे, वहीं प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी मेरठ मे प्रेसवार्ता करेंगे। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मुरादाबाद में और बृजेश पाठक कानपुर में मीडिया के सामने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाएंगे। केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा नोएडा में और कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्या शामली व स्वतंत्रदेव सिंह बरेली में मीडिया को संबोधित करेंगे। इनके अलावा मंत्री सुरेश खन्ना शाहजहांपुर, लक्ष्मी नारायण चौधरी मथुरा, जेपीएस राठौर रायबरेली, नंद गोपाल नंदी अमेठी, गिरीश यादव जौनपुर और संजय गंगवार पीलीभीत में प्रेसवार्ता करेंगे। इसी तरह से मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को कौशांबी, दयाशंकर मिश्रा दयालू को मिर्जापुर, एके शर्मा को मऊ, राकेश सचान को फतेहपुर, नरेंद्र कश्यप को गौतमबुद्धनगर, धर्मवीर प्रजापति को संभल, ब्रजेश सिंह को अमरोहा, असीम अरुण को सहारनपुर, सोमेन्द्र तोमर को मुजफ्फरनगर, कपिल देव अग्रवाल को आगरा, दारा सिंह को कुशीनगर में सरकार की उपलब्धि बताने की जिम्मेदारी दी गई है। इसी प्रकार अन्य जिलों में भी शेष मंत्रियों और संगठन के पदाधिकारियों को भी जिम्मेदारी दी गई है।

## लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर कांग्रेस के मुकेश सिंह चौहान प्रत्याशी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ की पूर्वी लखनऊ विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने प्रत्याशी का ऐलान कर दिया है।कांग्रेस ने इस सीट पर पूर्व पार्षद मुकेश सिंह चौहान को उम्मीदवार बनाया है।यह जानकारी कांग्रेस ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर दी है। कांग्रेस ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 173-लखनऊ पूर्व निर्वाचन क्षेत्र से उत्तर प्रदेश विधान सभा के आगामी उपचुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में मुकेश सिंह चौहान की उम्मीदवारी को मंजूरी दे दी है। उत्तर प्रदेश की चार विधानसभा सीटों ददरौल, लखनऊ पूर्वी, गैंसड़ी और दुद्धी पर उपचुनाव होने हैं।लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट के विधायक रहे आशुतोष टंडन गोपाल जी के देहांत के बाद लखनऊ पूर्वी सीट खाली हो गई थी।निर्वाचन आयोग ने इस सीट पर बीते महीने ही चुनाव का ऐलान किया है।लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए लोकसभा चुनाव के साथ पांचवे चरण में संपन्न कराए जाएंगे और 20 मई को वोटिंग होगी। ददरौल में लोकसभा चुनाव के साथ चौथे चरण में 13 मई, गैंसड़ी सीट पर लोकसभा चुनाव के दौरान छठें चरण में 25 मई को और दुद्धी सीट सातवें चरण में 1 जून को मतदान कराए जाएंगे।ददरौल सीट मानवेंद्र सिंह के निधन, गैंसड़ी सीट शिव प्रताप यादव और दुद्धी विधानसभा सीट पर रामदुलार के अयोग्य ठहराए जाने के बाद उपचुनाव हो रहे हैं। इन सभी सीटों पर 4 जून को परिणाम आएंगे।



## बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर जी का 133वां जन्मदिन मनाया गया


**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

बी.आर. अम्बेडकर पार्क स्थल सरोसा ब्लाक काकोरी मे दलितों के मसीहा, आधुनिक भारत के निर्माता, भारतीय संविधान के रचयिता, नारी समाज के मुक्तिदाता, स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री ज्ञान के प्रतीक विश्वरत्न बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर जी के 133वे जन्मदिन पर माल्यार्पण करके उसके बाद केक कटा गया, इस दौरान गीत, भजन, रैली, भण्डारा बहुत ही धूमधाम से आयोजन किया गया, जिसमें ज्ञानचंद, विजय, विजय गौतम आनंद नीरज, अमित, संजीव, सतीश पाल मुन्ना, रंजीत, लव कुश, जितेंद्र, बबली गौतम, हरिपालयादव, मोहित, प्रेम, राजेश राव, राहुल, संगीत, गोलू राजू आदि क्षेत्रवासी का सहयोग रहा।

## डबल इंजन की सरकार ने भ्रष्टाचारियों की नाक में डाली नकेल: भूपेंद्र

- मोदी की गारंटी लेकर जनता के दरबार में है बीजेपी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने सोमवार को मेरठ में पत्रकारों से संवाद करते हुए कहा कि सशक्त भारत का विजन के साथ भाजपा मोदी की गारंटी लेकर जनता के दरबार में है। उन्होंने कहा कि हमने सुरक्षा का वादा किया था, उस वादे के मुताबिक डबल इंजन की सरकार ने गारंटी के साथ माफिया, गुंडे, अपराधी व भ्रष्टाचारियों की नाक में नकेल डालने का काम किया।प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि भाजपा का संकल्प सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण है। प्रदेश में सपा, बसपा की सरकारों के समय अराजकता, गुंडागर्दी का वातावरण था। सपा ने सत्ता और माफियाओं के नेक्सस से प्रदेश में नया आपराधिक कल्चर डेवलप किया और प्रदेश में जंगल राज कायम कर दिया। प्रदेश में खौफ की इंतहा हो चुकी थी। भाजपा को सुशासन के लिए जनादेश मिला और माफियाओं पर कानून का शिकंजा कसना शुरू हो गया। भयमुक्त वातावरण में निवेश आया और प्रदेश आर्थिक उन्नति की दिशा में बढ़ गया। आज बेटी, घर, मकान, दुकान, प्लॉट की सुरक्षा की गारंटी है। श्री चौधरी ने कहा कि अन्त्योदय दर्शन के आधार पर हम आगे बढ़ रहे है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के साथ युवा, नारी, किसान तथा गरीब के आर्थिक व सामाजिक उत्थान का संकल्प भाजपा लेकर आई है। जो आगामी 5 वर्षों में मोदी सरकार के कार्यों को आधार प्रदान करेगा। उन्होंने कहा मुफ्त राशन की गारंटी आगामी 5 वर्षों तक जारी रहेगी तथा आने वाले 5 वर्ष महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पित होंगे। भारत विरासत के साथ विकास की गति बढ़ाते हुए विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करेगा और आर्थिक महाशक्ति बनकर विश्व को दिशा देने का काम करेगा।

## सुनील बंसल ने कार्यकर्ताओं को किया संबोधित, बोले, भाजपा के सेनापति और राजदूत हैं बूथ अध्यक्ष

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने कहा कि बूथ स्तर पर काम करने वाले हमारे तीन करोड़ से ज्यादा कर्मठ कार्यकर्ता हैं, जो पार्टी के सेनापति और राजदूत हैं। पहले के समय में भी सेनापति और राजदूत का कार्य अपनी राज्य की सीमाओं का विस्तार करना अपने क्षेत्र को मजबूत किले के रूप में रखना होता था। इसी भूमिका में आपको कार्य करना है कि जिन लोगों ने पिछली बार वोट नहीं दिया, उनके वोट डलवाएं। सुनील बंसल रविवार को गोमती नगर विस्तार स्थित एक स्कूल के ऑडिटोरियम में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बूथ अध्यक्ष देखें कि पिछले चुनाव में किस मोहल्ले और किस गली में हमको वोट नहीं मिले, उन सभी क्षेत्रों में जाकर लोगों को पार्टी की उपलब्धियां बताएं। लोगों को पार्टी से जोड़ें। उन्होंने कहा कि हमें सिर्फ इतने से संतुष्ट नहीं होना है। अभी हम 60 फीसदी तक ही पहुंच सके हैं, अभी भी 40 फीसदी लोगों को पार्टी से जोड़ने का कार्य करना है। यदि भारत माता की जय करनी है तो देश के 140 करोड़ लोगों को जोड़कर एक साथ भारत माता की जय करनी होगी।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# संसदीय लोकतंत्र की रक्षा करने में देश सफल रहा

**अब सभी दलों ने प्रत्याशियों के चयन के साथ टिकटों का एलान कर अपनी रीति नीति को ज़ाहिर किया है। पार्टी हाई कमान राज-काज में भागीदारी के लिए योग्यता या अनुभव की जगह अपने विश्वासपात्रों को तलाश रहा है जो लायल बना रहे। जनता को अपने विश्वास में लेने के लिए न्याय और गारंटी पर खूब ज़ोर दिया जा रहा है । युवा, स्त्री, मज़दूर, किसान, गरीब आदि के लिए ख़ैरात बाँटने की घोषणा की भरमार हो रही है। वादों के ज़रिए जन-कल्याण का नुस्ख़ा पेश करते हुए बहुत से प्रस्ताव आ रहे हैं।**

*अंग्रेज़ी उपनिवेश के अंधे युग से मुक्ति के बाद भारत ने एक आधुनिक लोकतंत्र के रूप में अब तक तीन चौथाई सदी की यात्रा पूरी कर ली है। इस बीच यहाँ की राजनैतिक प्रतिबद्धताओं में उतार-चढ़ाव के कई दौर आए, कई आंतरिक और बाह्य आपदाएँ भी आईं फिर भी संसदीय लोकतंत्र की रक्षा करने में देश सफल रहा। इस बीच नेतृत्व में भागीदारी भी इस अर्थ में विकेंद्रित हुई कि वह अभिजात वर्ग के एकल वर्चस्व से बाहर आई। कहा जा सकता है कि देश की सामाजिक चेतना का विस्तार हुआ। कुल मिला कर पराधीन से स्वाधीनता की राह पर चलना एक विदेशी जकड़न से मुक्त कराने वाला अनुभव था पर 'पूर्ण स्वराज' की सोच एक आज तक अधूरी प्रोजेक्ट ही रही। उसने देश के नागरिकों को अनिवार्य दायित्व की एक अनदेखी डोर से भी बांधा था । स्वतंत्रता का अर्थ स्वच्छंदता न हो कर समर्थ होने और आत्म-निर्भर होने की दिशा में कदम बढ़ाना है।इसलिए जब अमृत-काल की अवधि में एक आत्मनिर्भर और सशक्त भारत के निर्माण के लिए संकल्प लिया गया तो सबने हामी भरी । इस काम में पूरे भारतीय समाज का जुड़ाव चाहिए। इसके लिए गणतंत्र की परिधि में संसदीय प्रणाली के अनुसार होना है । इस दृष्टि से लोक सभा का ताज़ा चुनाव एक ख़ास अवसर है। चुनाव के लिए प्रचार का काम ज़ोरों पर है। वोटर को फुसलाने और लुभाने के लिए क़िस्म-क़िस्म की तरकीबें आज़माई जा रही हैं ताकि जन-समर्थन और वोट इकट्ठा किया जा सके । जनसभा, रोड शो, रैली और रेला के बड़े और मेगा शो साथ-साथ अब घर-घर मतदाताओं से मिल कर अपने पार्टी के पक्ष में ज़मीनी स्तर पर प्रचार करने की क़वायद रफ़्तार पकड़ने लगी है। मीडिया ख़ास तौर पर टी वी चैनलों पर होने वाले वाद-विवाद (जिन्हें दंगल! हल्लाबोल! शंखनाद! के रूप में प्रचारित कर लोकप्रिय बनाया जाता है) गौर तलब हेन। इनमें नेताओं के अंत्करण की आवाज के साथ उनकी दृष्टि (और पार्टी) में बदलाव की आहट, दल-बदल की खबरें, चुनावी टिकट की अनोखी बंदरबाँट और विभिन्न दलों के झूठे-सच्चे आपसी आरोप-प्रत्यारोप के दावे विचार के विषय होते हैं। राजनैतिक पार्टियों के प्रवक्ताओं के (अनोखे और कभी-कभी हास्यास्पद किस्म के) वक्तव्य और तीखे वाग्युद्ध तथा राजनैतिक विश्लेषकों द्वारा की जाने वाली रोचक भविष्यवाचक टिप्पणियाँ दर्शकों की उत्सुकता बढ़ाती हैं। शायद उनकी राय बनाने में मददगार भी होन हालाँकि विभिन्न पार्टियों के बेतुके और परस्पर विरोधी दावे कई बार दिग्भ्रमित भी करते हैं। साथ ही सरकारों और नेताओं के दोषों, कमियों और ग़लतियों की फ़ेहरिस्त भी घटा-बढ़ा कर पेश की जाती है। नेताओं के पुराने और यादगार अच्छे-बुरे, प्रासंगिक और ग़ैर-प्रासंगिक (बेतुके!) कारनामों की भी मदद ली जाती है। उनके भूत उतारे नहीं उतरते और वर्तमान की लड़ाई के लिए इतिहास अस्त्र-शस्त्र मुहैया करता रहता है। इस बीच राजनैतिक चाल भी ठहरी नहीं रहती। गोया निरंतर इतिहास रचा जाता है। राजनीतिक परिदृश्य कुछ ऐसा है कि मोदी की उपस्थिति, छवि और संवाद-पटुता ने उनको राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया है। उनकी गतिशीलता ने भारत की छवि को भरोसेमंद बनाया है। उनकी रीति नीति में समावेश की प्रवृत्ति भी झलकती है। जनपक्षीयता, जन-सुविधाओं के व्यापकीकरण जैसे-डिजीटलीकरण, संसाधनों और इंफ़्रास्ट्रक्चर का विस्तार, आर्थिक मोर्चे पर मजबूती, प्रतिरक्षा तंत्र का स्वदेशीकरण, अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में देश के बढ़ते कदम आश्वस्ति का संकेत देते हैं। 'मोदी की गारंटी' असरदार हो रही है।*

## एक्सप्रेस आलेख

आज हम राजनीतिक दलों की विभीषिका और उसकी अतियों से ग्रस्त होकर राष्ट्र के मूल्यों को भूल गए हैं। भारतीय राजनीति उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। चारों ओर भ्रम और मायाजाल का वातावरण है। भ्रष्टाचार और घोटालों के शोर और किस्म-किस्म के आरोपों के बीच देश ने अपनी नैतिक एवं चारित्रिक गरिमा को खोया है। मुद्दों की जगह अभद्र टिप्पणियों ने ली है। व्यक्तिगत रूप से छींटाकशी की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाठशाला के प्रधानाचार्य की तरह अपने दल के कार्यकर्ताओं को पाठ पढ़ाया कि वह झूठे एवं बेबुनियाद आरोपों की परवाह किए बिना तेजी से काम करें। जबकि विपक्षी दलों की सारी की सारी कवायद में एक अनर्थ सच्चाई के ही दर्शन हुए।

# चुनाव में व्यक्ति नहीं, मूल्यों की स्थापना का दौर चले



ललित गर्ग

**कई राजनीतिक दल तो पारिवारिक उत्थान और उन्नयन के लिये व्यावसायिक संगठन बन चुके हैं। सामाजिक एकता की बात कौन करता है। आज देश में भारतीय कोई नहीं नजर आ रहा क्योंकि उत्तर भारतीय, दक्षिण भारतीय, महाराष्ट्रीयन, पंजाबी, तमिल की पहचान भारतीयता पर हावी हो चुकी है।**

लोकसभा चुनावों की सरगर्मियां उग्र से उग्रतर होती जा रही है, पहली बार भ्रष्टाचार चुनावी मुद्दा बन रहा है, कुछ भ्रष्टाचार मिटाने की बात कर रहे हैं तो कुछ भ्रष्टाचारियों को बचाने की बात कर रहे हैं। मुसलमान वोटों की राजनीति करने वाले दल अपने घोषणा पत्रों में उनके कल्याण की कोई बात ही नहीं कर रहे हैं, मुसलमानों का सशक्तीकरण करने की बचाय उनके तुष्टीकरण को प्राथमिकता दी जा रही है। कुछ दल देश-विकास की बात कर रहे हैं तो कुछ दल विकास योजनाओं की छिछलेदार कर रहे हैं। किसी भी दल के चुनावी मुद्दे में पर्यावरण विकास की बात नहीं हैं। व्यक्ति नहीं, मूल्यों की स्थापना के स्वर कहीं भी सुनाई नहीं दे रहे हैं। सत्ता और स्वार्थ ने अपनी आकांक्षी योजनाओं को पूर्णता देने में नैतिक कायरता दिखाई है। केजरीवाल जेल से सरकार चलाने की बात करके नैतिक एवं राजनीतिक मूल्यों के आन्दोलन से सरकार बनाने के सच को ही बदनुमा बना दिया है। इसकी वजह से लोगों में विश्वास इस कदर उठ गया कि चौराहे पर खड़े आदमी को सही रास्ता दिखाने वाला भी झूठा-सा लगता है। आंखें उस चेहरे पर सचाई की साक्षी ढूंढती हैं। समस्याओं से लड़ने के लिये हमारी तैयारी पूरे मन से होनी चाहिए। लोकतंत्र के महापर्व पर समझना चाहिए कि हमने जीने का सही अर्थ ही खो दिया है। यद्यपि बहुत कुछ उपलब्ध हुआ है। कितने ही नए रास्ते बने हैं। फिर भी किन्हीं दृष्टियों से हम भटक रहे हैं। भौतिक समृद्धि बटोरकर भी न जाने कितनी रिक्तताओं की पीड़ा सही है। गरीब अभाव से तड़पा है, अमीर अतृप्ति से। कहीं अतिभाव, कहीं अभाव। जीवन-वैषम्य कहां बांट पाया अपनों के बीच अपनापन। अट्टालिकाएं खड़ी हो रही हैं, बस्तियां बस रही हैं मगर आदमी उजड़ता जा रहा है। पूरे देश में मानवीय मूल्यों का ह्रास, राजनीति अपराध, भ्रष्टाचार, कालेधन की गर्मी, लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन, अन्याय, शोषण, संग्रह, झूठ, चोरी जैसे-अनैतिक अपराध पनपे हैं। धर्म, जाति, राजनीति-सत्ता और प्रांत के नाम पर नए संदर्भों में समस्याओं ने पंख फैलाये हैं। हर बार के चुनावों की तरह इस बार भी आप, हम सभी अपने आपको जीवन से जुड़ी अंतहीन समस्याओं के कटघरे में खड़ा पा रहे हैं। कहा नहीं जा सकता कि जनता की अदालत में कहां, कौन दोषी है? पर यह चिंतनीय प्रश्न अवश्य है हम इतने उदासीन



**वोट बैंक की राजनीति ने सामाजिक व्यवस्था को क्षत-विक्षत करके रख दिया है। ऐसा लगता है कि सब चोर एक साथ शोर मचा रहे हैं और देश की जनता बोर हो चुकी हैं। हमें अतीत की भूलों को सुधारना और भविष्य के निर्माण में सावधानी से आगे कदमों को बढ़ाना।**

एवं लापरवाह कैसे हो गये कि राजनीति को इतना आपराधिक होने दिया? जब आपके द्वार की सीढ़ियां मैली हैं तो अपने पड़ौसी की छत पर गन्दगी का उलाहना मत दीजिए। कोई भी अच्छी शुरूआत सबसे पहले स्वयं की की जानी जरूरी है। देश के लोकतंत्र को हांकने वाले लोग इतने बदहवास होकर निर्लज्जतापूर्ण कारनामे करेंगे, इसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। चौराहे पर खड़ा आदमी सब कुछ देख रहा है। उसे कुछ सूझ नहीं रहा कि वह कौन सी राह पकड़े। आम आदमी सरकार ने शराब-शिक्षा में घोटाले किए, दागी चिन्हित भी हुए लेकिन आप सरकार ने भ्रष्टाचार को लेकर दोहरे मापदंड अपना लिए। अपनों द्वारा किया गया भ्रष्टाचार कोई भ्रष्टाचार नहीं, राबर्ट वाड्रा के खिलाफ कुछ नजर नहीं आता और वे चुनाव लड़ने की बात करते हैं। बात केवल कांग्रेस की ही नहीं है, बात राजनीतिक आदर्शों की हैं। जिसकी वकालत करते हुए कभी अन्ना हजारे तो कभी बाबा रामदेव, कभी केजरीवाल तो कभी श्री रविशंकरजी जन-आन्दोलन की अगवाई करते देते थे, अब ना तो ऐसे आन्दोलन होते हैं न ही उन पर विश्वास रहा। हमारे भीतर नीति और निष्ठा के साथ गहरी जागृति की जरूरत है। नीतियां सिर्फ शब्दों में हो और निष्ठा पर संदेह की परतें पड़ने लगें तो भला उपलब्धियों का आंकड़ा वजनदार कैसे होगा? बिना जागती आंखों के सुरक्षा की साक्षी भी कैसी! एक वफादार चौकीदार अच्छा सपना देखने पर भी इसलिए मालिक द्वारा तत्काल हटा दिया जाता है कि पहरेदारी में सपनों का खयाल चोरी को खुला आमंत्रण है। भाजपा जो हमेशा राजनीतिक शुचिता की बात करती रही, उसकी शुचिता कहां है? कितने दागी एवं अपराधी नेताओं को उसने अपने दल में जगह ही नहीं दी, टिकट तक दे दिया। हो सकता है 400 के बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिये भाजपा की कुछ मजबूरियां हो। कमल तो खिलेगा ही, लेकिन उस खिलाहट में मजबूरियों के नाम पर मूल्यों के साथ समझौता नहीं होता तो यह लोकतंत्र को स्वस्थ बनाने का एक अनूठा उदाहरण होता। श्रीमती इन्दिरा गांधी ने कभी कहा था कि व्यक्ति को अपने जन्म से नहीं बल्कि कर्म से पहचाना जाना चाहिए, यह वाक्य उनके पोते राहुल गांधी पर भी लागू हो रहा है। वे तमाम सुखों एवं सुविधाओं में पले-बढ़े और उन्होंने जीवन में कोई संघर्ष नहीं किया या ये कहें कि जीवन के लिए संघर्ष करने की उनके सामने कोई नौबत नहीं आई। कहते हैं- ÷जा के पैर न परी बिवाई, वो क्या जाने पीर पराई÷। जब आप लोगों की पीड़ा को उसी भाव से महसूस नहीं कर पाते तो दूसरों को आपकी बात पर भरोसा नहीं हो पाता। इस भरोसे को पाने के लिए उस पीड़ा को पहले खुद भुगतना होता है। यही वजह है कि राहुल गांधी सच्ची और ठीक बात कहते हैं तब भी लोग उसे उस सच्चाई के साथ, उस भाव में अंगीकार नहीं कर पाते। लोकतंत्र में राजनीतिक दलों का मौजूदा यह आचरण स्वीकार्य नहीं। पूरा राजनीतिक वातावरण ही हास्यास्पद हो चुका है। यदि हालात नहीं सुधरे तो राजनीतिक दलों की दुर्गति तय है। बदलती राजनीतिक सोच एवं व्यवस्था के मंच पर बिखरते मानवीय मूल्यों के बीच अपने आदर्शों को, उद्देश्यों को, सिद्धांतों को, परम्पराओं को और जीवनशैली को हम कोई ऐसा रंग न दे दें कि उससे उभरने वाली आकृतियां हमारी भावी पीढ़ी को सही रास्ता न दिखा सकें। राजनीति का वह युग बीत चुका जब राजनीतिज्ञ आदर्शों पर चलते थे।

## एक्सप्रेस कविता

*मुझे फेके गए पत्थर अपार मिले,*
*फब्तियाँ,ताने बन कर हार मिले।*
*शौक रखता हूं सब के साथ चलने का,*
*कही ठोकरे,कही जम कर प्यार मिले।*
*जीवन बीता आपा-धापी में ही यारों,*
*कभी मीठे बोल या प्रखर प्रहार मिले।*
*आनंद तो जीवन में चलते जाना ही हैं*
*प्रातःजीत मिले या दोपहर हार मिले।*
*खुशियों से दुशरों की खुश मिले लोग,*
*पर खुद से बेहद लाचार बेजार मिले।*
*आओ लगो यार से गले प्यार से,*
*शाम ये शायद न बार बार मिले।*
*भीग लें यादों की गुनगुनी बारिश में,*
*न ऐसी मदहोश निशा हर बार मिले।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*यदि आप बहाने बनाते हैं मतलब सफल तो बनना चाहते हैं लेकिन कार्य करने से जी चुराते हैं। सफलता और बहाने कभी एक साथ नहीं हो सकते।*





*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | अष्टमी 13:24 तक |
| नक्षत्रः | पुष्य 29:15 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | मंगलवार |
| योगः | धृति, 23:16 |
| सूर्योदयः | 05:55 |
| सूर्यास्तः | 18:46 |
| चंद्रमाः | कर्क राशि में |
| राहुकालः | 05:33-17:10 |
| विक्रमी संवत्: | 2081 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | चैत्र |
| शुभ मुहूर्तः | 11:57-12:45 |

# जन एक्सप्रेस

### गुफ्तगू है अंदर !

*धीरे-धीरे चुपके-चुपके ।*
*हैं रहे वो मिल ।।*
*गुपतगू है अंदर ।*
*गई हैं बांछे खिल ।।*
*हो रहे हैं एक ।*
*बढ़ रहा है प्यार ।।*
*लगता अंदरुनी अब ।*
*खत्म हुआ तकरार ।।*
*नासमझ थे जो ।*
*मूर्ख उन्हें बनाया ।।*
*कुर्सी राजनीति की ।*
*रही है ऐसी माया ।।*
*साध रहे हैं हित ।।*
*जो उनका अधिकार ।।*
*कहने वाले कहते हैं ।*
*इसको चमत्कार ।।*




- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# स्किन को हेल्दी और ग्लोइंग रखने के लिए चेहरे पर लगाएं होममेड नाइट क्रीम, दूर होंगी त्वचा की समस्याएं

**स्वास्थ्य** के साथ-साथ त्वचा का भी ध्यान रखना बहुत जरूरी है। उम्र बढ़ने के साथ बीमारियां और त्वचा से जुड़ी समस्याएं दोनों बढ़ने लगती है और बुढ़ापे के लक्षण त्वचा पर नजर आने लगते हैं। चेहरे पर झुर्रियां, फाइन लाइन्स और काले धब्बे किसे पसंद होते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप कम उम्र से ही अपने स्किन का ध्यान रखना शुरू कर दें। माना जाता है कि रात का समय स्किन केयर रूटीन के लिए सबसे अच्छा होता है, क्योंकि दिनभर में चेहरे पर जमी धूल मिट्टी और गंदगी को चेहरे से निकाल कर सोने से त्वचा न सिर्फ हेल्दी रहती है, बल्कि समय से पहले बढ़ते उम्र के लक्षणों को कम करने में भी मदद मिलती है।



**चावल का पानी:** चावल का पानी विटामिन, मिनरल्स और एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर होता है, जो स्किन को पोषण और चमक देने में मदद कर सकता है। इस पानी में अमीनो एसिड भी होता है जो कोलेजन उत्पादन को बढ़ावा देता है और बुढ़ापे के लक्षणों को कम करने में फायदेमंद हो सकता है।

**नारियल का तेल:** नारियल का तेल एक नेचुरल मॉइस्चराइजर के रूप में काम करता है, जो स्किन को हाइड्रेटेड रखने और उसे मुलायम बनाने में फायदेमंद होता है। इस तेल में रोगाणुरोधी गुण भी होते हैं, जो पिंपल्स होने से रोकने और चेहरे पर होने वाली जलन को शांत करने में मदद करता है।

**विटामिन ई:** विटामिन ई कैप्सूल में एंटी-ऑक्सीडेंट गुण मौजूद होते हैं, जो स्किन को सूरज की हानिकारक किरणों से होने वाले नुकसान से बचाने में मदद करते हैं। यह डैमेज स्किन को ठीक करने में भी मददगार है।

**दूध:** दूध में लैक्टिक एसिड होता है, जो स्किन को एक्सफोलिएट करने और डेड स्किन सेल्स को हटाने में मदद कर सकता है, जिससे स्किन सॉफ्ट और चमकदार बनती है।

**एलोवेरा:** एलोवेरा में ऐसे गुण मौजूद होते हैं, जो त्वचा की सूजन को शांत करने, रेडनेस को कम करने और स्किन को स्वस्थ रखने के लिए जाने जाते हैं। नियमित रूप से इस नाइट क्रीम का उपयोग स्किन को पोषण देने और ग्लोइंग बनाने में मदद कर सकता है। लेकिन ध्यान रहे अगर आप पहली बार इस क्रीम का का इस्तेमाल कर रहे हैं तो उपयोग से पहले पैच टेस्ट जरूर कर लें।

### सामग्री

- चावल का पानी- 2 बड़े चम्मच
- नारियल का तेल- 1 बड़ा चम्मच
- विटामिन ई कैप्सूल- 1
- दूध- 1 बड़ा चम्मच
- ताजा एलोवेरा जेल- 1 बड़ा चम्मच

### क्रीम बनाने की विधि-

- एक छोटा बाउल लें और उसमें चावल का पानी, नारियल तेल और विटामिन ई कैप्सूल डालकर मिला लें।
- अब इसमें दूध और एलोवेरा जेल डालकर एक चिकना पेस्ट बनने तक मिलाते रहें।
- आपकी क्रीम तैयार है, इसे एक एयर टाइट कंटेनर में इसे स्टोर करें।
- बस आप रात को सोने से पहले स्किन को हेल्दी रखने के लिए इस नाइट क्रीम का उपयोग करें।

## एक्सप्रेस विशेष

# देश के विकास के लिए गौमांस खिलाने की नफरती मानसिकता से निजात मिले



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**इस संदर्भ में एक निर्णय वर्ष 2021 में इलाहाबाद हाईकोर्ट का आया था, इसके बारे में भी आज विचार करना जरूरी है। न्यायालय ने वैदिक, पौराणिक, सांस्कृतिक महत्व और सामाजिक उपयोगिता को देखते हुए गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने का सुझाव केंद्र सरकार को दिया है।**

**गुजरात** के वडोदरा से सामने आई खबर समोसे में बीफ (गाय का मांस) भरकर बेचा जा रहा था से लेकर देश के अलग-अलग राज्यों से गैर मुसलमानों को गौमांस खिलाने की कई घटनाएं पिछले दिनों घटती हुई पाई गई हैं । किसी को भ्रम में रखकर और सही जानकारी न देते हुए धोखे से गाय का मांस खिलाया जाना निश्चित ही क्रूरता के अंतर्गत आएगा।प्रति वर्ष इस प्रकार की अनेकों घटनाएं आपको होती दिखती हैं। इन सभी घटनाओं में जो समानता है वह है इस्लाम को माननेवाले लोग ही इस प्रकार के कृत्य को करते हुए पाए जाते हैं, जबकि वह यह अच्छे से जानते हैं कि गाय को मां के रूप में हिन्दुओं समेत अन्य गैर मुस्लिम पंथों में मान्यता है। हिन्दुओं के धर्म ग्रंथों में अनेक उदाहरण हैं जो यह कहते हैं कि गाय का रक्षण हर हाल में होना चाहिए - यः पौरुषेयेण करविषा समडकते यो अश्वेयेन पशुयातुधानः। यो अघ्न्याया भरति कषीरमग्ने तेषांशीर्षाणि हरसापि वर्श्च॥- (ऋग वेद, मंडल 10, सूक्त 87, ऋचा 16) इसका अर्थ हुआ कि जो मनुष्य नर, अश्व अथवा किसी अन्य पशु का मांस सेवन कर उसको अपने शरीर का भाग बनाता है, गौ की हत्या कर अन्य जनों को दूध आदि से वंचित रखता है, हे

**हिन्दुओं का आहार के प्रति उनका विश्वास, जिसका कि अधिकांश हिन्दू सदियों से परंपरागत रूप से पालन करते आ रहे हैं और दूसरी तरफ इस्लाम को माननेवाले वे कई लोग हैं जोकि अपनी नफरत को साकार रूप देने के लिए हिन्दू समेत गैर मुसलमानों के साथ वह व्यवहार कर रहे हैं, जोकि क्रूरता की श्रेणी मे आता है। क्योंकि ये मुसलमान उन तमाम हिन्दुओं एवं अन्य को वह सब धोखे से खिला रहे हैं।**

अग्निस्वरूप राजा, अगर वह दुष्ट व्यक्ति किसी और प्रकार से न सुने तो आप उसका मस्तिष्क शरीर से विदारित करने के लिए संकोच मत कीजिए। देखा जाए तो हिन्दू धर्म में अश्व, नर, गाय, श्वान, सर्प, सुअर, शेर, गज और पवित्र पक्षी (हंसादि) का मांस खाना वर्जित किया गया है। हालांकि कुछ संहिताओं में जैसा कि सुश्रुत संहिता में मिलता है, आयुर्वेदज्ञ सुश्रुत कहते हैं कि बहुत आवश्यक होने पर ही रोगोपचार में शरीर की पुष्टि हेतु कभी-कभी मांसाहार करना जरूरी होता है। सुश्रुत संहिता कहती है कि मांस, लहसुन और प्याज औषधीय है। औषधि किसी बीमारी के इलाज के लिए होती है आपके जिव्हा के स्वाद के लिए या इसका नियमित सेवन करने के लिए नहीं होती है। अर्थात, यदि मांस भक्षण भी करना पड़े तो वह जीभ के स्वाद के लिए नहीं, बल्कि स्वास्थ्य के लिए है, वह भी जब आयुर्वेदाचार्य, चिकित्सक बताएं तभी किया जाए, अन्यथा नहीं। उपनिषदों में बताया गया है कि जैसा अन्न होगा, वैसा ही मन बनता है - अन्नमयं ही सोम्य मनः। (छान्दोग्योपनिषद, 6। 5। 4) अर्थात् अन्न का असर मन पर पड़ता है। अन्न के सूक्ष्म सारभाग से मन (अन्तःकरण) बनता है। दूसरे नम्बर के भाग से वीर्य, तीसरे नम्बर के भाग से रक्त आदि और चौथे नम्बर के स्थूल भाग से मल बनता है, जोकि बाहर निकल जाता है। अतः मनको शुद्ध बनाने के लिये भोजन शुद्ध, पवित्र होना चाहिये। भोजन की शुद्धि से मन (अन्तःकरण) की शुद्धि होती है- आहार शुद्धौ सत्त्व शुद्धिः (छान्दोग्योपनिषद 2। 26। 2)। जहाँ भोजन करते हैं, वहाँ का स्थान, वायुमण्डल, दृश्य तथा जिस पर बैठकर भोजन करते हैं, वह आसन भी शुद्ध, पवित्र होना चाहिये। कारण कि भोजन करते समय प्राण जब अन्न ग्रहण करते हैं, तब वे शरीर के सभी रोमकूपों से आसपास के परमाणुओं को भी खींचते, ग्रहण करते हैं। अतः वहाँ का स्थान, वायुमण्डल आदि जैसे होंगे, प्राण वैसे ही परमाणु खींचेंगे और उन्हीं के अनुसार मन बनेगा। इसके साथ ही हिन्दू धर्म में श्रीमद्भगवत् गीता अन्न को तीन श्रेणियों में विभाजित करते हुए उसके सेवन के बारे में ज्ञान देती है। आहारस्त्वपि सर्वस्य त्रिविधो भवति प्रिय''(17/7)। यह तीन श्रेणियां हैं, सत्व, रज और तम। गीता के अनुसार अन्न से ही मन और विचार बनते हैं। जो मनुष्य सात्विक भोजन ग्रहण करता है उसकी सोच भी सात्विक होगी। अत~ सात्विकता के लिए सात्विक भोजन, राजसिकता के लिए राजसिक भोजन और तामसी कार्यों के लिए तामसी भोजन होता है। गीता कहती है कि यदि कोई सात्विक व्यक्ति तामसी भोजन करने लगेगा तो उसके विचार और कर्म भी तामसी हो जाएंगे। श्रीमद्भगवद्गीता में योगिराज श्रीकृष्ण स्पष्ट करते हैं कि आहार शुद्ध होने पर ही अंतःकरण शुद्ध होता है और शुद्ध अंतःकरण में ही ईश्वर में स्मृति सुदृढ़ होती है तथा स्मृति सुदृढ़ होने से हृदय की अविद्या जनित गांठे खुल जाती हैं। स्वस्थ और सुखी जीवन के लिए संतुलित आहार की आवश्यकता को भगवान श्रीकृष्ण, अर्जुन के माध्यम से सारगर्भित रूप व्याख्यायित करते हैं। भगवद्गीता के छठे अध्याय के 17 वें श्लोक में श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं- ''युक्ताहारविहारस्य युक्ताचेष्टस्य कर्मसु। युक्तस्वप्नावबोधस्य योगो भवति दुःखहा।''

# संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप, पिता बोले, मुंह से निकल रहा था खून

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** थाना अलीगंज क्षेत्र में नौरंगाबाद निवासी विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। उसके मायकेवालों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि मृतका के शरीर पर चोटों के कई निशान थे। मुंह से खून भी निकल रहा था। उन्होंने ससुरालियों पर मामले को छिपाने का भी आरोप लगा रहे हैं। शिकायत पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच शुरू कर दी है। गांव अटकोहना (थाना माधौटांडा) निवासी पिता कुलदीप सिंह ने बताया कि बेटी हरप्रीत कौर की पांच साल पहले अलीगंज के नौरंगाबाद निवासी मनप्रीत सिंह के साथ शादी की थी। बेटी का साढ़े तीन साल का एक बेटा भी है।आरोप है कि ससुरालियों ने पुत्री के साथ मारपीट की और उसे मार डाला। उसके शरीर पर चोट के निशान थे। मुंह से खून भी निकल रहा था।उन्होंने ससुरालियों पर आरोप लगाते हुए बताया कि पांच दिन पहले सूचना दी थी कि बेटी ने कुछ जहरीला पदार्थ खा लिया था, उसे लखनऊ में उपचार कराने की बात कही थी लेकिन लखनऊ पहुंचने से पहले ससुराली बिना किसी सूचना के पुत्री को वापस घर ले आए। इसके बाद भी मौत की सूचना नहीं दी। बेटी के साथ किसी तरह की अनहोनी होने की आशंका होने पर मामला पुलिस को बताया। सूचना पर पहुंची डायल - 112 ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका के मायकेवालों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी उधर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतका के पिता कुलदीप सिंह ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगा रहे थे। तो ससुरालियों ने अपने बचाव में कहा कि महिला ने पांच दिन पहले ही घर पर रखे विशाक्त पदार्थ का सेवन किया था। इससे उसकी तबीयत बिगड़ी और उसको इलाज के अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं मृतका के पिता का कहना था कि जब वह पांच दिन से बिमार थी तो इसकी सूचना मायके में क्यों नहीं दी गयी। उन्होंने आरोप लगाते हुए साफ तौर कहा है कि ससुरालियों ने रणनीति के तहत के उसकी बेटी को मौत के घाट उतार दिया।

## मुर्गी फार्म में लगी भीषण आग छह हजार चूजे जिंदा जले

जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी



थाना पढुआ क्षेत्र के गांव बिनौरा के निकट स्थित बने मुर्गी फार्म में सोमवार की सुबह अज्ञात कारणों से आग लग गई। तेज हवा चलने के कारण उठी लपटों ने पड़ोस स्थित दूसरे मुर्गी फार्म को भी अपनी चपेट में ले लिया। एक साथ दो मुर्गी फार्म जलने से पड़ोस के गांव बिनौरा में भी चीख पुकार मच गई। मुर्गी फार्म की तरफ बने घरों के लोग सामान निकालकर सुरक्षित स्थानों पर ले जाने लगे। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में करीब छह हजार चूजे जिंदा जल गए। मुर्गी फार्म मालिक ने करीब 25 लाख रुपये का नुकसान होने का अनुमान जताया है। थाना पढुआ के गांव बिनौरा से करीब एक किलोमीटर दूरी पर जहांदार खां ने अपने खेत में पास-पास में दो मुर्गी फार्म बना रखे हैं। इनमें करीब 6 हजार चूज पले थे। करीब छह लाख रुपये का चूजों का दाना, तख्त आदि सामान भी रखा हुआ था। मुर्गी फार्म मालिक जहांदार खां ने बताया कि घटना सोमवार की सुबह करीब 11 बजे की है। वह अपने भाई कामरान और नौकर के साथ मुर्गी फार्म के बाहर बैठे थे। तभी अचानक मुर्गी फार्म में पीछे की तरफ से आग भड़क उठी। जिस वक्त आग लगी। उस समय तेज हवा भी चल रही थी। वह लोग जब तक मौके पर पहुंचते और आग बुझाने की कोशिश करते। इससे पहले ही आग ने विकराल रूप ले लिया।

आग की उठ रहीं लपटें हवा के चल रहे तेज झोंकों के कारण काफी दूर तक जा रहीं थीं। यह देख उन्होंने शोर मचाया। शोर शराबा होने पर गांव बिनौरा के बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए, लेकिन आग की लपटों के आगे असहाय रहे। घटना की सूचना फायर बिग्रेड और पुलिस को दी गई।

मौके पर फायर बिग्रेड के साथ मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। फायर बिग्रेड के कर्मचारियों ने जैसे-तैसे आग पर काबू पाया।

इस अग्निकांड में दोनों मुर्गी फार्मों पर पल रहे 6 हजार चूजों की जिंदा जलकर मौत हो गई। इसके अलावा चूजों का दाना, तख्त आदि रखा सारा सामान भी जलकर राख के ढेर में बदल गया। मुर्गी फार्म स्वामी ने करीब 25 लाख रुपये की क्षति होने का अनुमान लगाया गया है। हल्का लेखपाल आदित्य मिश्र ने बताया कि चूजों का बीमा आदि होता है। इसलिए व्यक्तिगत नुकसान का आंकलन कर वह तहसील प्रशासन को इसकी रिपोर्ट सौंपेंगे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### उमरा के लिए दी गई विदाई

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी। तहसील क्षेत्र के गांव बिलहरी के मजरा ग्राम पकरिया से उमरा करने के लिये दो लोगों को ग्रामीणो ने फूल माला व मिठाई खिलाकर रवाना किया।सोमवार को पकरिया निवासी 45 वर्षीय अरशद खान पुत्र रशीद खान और शकिरा वेगम पत्नी रशीद खां को उमरा जाने के चलते ग्रामीणो ने उन्हे फूलमाला पहनाकर और उनका मुंह मीठा कराकर ढोल नगाडो के साथ विदा किया।विदाई देने वालों में बिलहरी के ग्राम प्रधान अजमुद्दीन अंसारी, डॉ मोहसिन रजा नदवी,सरबर अंसारी,असलम खान, ऐससान खान, इशरत अंसारी,इम्तियाज अंसारी सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।



### 13 मई मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश रहेगा: डीएम

जन एक्सप्रेस । हरदोई। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने अवगत कराया है कि प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जनपद में 13 मई 2024 को होने वाले लोक सभा सामान्य निर्वाचन में मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश रहेगा और इस दिन कोषागार एवं उप कोषागार भी बन्द रहेंगें।

### आम जनमानस को मतदान करने हेतु प्रेरित करें: मंगला प्रसाद सिंह

जन एक्सप्रेस । हरदोई। स्वामी विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने नोटरी अधिवक्ताओं के साथ बैठक की। जिलाधिकारी ने अधिवक्ताओं को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के नामांकन की व्यवस्थाओं की जानकारी दी। उन्होंने गोष्ठी के अंत में सभी अधिवक्ताओं को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी तथा आम जन को मतदान हेतु प्रेरित करने की अपील की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### निर्वाचन आयोग की ओर से उपलब्ध है ऑनलाइन आवेदन की सुविधा: डीएम

जन एक्सप्रेस । हरदोई। जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु किसी भी आयोजन जैसे रैली, सभा आदि की परमीशन हेतु आवेदन नियत तिथि से कम से कम 48 घंटे पूर्व किया जाना है। निर्वाचन आयोग की ओर से आवेदनकर्ताओं को ऑनलाइन परमीशन की सुविधा प्रदान की गयी है। इसके लिए सबसे पहले निर्वाचन आयोग की वेबसाईट suvidha.eci.gov.in पर लॉगिन करें। इसके पश्चात Parliament election 2024 चुनें। अपना मोबाइल नंबर रजिस्टर कर ओटीपी के माध्यम से लॉगिन करें। आवेदक की प्रोफ़ाइल खुल जाएगी जिसे अवश्यक्तानुसार संशोधित किया जा सकता है। ऊपर बायीं ओर डैशबोर्ड पर क्लिक करें और फिर apply for permission पर जाएं। समस्त आवश्यक सूचनाएँ भरें तथा दस्तावेज अपलोड कर Save कर Submit पर जाएं। आवेदन की स्थिति जानने के लिए डैशबोर्ड में जाकर U Application status में चेक करें।

### विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा दस्तक अभियान की हुई समीक्षा

जन एक्सप्रेस । हरदोई। जनपद में एक से 30 अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चल रहा है। इसी क्रम में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रोहताश कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि अभियान की सफलता के लिय सभी विभागों की सक्रियता एवं सहभागिता आवश्यक है। मच्छरों से बचाव के लिए पंचायती राज विभाग गाँवों में तथा नगर विकास विभाग शहरों में एंटी लार्वा का छिड़काव तथा फॉगिंग कराए। हीट वेव के मद्देनजर सभी गांवों में अतिरिक्त पीने के पानी की व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों(सीएचसी) पर हीट वेव की स्थिति मे इलाज के लिए विशेष वार्ड बनाया जाए तथा अन्य सभी वार्डों में हीट वेव से बचाव के लिए यथानुसार एसी ,कूलर और पंखे लगाए जाएं तथा ही हीट वेव से बचाव के लिए ओआरएस सहित अन्य दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने निर्देश दिए कि दस्तक अभियान के तहत सभी सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ), एएनएम, आशा संगिनी और आशा कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में हर परिवार के सभी सदस्यों की आभा आईडी बनाएं और उन्हें इसके बारे में जागरूक भी करें। इस मौके पर जिला मलेरिया अधिकारी जीतेंद्र सिंह, सभी सीएचसी के अधीक्षक, सभी विभागों के प्रतिनिधि और विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनिसेफ़ के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### मीनाक्षी अग्रवाल ने आदर्श सरस्वती बाल विद्या मंदिर विद्यालय के नवीन भवन का शिलान्यास किया

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने आदर्श सरस्वती बाल विद्या मंदिर विद्यालय के नवीन भवन का शिलान्यास किया और पूजन का कार्यक्रम विधि विधान से पंडित आनंद तिवारी ने कराया इस पुनीत अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने कहा मैं भगवान से प्रार्थना करती हूं विद्यालय अपने निजी भवन में शीघ्र पहुंचे मुझे पूर्ण विश्वास है की विद्यालय का भवन शीघ्र बनकर तैयार होगा और बच्चे सुचारू रूप से अपना अध्ययन कर सकेंगे उन्होंने कहा की शिक्षा से ही व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है और देश की सेवा मेंआने वाली पीढ़ी अपने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेगी विद्यालय के संरक्षक अरविंद पांडे ने मुख्य अतिथि मीनाक्षी अग्रवाल का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया और कहा समय-समय पर पूर्व पालिका अध्यक्ष का आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन मिलता रहता है जिससे विद्यालय ने अपना कीर्तिमान स्थापित किया है उन्होंने कहा विद्यालय उत्तरोत्तर प्रगतिपर है विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र वर्मा ने मुख्य अतिथि के प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि आपके मार्गदर्शन में ही विद्यालय प्रगति के मार्ग पर अग्रसर है उक्त अवसर पर सुनील शुक्ला अरुण कुमार सिंह राजीव गुप्ता आकाश तिवारी अरुण कुमार चंदा दीक्षित साहिबा परवीन शिवा बानो दरक्षा परवीन मुस्कान फैयाज अली सुनीता वर्मा सहित अभिभावक बंधु एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### प्रेमी के साथ मिलकर पत्नी ने की थी पति की हत्या

जन एक्सप्रेस । हरदोई। जनपद की लोनार कोतवाली क्षेत्र के भदना गाँव के रहने बाले छोटकन्नू हरियाणा मे नौकरी करता था कुछ दिन पूर्व ही घर आया था, खुलासे मे पता चला है पति पत्नी का आपस मे आये दिन विवाद चलता रहता था। मृतक के परिवार के ही मधुरपाल से उसकी पत्नी का प्रेम प्रसंग चल रहा था छुटकन्नू इस बात का विरोध करता था, मृतक की पत्नी छोटी बिटिया ने अपने प्रेमी मधुरपाल के साथ मिलकर अपने प्रेमी क़ो गेंहूँ काटने के लिये खेत पर बुलाया जहां मृतक की पत्नी व उसका प्रेमी पहले से ही घात लगाये बैठे थे। लोहे की राड से पीट पीट कर छुटकन्नू की हत्या कर दी आरोपित मधुरपाल जल्दबाजी मे अपनी चप्पल घटना स्थल पर भूल गया और मृतक छुटकन्नू की चप्पल पहनकर चला गया मौके पर पहुंची पुलिस व फॉरेनसिक टीम ने मौके की जाँच की 3 दिन बाद हरदोई एसओजी टीम और लोनार पुलिस ने आलाक़त्ल लोहे की रॉड व मृतक की पत्नी व उसके प्रेमी क़ो गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## वन स्टाप ऑटोमोटिव पर टाटा मोटर्स पर ग्रामीण मित्रों की बैठक का आयोजन किया

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी




सोमवार को गोला लखीमपुर बाईपास पर बने टाटा मोटर्स के शोरूम वन स्टाप ऑटोमोटिव पर टाटा ग्रामीण मित्रों की बैठक का आयोजन किया गया।जिसमें कई तहसीलों के जागरूक नौजवानों ने हिस्सा लिया।जनपद लखीमपुर खीरी से आए टाटा मोटर्स के एमडी जय राज सिंह ने बताया की आप टाटा ग्रामीण मित्र बनकर अपने आस पड़ोस के लोगों को रोजगार के अवसर मुहैया करा सकते हैं और उन्हें स्वरोजगार दे सकते हैं द्य उन्होंने ग्रामीण मित्रों से टाटा मोटर्स की गाड़ियों के बारे में कई सवाल जवाब भी पूछे और जिसे सही जवाब का उत्तर दिया उसे उपहार स्वरूप पुरस्कार भी दिया।

और टाटा मोटर्स अपने कामर्शियल वाहनों पर आकर्षक स्कीम के साथ कम ब्याज दर पर फाइनेंस पर गाड़ियां उपलब्ध कराती है टाटा मोटर्स टाटा ग्राम मित्र को प्रतिमाह टिया दिए के रूप में देता है टाटा ग्रामीण मित्र को अपने- अपने क्षेत्र में टाटा के कमर्शियल वाहन टाटा योद्धा, टाटा इंट्रा टाटा ऐस टाटा मैजिक, जरूरतमंद लोगों दिलवाकर उन्हें स्वरोजगार दिलवा सकते हैं टाटा मोटर्स के मैनेजर राजीव शुक्ला व पंकज मिश्रा ने टाटा मोटर्स की कार्मशियल वाहनों की विशेषता बताई।

इस मौके पर नगर के मैकेनिक अब्दुल हबीब, अरशद, नाजिम, सहित टाटा ग्राम मित्र वेदराम, राजेश, अंकुर, आशीष तिवारी, करन सिंह, कौशल सिंह, वर्कशॉप मैनेजर उमेश वर्मा, अकाउंटेंट आशुतोष तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## मंदिर से लौट रही महिला को पिकअप ने मारी टक्कर




जन एक्सप्रेस । बरेली

बरेली के भोजीपुरा थाना क्षेत्र में एक हादसे के बाद ऐसे ही वाहन को पुलिस ने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। दरअसल, भोजीपुरा क्षेत्र में धौराटांडा-अटामांडा मार्ग पर मांस से भरी पिकअप गाड़ी ने मंदिर से लौट रही महिला को टक्कर मारी दी। इससे वह घायल हो गई। हादसे के बाद ग्रामीणों ने गाड़ी को घेर लिया। सूचना मिलते ही हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता आ गए। हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया।

## शराब के आदी युवक का गर्रा नदी में मिला उतराता शव

जन एक्सप्रेस । हरदोई



**साण्डी।** थाना क्षेत्र के छितरामऊ गर्रा नदी पुल के किनारे एक युवक का नदी में शव उतराता हुए मिलने से इलाके में हड़कम्प मच गया।ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दी तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार साण्डी थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव निवासी गजन पुत्र रविकुमार का शव गर्रा नदी के किनारे नदी में उताराता हुआ मिलने से इलाके में हड़कम्प मच गया। शव देखकर ग्रामीणों की भीड़ लग गई और मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दी तथा शव को गर्रा नदी से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक गजन के पिता ने बताया कि उसका बेटा शराब के नशे का आदी था।तथा घर में किसी की कोई बात नहीं मानता था। काफी दिनों से देहरादून में प्राइवेट कंपनी में काम करता था।और घर भी नहीं आता था 8 साल पहले लड़के की शादी हुई थी जिसके 2 साल बाद पत्नी छोड़कर चली गई थी। इसके बाद से कभी कभार घर आता था और देहरादून में रहकर काम करता था। उन्होंने बताया कि रविवार की दोपहर के समय 1:00 बजे वह हरपालपुर काम करने के लिए घर से निकला था जिसके बाद कोई जानकारी नहीं मिली। सोमवार की लगभग 2:00 बजे के करीब गर्रा नदी में उसका शव मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## दुकानदार ने दी पुलिस को तहरीर

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी




नगर के ऐतिहासिक चैती मेले में दुकान की जगह को लेकर विवाद के मामले में दुकानदार ने सभासदों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

रविवार को मेला मैदान में दुकान के लिए जगह आवंटन के दौरान एक दुकानदार की पिटाई कर दी गई थी।रविवार को चैती मेले उद्घाटन की तैयारी चल रही थी। दुकानदारों को पिछले कई दिनों से दुकान लगाने के लिए जगह आवंटित की जा रही थी। मोहल्ला तीर्थ निवासी रोहित तिवारी का कहना था कि वह पिछले 6 वर्षों से चैती मेले में पत्थर की मूर्तियां लाकर बिक्री करता है। उसे हर वर्ष चैती मेला में मेला मैदान में 6 फीट जगह आवंटित की जाती है। रविवार को वह अपनी जगह की पैमाइश कर रहा था। उसका कहना है कि कई सभासद आए और उसका विरोध किया बात बढ़ी तो सभासदों ने पिटाई कर दी। जिससे वहां तमाम भीड़ जमा हो गई। अफरा तफरी का माहौल बन गया।रोहित तिवारी ने पुलिस को तहरीर देकर पिटाई करने वाले सभासदों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

## पंतवारी देवी मंदिर पर 13 वां विशाल दुर्गा जागरण सम्पन्न




जन एक्सप्रेस । हरदोई

पाली। रविवार की शाम को चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर कस्बा के मां पंतवारी देवी मंदिर प्रांगण पर 13 वां विशाल मां दुर्गा जागरण का आयोजन हुआ। जागरण में दूरदराज से आये कलाकारों ने अपनी-अपनी रचनाओं से शमां बांध दिया। वहीं कार्यक्रम के दौरान कलाकरों द्वारा पेश की गई झांकियां आकर्षण का केंद्र रही।

कस्बे के मां पंतवारी देवी मंदिर पर माता रानी का भव्य दरबार सजाकर ज्वाला देवी से लाई गई मां ज्वाला की पावन ज्योति को स्थापित किया गया। ततपश्चात पूजन-अर्चन के बाद गणेश बंदना के साथ जागरण की शुरुआत हुई। अल्मोड़ा से आई गायिका शुभि सरगम ने सबसे पहले अपने सुरों का जादू बिखेरा। उनकी दिलकश आवाज़ में गाये गए मातारानी के भजनों पर भक्त जम कर झूमें। शुभि ने बीर हनुमाना, अति बलवाना राम नाम जपियो रे, प्रभु के मन बसियो रे और सजधज कर बैठी मां मंद मंद मुस्काये के अलावा मइया तेरे चरणों की रज धूल जो मिल जाये, सच कहती हूं मइया तकदीर बदल जाये जैसे एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर श्रोताओं को जमकर झुमाया। इसके बाद सीतापुर से आये शिवांशु पंडित, मुरादाबाद से आई भावना तमन्ना व अन्य कलाकारों ने भी मां भगवती के जगराते में अपनी प्रस्तुति दी। जगराते में महामाई को प्रसन्न करने के लिए भजनों को सिलसिला पूरी रात चला। जागरण में भजनों की प्रस्तुति के दौरान मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। जिसमें राधा-कृष्ण नृत्य पर भक्त खूब झूमें। जागरण में नगर व क्षेत्र से सैकड़ो श्रद्धालु शामिल हुए।

## जीवन के लिए जल जरूरी तो मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान बहुत जरूरी: डीएम

- 13 मई को स्वयं मतदान करें व अन्य लोगों को भी प्रेरित करें: डीएम
- मजबूत लोकतंत्र के लिए एक एक वोट महत्वपूर्ण: एसपी

जन एक्सप्रेस । हरदोई




लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आज गाँधी भवन में जल निगम के अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिस देश में जितना मतदान होता है व देश उतना ही मजबूत होता है और जिस तरह जीवन के लिए जल जरूरी है उसी तरह मजबूत लोकतंत्र की स्थापना के लिए मतदान बहुत जरूरी है। उन्होने कहा कि जनपद में मतदान बढ़ाने के काफ़ी प्रयास किये गये है और वोटर लिस्ट को ठीक करा दिया गया है तथा बूथों को ठीक कराने का काम शुरु हो गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि अब जिम्मेदारी मतदाताओं की है कि 13 मई 2024 को अपने मतदान केन्द्र पर जाकर स्वयं मतदान करें व अन्य लोगों को भी प्रेरित करें और कोई भी मतदाता अपने परिवार के साथ चार पहिया वाहन से मतदान केन्द्र के 200 मीटर तक जा सकता है। उन्होंने सभी को निर्वाचन आयोग के क्यू आर कोड की जानकारी देते हुए बताया कि वोटर हेल्पलाइन के माध्यम से मतदाता सूची में अपना नाम देख सकते हैं, सी विजिल ऐप के माध्यम से आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की जा सकती है और इन शिकायतों का निस्तारण 100 मिनट में किया जाता है व शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय राहता है। केवाईसी ऐप के माध्यम से हम अपने उम्मीदवार के बारे में जान सकते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी। पुलिस अधीक्षक केशव चन्द गोस्वामी ने कहा कि सभी लोग निर्भीक होकर निष्क्ष मतदान करें। उन्होने कहा कि अपने अधिकार का प्रयोग करने से कर्तव्य का अहसास होता है और जिस तरह घड़ा भरने के लिए बूँद बूँद महत्वपूर्ण है उसी तरह से मजबूत लोकतंत्र के लिए एक एक वोट महत्वपूर्ण है इसलिए हमारा दायित्व है कि 13 मई को सपरिवार मतदान अवश्य करें। उन्होंने जनपद में जेन्डर रेशियो एवं मतदाओं को जोड़ने में प्रथम स्थान मिलने पर जिलाधिकारी और उनकी टीम की सराहना की। उपनिदेशक कृषि डॉ नंदकिशोर ने कहा कि सभी लोग मतदान करने की ठान लें और 13 मई को बूथ पर अवश्य जाएं। लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी का मतदान करना जरूरी है। अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण ए0के0 त्रिपाठी ने अपने विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों से कहा कि एक मजबूत लोकतंत्र के लिए सभी पर अवश्य जाएं और शतप्रतिशत मतदान करें। मंच का संचालन मनीष मिश्रा ने किया। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने गाँधी भवन से मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जो शहर के विभिन्न मार्गो से होकर गुजरी। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, अपर जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम आदि उपस्थित रहे।

### युवक ने खाया जहर

जन एक्सप्रेस । शाहजहाँपुर। शाहजहांपुर में एक युवक ने एक नहीं दो नहीं बल्कि तीन बार वीडियो बनाकर जहर खा लिया। मृतक के बड़े भाई ने आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप भी लगाया है। गांव महेशापुर निवासी 21 वर्षीय विपिन कुमार की रविवार को संदिग्ध हालत में मौत हो गई। विपिन के बड़े भाई ने एक महिला और उसके परिजनों पर विपिन को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। जहर खाने से पहले विपिन ने वीडियो भी बनाए थे। विपिन के भाई बलवीर कश्यप ने बताया कि उनका भाई विपिन अविवाहित है और मैंगो शेक बेचने का ठेला लगाता है। गांव की एक महिला से विपिन की नजदीकियां थीं। जानकारी होने पर महिला के परिजनों से विवाद भी हुआ था। महिला के घरवालों ने विपिन को 12 अप्रैल को लाठी-डंडों से पीटा था। 13 अप्रैल को उन्हें जानकारी मिली कि विपिन गांव के पास पड़ा हुआ है। वह मौके पर पहुंचे तो पता चला कि विपिन ने जहरीला पदार्थ खा लिया है। विपिन को खुटार के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 14 अप्रैल की रात विपिन की मौत हो गई। भाई को महिला और उसके परिजनों ने आत्महत्या के लिए उकसाया है।

## मंदिर पर सच्चे मन से आने वाले भक्त की पूरी होती है हर मनोकामना

जन एक्सप्रेस । हरदोई

**सांडी।** तेरे दर से कोई वाली खाली न गया, झोलियां भर गईं उसकी कोई खाली न गया। मां मंगला देवी मंदिर में यही प्रचलित है कि इस दर पर जो सवाली आया मां ने उसके निराश नहीं किया। उसकी मनोकामना पूरी अवश्य हुई।

हरदोई जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर सांडी कस्बे में लगभग 500 वर्ष पुराने मां मंगला देवी मंदिर में जिले के ही नहीं बल्कि आसपास जनपदों के भी श्रद्धालु आते हैं। शादी, मुंडन आदि संस्कार की मनौती यहां की जाती हैं। पहले तो यहां कंकड़ पत्थर पर ही मां की आराधना की जाती थी पर लगभग दो सौ वर्ष पूर्व क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने मां की भव्य मूर्ति स्थापित करा दी थी। नवरात्र में यहां पर बाकायदा उत्सव का आयोजन किया जाता है। मंदिर तक जाने वाले मार्ग पर सजावट के साथ रोशनी की व्यवस्था की जाती है।

मंदिर के पुजारी गौरव तिवारी का कहना है कि मां अपने सभी भक्तों पर कृपा करतीं हैं। इस मंदिर में वैसे तो वर्ष भर श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है लेकिन नवरात्र के पर्व पर विशेष से पूजन होने के कारण श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ जाती है। अष्टमी को हवन किया जाता है। नवरात्र में कन्या भोज का भी आयोजन किया जाता है।

मंदिर के व्यवस्थापक कमेटी अध्यक्ष दिनेश चन्द्र गुप्ता पूर्व चैयरमैन का कहना है कि मंदिर में प्रतिदिन पूजन की व्यवस्था की जाती है। नवरात्र में मां की विशेष आराधना की जाती है। बताया कि मां की कृपा सभी भक्तों पर रहती हैं। इसलिए मान्यता है कि इस दर पर जिसने भी माथा टेक लिया मां उसकी मनौती अवश्य पूरी करतीं हैं। मंदिर के बाहर फूल एवं प्रसाद की दुकानों की व्यवस्था भी कराई जाती है।

## बुजुर्ग पर गिरी पेड़ की टहनी, दबकर मौत

जन एक्सप्रेस । बहराइच

विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र में शनिवार की देर शाम एक बुजुर्ग पेड़ के नीचे बैठ कर चाय पी रहे थे। हुजूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बनपुरवा निवासी बाबूलाल(60) विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के जुलाघाट मंदिर में रहकर देखरेख करते थे। शनिवार की देर शाम वह आम के पेड़ के नीचे बैठ कर चाय पी रहे थे। इस दौरान आम के पेड़ की एक टहनी अचानक बाबूलाल पर गिर गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया, लेकिन उनकी मौत हो गई।

# देवभूमि में दिनों दिन बढ़ता भूमाफियाओं का आतंक


## योगी सरकार के माफिया मुक्त शासन की धज्जियां उड़ाते जिम्मेदार

**जन एक्सप्रेस। देवरिया**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह मंडल गोरखपुर के पड़ोसी जनपद देवरिया में भूमाफियाओं ने सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त, भयमुक्त उत्तर प्रदेश शासन की हवा निकाल दी है एक ओर जहां सीएम योगी खुले मंचों से ऐलान करते है कि प्रदेश से अपराधी और भू माफिया पलायन कर गये और जो बचे-खुचे है वो में जेल है परंतु देवरिया जनपद के भू माफिया व अपराधी बेखौफ गरीब मज़लूम लोगों की निजी भूमि पर जबरन कब्जा जमा रहे हैं और जिले का राजस्व विभाग से लेकर जिले के पुलिस प्रशासन के साये में दिनों दिन फल-फूल रहे हैं।

### पीड़ित की भूमि दबंगों ने जबरन कराया पट्टा

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक जन एक्सप्रेस संवाददाता से बातचीत में पीड़ित ने बताया कि दबंग भू माफियाओं ने फर्जी बंध पत्र तैयार कर हमारी भूमि पर कब्जा कर लिए हैं ग्रामीणों ने बताया कि दबंग भू माफियाओं रमेश यादव, उमेश यादव, श्रवण कुमार यादव व अर्जुन यादव ने पीड़ित गंगासागर पटेल की भूमि को 30 साल के लिए जबरदस्ती पट्टा करा लिया।



**न्याय की आस में पीड़ित ने लिया मीडिया का सहारा**

पीड़ित ने अपनी व्यथा बताते हुए कहा कि उक्त लोग दबंग व अपराधी प्रवृति के व्यक्ति हैं जिससे हमारे पूरे परिवार भाइयों एवं भतीजी को दबंगों से जान माल का खतरा है, हमारा पूरा परिवार इन लोगों से काफी डरा, सहमा हुआ है। सबसे बड़ी बात यह है कि पीड़ित परिवार का जीविकोपार्जन व भरण पोषण के लिए एक मात्र इसी आराजी भूमि का सहारा है क्योंकि अभी तक बटवारा ना होने के कारण सभी लोग अपने-अपने हिस्से में जोत बोकर गुजरा करते हैं। पीड़ित गंगासागर ने बताया कि इस मामले को हमने संबंधित थानाध्यक्ष खुखुंदू, पुलिस अधीक्षक व जिलाधिकारी को दर्जनों बार प्रार्थना पत्र दिया लेकिन कहीं से न्याय की आस नजर नहीं आ रही है थक हार कर हमने मीडिया का सहारा लिया और अपना पक्ष मीडिया के सामने रखा ताकि मुझे न्याय मिल सके।

### भूमि विवाद में हुआ था फतेहपुर नरसंहार

जनपद देवरिया में भूमाफियाओं और अपराधियों का आतंक इस कदर बढ़ रहा है कि दिन दहाड़े बच्चियों पर एसिड अटैक, छेड़छाड़ जहां आम बात हो गई है वहीं भूमाफियाओं द्वारा गरीबों की भूमि कब्जा किया जा रहा है और जिला प्रशासन मूकदर्शक बन सरकार के भयमुक्त शासन प्रशासन का मखौल उड़ा रहा है। जनपद में अपराध व भूमि विवाद आए दिन बढ़ता नजर आ रहा है भूमि विवाद को लेकर जनपद में आए दिन खून खराबा देखने को मिल रहा है। वही पुलिस व अधिकारियों की छोटी सी लापरवाही से फतेहपुर नरसंहार हुआ जिसमें आधा दर्जन लोगों की निर्मम हत्या हुई वही अधिकारी फतेहपुर कांड के बाद भी अपनी लपरवाही से बाज नहीं आ रहे है। जिम्मेदार अधिकारियों के उदासीनता से दबंग भू माफियाओं का मनोबल दिनों दिन बढ़ता जा रहा है और आमजन में सरकार की छवि धूमिल होती दिख रही है। बताते चलें कि देवरिया जनपद के खुखुंदू थाना क्षेत्रान्तर्गत राष्ट्रीय राज मार्ग देवरिया सलेमपुर मुख्य मार्ग पर स्थित विशुनपुरा गांव में आराजी संख्या मिल जुमला 37 रकबा 0. 374 हेक्टेयर पर दबंग भू माफियाओं ने जबरन कब्जा कर लिया है।

# युवा नवरात्रि में स्मार्ट फोन की जगह श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ कर बढ़ा रहे अध्यात्मिक ज्ञान

**जन एक्सप्रेस। गिरीश चंद्र पाण्डेय**

कुशीनगर। जिले में नवरात्रि पूजा को लेकर युवाओं में काफी उत्साह है। युवा बिंदास लाइफ स्टाइल व मॉर्डन ख्याल तकनीक की दुनिया में भी अपने को नवरात्रि पूजा जुड़ कर बेहद आकर्षित कर रहे हैं। सबसे रोचक बात यह कि मॉर्डन चीजों को लेकर उत्साही युवा, पूजा-पाठ के मामले में भी पीछे नहीं हैं। इस समय नवरात्रि की पूजा देवी मंदिरों से लेकर घर घर हो रही है। इससे आमतौर पर लोग आज के युवाओं को पूजा-पाठ से दूर मानते हैं। लेकिन 21 वीं सदी के युवा हर क्षेत्र में स्मार्ट हैं। युवाओं के कॅरियर की बात हो या फिर अध्यात्म नवरात्रि के समय शहर के अनेकों युवा पढ़ाई व नौकरी के साथ माता आदि शक्ति मां दुर्गा की आराधना में जुटे हुए हैं।

### युवाओं को नवरात्रि पूजा भारतीय संस्कृतिक संस्कारों से जोड़ रही है.

बाहर से युवाओं का आचरण चाहे कितना भी मॉर्डन दिखे। जींस पैंट, शॉर्ट शर्ट, स्टाइलिश हेयर स्टाइल, चमकदार जूते व कलाई पर ब्रांडेड घड़ियां, मगर उनका दिल एकदम भक्तिभाव में लीन है। वे भी भारतीय संस्कृतिक परंपराओं को दिल में संजोए हुए हैं। भारत की संस्कृति व अध्यात्म उनके भी मन में धड़क रही है। जितना आधुनिक तकनीक से लगाव है। उतना ही लगाव उनका आध्यात्म से भी है। नवरात्रि पूजा पर उनके हाथ में स्मार्टफोन की जगह श्री दुर्गा सप्तशती की किताब दिख रही है। फैशन की पढ़ाई कर चुके मुकेश बताते हैं कि भारत की संस्कृति अध्यात्मिक संस्कारों से जोड़ती है।

### नवरात्रि आते ही बदल जाती है दिनचर्या

आमतौर पर सुबह देर से जगने के लिए बदनाम आज के युवा नवरात्रि में पूजा पर बदले-बदले नजर आ रहे हैं। नवरात्रि पूजा पर युवाओं की दिनचर्या परिवर्तिन को सुखद व आश्चर्य की अनुभूति दे रही है। गोरखपुर की एक कॉलेज से कानून की पढ़ाई कर रहीं आशा बताती हैं। आम दिनों में सुबह चैन से जगते हैं, लेकिन नवरात्रि पूजा पर पूरे घर का माहौल बदल जाता है। घर में श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ होता है। इसके लिए सुबह पांच बजे जगने के बाद तैयारियां शुरू हो जाती हैं। बीएड की पढ़ाई कर रहे लक्ष्मीकांत शुक्ल बताते हैं, नवरात्रि पूजा में पूरे दिन का रूटीन बदल जाता है। अन्य दिनों दिनचर्या अस्त-व्यस्त रहती है। नवरात्रि में सुबह से लेकर रात तक हर पल व्रत रहने के बाद भी शरीर ऊर्जा से भरपूर रहता है। लगता ही नहीं है कि शरीर पर व्रत का असर है।


श्रीमती सोनी


लक्ष्मीकांत शुक्ल


डा. कृष्णा यादव


रेनू शर्मा

### चाचाजी से मिली नवरात्रि पूजा की सीख....

सोनी कहती है कि हमलोग ज्वाइंट फैमिली में रहते हैं। पहले चाचा जी नवरात्रि में व्रत व श्री दुर्गा सप्तशती पाठ करते थे। बचपन में बहुत उत्सुकता से आरती से लेकर प्रसाद वितरण तक में मैं रहा करती थी बाद में चाचा जी के देहांत के बाद मेरे मन में व्रत करने की प्रेरणा हुई। पिछले साल से दुर्गा सप्तशती पाठ के साथ नौ दिन तक व्रत उपवास करती हूं। पहले मन में ऐसा लग रहा था कि नौ दिन तक उपवास कैसे कर पाऊंगी, लेकिन मन में श्रद्धा होने से मां ने आसानी से पार लगा दिया।

### माता जी पिता जी की प्रेरणा से 10 बरसों से कर रही हूं व्रत

रेनू शर्मा कहती हैं कि माता -पिता जी साल में चार नवरात्रि करते हैं। उनसे ही नवरात्र करने करने की प्रेरणा मिली। 2015से नवरात्र में नौ दिन तक व्रत रखते हैं। मां भगवती में असीम आस्था है। व्रत व पाठ करने के बाद मन को बेहद शांति मिलती है। मुझे ऐसा लगता है कि माता रानी की आराधना कर के ही जीवन में सभी चीज पाया है। पूजा के दौरान दिनचर्या बदली होती है। सुबह जल्दी उठना होता है। सुबह के पाठ के साथ शाम को भी आरती करती हूं।

### नवरात्रि तन मन की शुद्धि के साथ मिलती है शक्ति..

डा. कृष्णा यादव कहते हैं कि मै परिवार के सुख शांति समृद्धि आरोग्यता के लिए नवरात्रि के आते ही पूरे विधि-विधान से श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ व व्रत रखता हूं। सप्तशती का पाठ करने से मन को बेहद शांति व शक्ति मिलती है। व्रत करने से तन के साथ मन की भी शुद्धि हो जाती है। पहले जब हम पढ़ाई करते थे तो नवरात्रि में बहुत दिक्कत नहीं होती थी। लेकिन स्वास्थ्य विभाग में आने के बाद ड्यूटी के साथ ही नौ दिन तक व्रत रखना थोड़ा मुश्किल होता है, लेकिन मां की कृपा से सब आराम से हो जाता है।

### श्री दुर्गा सप्तशती के 13 अध्यायों का करते हैं पाठ..

विशाल विश्वकर्मा का कहना है कि नवरात्रि में व्रत रखते हैं। माता रानी की आराधना करते हैं इससे हमें बहुत शक्ति मिलती है। नवरात्र आते ही मेरी दिनचर्या बदल जाती है। अन्य दिनों सुबह पांच बजे जगते हैं, नवरात्र आते ही भोर के में सुबह के तीन बजे ही जग जाते हैं। सभी तैयारियां करने के बाद पूजा पर बैठ जाते हैं। श्री दुर्गा सप्तशती पाठ के एक एक अध्याय को बारी से पढ़कर तेरह अध्याय का रोज पाठ करता हूं। कलश स्थापना के दिन पंडित जी को घर बुलाते हैं। जबकि अन्य दिनों खुद से सप्तशती पाठ करते हैं।

### मोबाइल की डीपी पर मां की तस्वीर, सोशल मीडिया भी हुआ भक्तिमय

प्रदीप शर्मा पडरौना डिग्री कालेज के छात्र हैं। अधिकतर समय सोशल मीडिया पर बिताना पसंद करते हैं। यूं तो दिन में कई बार वाट्सएप की डीपी अपनी तस्वीर से बदलते रहते हैं। लेकिन जब नवरात्रि पूजा आता है तो वाट्सएप पर कलश की डीपी लगा कर आदि शक्ति के स्मरण में लग जाते है। नवरात्रि पूजा का क्रम सिर्फ शहर पर ही नहीं दिख रहा है। बल्कि वाट्सएप व सोशल मीडिया पर इसकी दिव्यता चढ़ गई है। नवरात्र आरंभ होते ही गांव व शहर के युवाओं ने वाट्सएप की डीपी बदल दी है। अपनी स्टाइलिश तस्वीर की जगह मां दुर्गे की तस्वीर डीपी पर सजा रहे हैं। सिर्फ डीपी ही नहीं भक्तिमय सोशल मीडिया भी भक्तिमय बना दिया है। वाटसएप स्टेटस पर सप्तशती के मंत्र अपडेट हैं। वाट्सएप पर हाय-हैलो की जगह अब जय माता दी, जय अम्बे मां जैसी शुभकामनाएं एक-दूसरे को भी भेज रहे हैं।

# बीईओ ने बंद कराया बिना मान्यता संचालित विद्यालय

**जन एक्सप्रेस। आनन्दनगर महराजगंज**



गली-गली में चल रहे इन अवैध विद्यालयों के खिलाफ एक बार पुनः अभियान चलाकर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सोमवार को फरेन्दा खंड शिक्षा अधिकारी अगनीत कुमार ने जांच में मिले अमान्य विद्यालयों को बंद करने का आदेश दिया। चेतावनी दी कि यदि स्कूल बंद नहीं हुए तो मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि ग्राम सभा हरमन्दिर खुर्द बढ़या में आर एस एकेडमी स्कूल की कोई मान्यता नहीं है, एक से पांच तक बंद कराया गया।ब्लाक में स्थित हरमन्दिर खुर्द गांव में चल रहे बिना मान्यता के चल रहे स्कूल में चेकिंग के दौरान बच्चे पढ़ते हुए मिले। विद्यालय के संचालक को खंड शिक्षा अधिकारी ने चेतावनी देते हुए, विद्यालय को बंद करवाया दिया। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी अगनीत कुमार ने बताया कि जिन गांवों के बच्चे इस विद्यालय में पढ़ाई करने आए हैं उन गांवों के प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को बुलाकर बच्चों के नाम व अभिभावक का नाम लिखकर उनसे संपर्क कर नामांकन करने का निर्देश दिया दिया गया है। बहरहाल खंड शिक्षा अधिकारी के जाने के कुछ ही देर बाद विद्यालय के संचालकों ने बच्चों को वापस बुला लिया। क्या इस तरह अवैध विद्यालयों के संचालकों की मनमानी चलेगी या इन पर कोई कार्रवाई होगा।

### सोशल मीडिया पर प्रधान को टिप्पणी करना पड़ा महंगा, जेल

जन एक्सप्रेस/भाटपाररानी। सोशल मीडिया पर टिप्पणी करना एक ग्राम प्रधान को महंगा पड़ गया। पुलिस ने विभिन्न समुदायों के बीच शत्रुता, घृणा पैदा करने के आशय से असत्य कथन, जनश्रुति आदि परिचालित करने की धारा में चालान कर दिया।खामपार थाना क्षेत्र के बंगरा बाजार के ग्राम प्रधान संदीप यादव पुत्र स्व. बच्चा यादव द्वारा सोशल मीडिया साइट पर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री पर कुछ अशोभनीय टिप्पणी की थी। वह वायरल होते ही प्रशासनिक गलियारा में हलचल मच गई। पुलिस ने इसे संज्ञान में लिया और थाने के एसआई रतन कुमार पांडेय की तहरीर पर ग्राम प्रधान के खिलाफ केस दर्ज कर हिरासत में ले लिया। उसके बाद ग्राम प्रधान पर शांति भंग की कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय भेज दिया गया। जहां से एसडीएम न्यायालय ने उसकी जमानत खारिज कर जिला जेल भेज दिया।

### रेलवे ट्रैक की किनारे मिला 50 वर्षीय महिला का शव

जन एक्सप्रेस/भाटपार रानी। थाना क्षेत्र के बेलपार पेट्रोल पंप के सामने रेलवे ट्रैक के किनारे एक अज्ञात महिला का शव मिलने से हड़कम्प मच गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस शव की पहचान कराने में जुट गई लेकिन पहचान नही हो सका। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।बेलपार पेट्रोल पंप के सामने अप रेलवे ट्रैक की किनारे सोमवार की सुबह 50 वर्षीय महिला का शव देख कर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस शव के शिनाख्त में जुट गई लेकिन शिनाख्त नही हो सका। ग्रामीणों में आशंका व्यक्त है कि महिला की रात में किसी ट्रेन से गिरने से मौत हो चुकी है। उसके सिर में गंभीर चोट है। महिला साड़ी पहनी है और उसकी उम्र करीब पचास साल है। थानाध्यक्ष भाटपाररानी दिलीप कुमार पांडेय ने बताया कि शव का शिनाख्त नहीं हुआ है। पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# अमरमणि त्रिपाठी की लखनऊ में संपत्ति कुर्क करने के लिए 15 दिन की मोहलत, पहले भी हो चुकी कुर्की

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**

बस्ती में व्यापारी के बेटे के अपहरण केस में फरार अमरमणि त्रिपाठी की लखनऊ की संपत्ति कुर्क करने के लिए पुलिस को 15 दिन की मोहलत मिली है। विशेष न्यायाधीश सक्षम (एमपी/एमएलए)/ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रमोद कुमार गिरी ने सोमवार को केस की सुनवाई करते हुए कहा कि दो दिसंबर 2023 को कुर्की की आदेश दिया गया था। जिसके क्रम में महराजगंज के नौतनवा के मकान नंबर 81 बी वार्ड नंबर 10 शास्त्री नगर की कुर्की कर अपर जिला मजिस्ट्रेट जनपद महाराजगंज के द्वारा नियुक्त रिसीवर सौरभ श्रीवास्तव नायब तहसीलदार नौतनवा को मकान की चाबी सुपुर्द किया गया है। सहायक शासकीय अधिवक्ता ने न्यायालय को बताया कि अभियुक्त अमरमणि की अन्य जिलों में समस्त चल-अचल संपत्तियों की भी कुर्की की जानी शेष है। इसलिए पत्रावली वास्ते इंतजार कुर्की कुलिंदा के साथ 30 अप्रैल को पेश की जाए। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने अमरमणि की संपत्तियों का ब्योरा जुटाया था। जिसमें लखनऊ के गोमतीनगर विस्तार विक्रांत खंड में भूखंड संख्या ए-3-297 के रूप में 450 वर्गमीटर का करीब 01.18 करोड़ रुपये की जमीन अमरमणि के नाम पर पाई गई है। जबकि महराजगंज जिले के नौतनवां में मकान नंबर 81-बी अमरमणि त्रिपाठी के नाम पर दर्ज पाया था। गोरखपुर में उनकी कोई संपत्ति पुलिस को नहीं मिली थी। इन संपत्तियों को कुर्क करने के लिए न्यायालय ने पुलिस को कई बार निर्देशित किया लेकिन कार्रवाई नहीं हो पाई। नाराज होकर न्यायालय ने प्रमुख सचिव गृह और डीजीपी को कुर्की की कार्रवाई कराने के लिए निर्देशित किया।

# भाजपा अनुसूचित मोर्चा पदाधिकारी पहुंचे लाभार्थियों के द्वार

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**



भाजपा महानगर अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा कृष्ण कुमार के नेतृत्व में महानगर के वार्ड नंबर 10 राजेंद्र नगर बरगदवां व वार्ड नंबर 35 शिवपुरी शहबाजगंज में लाभार्थियों के घर पहुंच संपर्क किया तथा भाजपा सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले रहे लोगों को पत्रक देकर उन्हें मोदी योगी सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी। मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग मझवार ने कहा कि पीएम मोदी को वोट देने पर विकास होता है सुरक्षा मिलती है आस्था का सम्मान होता है गरीब कल्याण की परियोजनाएं बनती है। आप अच्छे नेता को चुनते हैं तो अच्छे परिणाम आते हैं यही तो है मोदी की गारंटी। सरकार द्वारा बाबा साहेब के पंचतीर्थ स्थल समेत अनुसूचित समाज के लिए किए गए कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कृष्ण कुमार ने आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को फिर से वोट देकर भारी बहुमत से विजयी बनाने का निवेदन किया। इंजीनियर बृजमोहन ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने जो योजनाएं चलाई हैं वह सीधे तौर पर जरुरतमंद लोगों तक पहुंची हैं। जनहित की योजनाओं को धरातल पर उतार कर जनता से किए गए एक एक वायदों को पूरा किया है। लाभार्थी जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप से अनिल कनौजिया, धनंजय सोनकर, शक्ति प्रसाद, सिद्धार्थ, राजीव सोनकर, शैलेश, संगीता देवी, ज्योती, रेनुका, विजय कमल सहित दर्जनों पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

### देवर पर जबरन गेहूं कटवाने और मारने-पीटने का आरोप

**जन एक्सप्रेस। खुखुंदू**

थाना क्षेत्र के नूनखार मकुन्हीं गांव में एक महिला ने देवर पर जबरन अपने हिस्से की गेहूं की फसल कटवाने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि विरोध करने पर देवर ने उसकी पिटाई कर दी और घर पहुंचने पर देवरानी भी हमलावर हो गई।खुखुंदू थाना क्षेत्र के मकुन्हीं गांव निवासी नीतू देवी का कहना है कि हमारे पति तीन भाई हैं। पति बाहर रहते है। हमारे ससुर खेत बंधक रखे थे। जिसे मैंने तीस हजार रुपये देकर छुड़ा लिया था। उसमें गेहूं की फसल लगाई थी, जिसे देवर जबरन काटने लगे। मना किया तो खेत में ही गालियां देते हुए मारने-पीटने लगे। घर आई तो देवरानी ने भी गाली-गलौज करते हुए मारपीट की।

### पेप्सी की दुकान में लगी आग से लाखों का नुकसान

जन एक्सप्रेस/रामपुर कारखाना। नगर पंचायत रामपुर कारखाना के अंबेडकर वार्ड निवासी शुभम गुप्ता पुत्र राम नारायण गुप्ता ने देवरिया कसया मार्ग स्थित रामपुर कारखाना दुर्गा मंदिर के पास चाय और पेप्सी की दुकान खोल रखी थी। वह रोजाना दुकान में ही सोता था। रामनवमी पर पूजा पाठ के चलते वह रविवार की रात दुकान बंद करने के बाद घर चला गया। रात लगभग 2 बजे अज्ञात कारणों से उसके दुकान में आग लग गई। दुकान से आग की लपटें और धुआं निकलता देख आसपास के लोगों ने फोन कर उसे जानकारी दी। कस्बे के लगभग एक दर्जन लोग दुकान के पास पहुंचे और आग बुझाने की कोशिश करने लगे। कस्बा वासियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दुकान में रखा कोल्ड ड्रिंक, फ्रिज, बर्तन, रसोई गैस सिलेंडर, चूल्हा, चौकी, मेज, कुर्सी समेत लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया।

### बड़े भाई पर पिता को जहर देकर मारने का लगाया आरोप

जन एक्सप्रेस/भटनी। क्षेत्र के डेमुसा दुबौली गांव निवासी एक शख्स ने बड़े भाई पर पिता को जहर देकर मारने का आरोप लगाया है। एसपी से की गई शिकायत पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।भटनी के डेमुसा गांव निवासी स्वामीनाथ दुबे (90) किसान थे। छह माह से उनकी तबीयत खराब थी। रविवार को उनका निधन हो गया। बड़े बेटे देवकीनंदन दुबे उनके अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे। तभी पंजाब में रह रहे उनके छोटे भाई ऋषिदेव दुबे ने एसपी को फोन कर बड़े भाई पर पिता को जहर देकर मारने का आरोप लगाया। एसपी के निर्देश पर पहुंचे एसओ उदय शंकर मिश्र ने शव कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। यह देख परिवार व गांव में हड़कंप मच गया। सीओ भाटपाररानी शिव प्रताप सिंह ने बताया कि शिकायत पर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# श्रीरामपुर पुलिस ने टाटा मैजिक वाहन से किया अवैध अंग्रेजी शराब बरामद, एक अभियुक्त गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस। देवरिया**

पुलिस अधीक्षक देवरिया के निर्देशन में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत अपराध व अपराधियों पर रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना श्रीरामपुर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर नवादा चौराहा के निकट पड़री पुल के पास से 01 अदद टाटा मैजिक वाहन नं0 क्क57,ञ-7348 से 20 पेटी 08 क्करू अवैध अंग्रेजी शराब के साथ 01 अभियुक्त रियाजुद्दीन उर्फ राजू अंसारी पुत्र सफीजुल्लाह अंसारी साकिन ततायर खुर्द थाना खामपार जनपद देवरिया को गिरफ्तार किया गया। अवैध शराब व वाहन को कब्जे में लेते हुए उक्त के सम्बन्ध में स्थानीय थाने पर मु0अ0सं0 95/2024 धारा-467,468,471,473 व भादवि 60 आबकारी अधि0 का अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही किया गया।

### विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ 17वें अंतरराष्ट्रीय लोकरंग का हुआ आगाज

# लोक-संस्कृति के संरक्षण के लिए मील का पत्थर साबित हो रहा लोकरंग: प्रो सदानंद शाही

### गांव की महिलाओं के अवधि सोहर व राजस्थान का नृत्य रहा आकर्षक का केन्द्र

**जन एक्सप्रेस। कुशीनगर**

जन संस्कृति के संवर्धन के लिए विते 17 वर्षो से आयोजित किये जा रहे लोकरंग का कार्यक्रम रविवार की रात्रि में पत्रिका के लोकार्पण के बाद 17 वें लोकरंग 2024 का अंतराष्ट्रीय लोकरंग समारोह का शानदार अगाज किया गया।इस कार्यक्रम में देश व विदेश के कलाकारों ने अपने अपने कला का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीएचयू के पूर्व कुलपति प्रोफेसर सदानंद शाही रहे। अपने उद्बोधन में प्रोफेसर शाही ने कहा कि सांस्कृतिक भड़ैती, फूहड़पन के विरुद्ध जनसंस्कृति के संवर्धन के लिए लोकरंग जैसे आयोजन आज के परिवेश में जरूरी है।लोक संस्कृति के संरक्षण व मनुष्यता के संवर्द्धन के लिए यह आयोजन मील का पत्थर साबित हो रहा है।बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर को समर्पित यह आयोजन है।लोक संस्कृति ही हमारे देश की आत्मा है। लोक संस्कृति हमें निर्भयता प्रदान करती है। लोकरंग कार्यक्रम का शुभारंभ गांव की महिलाओ के अवधि सोहर से शुरू हुआ। इसके बाद परिवर्तन रंग मंडली जीरादेई सिवान बिहार की टीम ने लोक गीतों के साथ साथ नाटक की भी प्रस्तुति दी। कुशीनगर जनपद




का सुप्रसिद्ध पारियां नृत्य भी कार्यक्रम को उंचाई प्रदान किया। राजस्थान के परम्परागत लोक वाद्य यंत्रों की ध्वनि व नृत्य को कालबेलिया एण्ड पार्टी जयपुर राजस्थान ने प्रस्तुत कर खुब सुर्खियां बटोरी।14अप्रैल की रात्रि में परिवर्तन मंडली बिहार की टीम ने %%भाई विरोध %%नाटक की प्रस्तुति कर बेहतर प्रदर्शन किया। लोकरंग सांस्कृतिक समिति जोगिया जनूबी पट्टी में 17वें लोकरंग कार्यक्रम में देश विदेश से अनेकों कलाकार पहुंच कर कार्यक्रम को उंचाई प्रदान करते हैं।इस कार्यक्रम में संभावना कला मंच गाजीपुर की टीम आयोजन के दो दिन पहले गांव में पहुंच जाती है पूरे गांव को भित्ति चित्रों के माध्यम से जोगिया जनूबी पट्टी को कला गांव में परिवर्तित कर गांव की सूरत बदल देती है। लोकरंग के कार्यक्रम में देश छोड़ कर रोजी रोजगार के लिए विदेशों में चले गये भारत मूल के गिरमिटिया मजदूर जो देश वापस नहीं आ सके उनके वंशज सूरीनाम नीदरलैंड से पहुंच कर लोकरंग के मंच पर भारतीय भोजपुरी गीतों की प्रस्तुति देकर अपने पूर्वजों से मिले भोजपुरी का सम्मान बढ़ाते हैं। लोकरंग का यह आयोजन अब राष्ट्रीय से अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कर लिया है। कार्यक्रम का सफल संचालन रीवा विश्वविद्यालय (म.प्र) के हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर दिनेश कुशवाह ने किया।आयोजक पूर्व संभागीय परिवहन अधिकारी सुभाष चन्द्र कुशवाहा व श्रीमती आशा कुशवाहा ने संयुक्त रूप आये सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर आयोजन समिति के विष्णुदेव राय, हदीस अंसारी, मोहम्मद इसरायल अंसारी, सिकन्दर प्रसाद गौड़, संजय कुशवाहा, नितांत सिंह गप्पू, जावेद आलम,इसरायल अंसारी सहित अधिक संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## खेल सुविधाएं विकसित करने के साथ जीएसटी का रोड़ा करें दूर

**जन एक्सप्रेस/नोएडा।** खेल व खिलाड़ियों को बेहतर और किफायती सुविधाएं मिले, इसके लिए खेल सुविधाओं को अपग्रेड किया जाए। गांव व सेक्टरों के बीच खेल मैदान को स्वीकृति दी जाए। जब जिले के खिलाड़ी सुविधाओं के लिए दूसरे जिलों का रुख करें और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के अभ्यास के लिए मैदान न हों तो इस स्थिति में स्थानीय सांसद से अपेक्षाएं कुछ ज्यादा ही बढ़ जाती हैं। खिलाड़ियों की मांग है कि सबसे पहले जो खेल सुविधाएं मिल रही हैं, उसी में रियायत दिलाने का प्रयास किया जाना चाहिए। खेल प्रशिक्षण या खेलने के लिए स्टेडियम की बुकिंग कराने के लिए वसूली जाने वाली 18 फीसदी जीएसटी को पूरी तरह से खत्म कराने की जरूरत है। फिलहाल गौतमबुद्ध नगर में सरकारी स्तर पर खेल सुविधाओं के नाम पर एक भी हॉस्टल की सुविधा नहीं हैं। यहां से जो भी खिलाड़ी राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निकलते हैं, उनके पीछे परिवार काफी मोटी रकम प्रशिक्षण पर खर्च कर चुका होता है। इससे जाहिर है कि गरीब व मध्यम वर्गीय परिवार के बच्चों की प्रतिभा कहीं न कहीं आर्थिक मजबूरी के आगे हार मान ले रही है।

# ताला-चाबी गैंग के दो बदमाशों से मुठभेड़, गोली लगने से एक घायल

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

दो बदमाशों को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने गिरोह के चार सदस्यों को पकड़ा है। शाहगंज में डेयरी व्यवसायी के घर में 40 लाख की चोरी की थी। सीसीटीवी फुटेज से सुराग मिला था।

उत्तर प्रदेश के आगरा में शाहगंज पुलिस ने ताला-चाबी बनाने का झांसा देकर घरों में चोरी करने वाले गैंग के चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो पथौली में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किए गए। एक के पैर में गोली लगी है। आरोपी मध्य प्रदेश और गुजरात से अलग-अलग जिलों में जाकर वारदात करते थे। हाल ही में डेयरी व्यवसायी के घर से 40 लाख के जेवरात चोरी किए थे। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज से इनका सुराग मिला।



गैंग ने वेस्ट अर्जुन नगर निवासी डेयरी व्यवसायी सोनू भदौरिया के घर में आठ अप्रैल को वारदात की थी। उनकी पत्नी घर में अकेली थीं। तभी ताला-चाबी बनाने के बहाने दो बदमाश घर में घुसे। रूई, तेल मंगाने के बहाने भेजकर जेवरात चोरी कर लिए। पुलिस ने चोरों की तलाश के लिए इलाके के सीसीटीवी फुटेज देखे। एसीपी लोहामंडी मयंक तिवारी ने बताया कि रकाबगंज क्षेत्र की एक धर्मशाला में गैंग ठहरा था। मगर, पुलिस के पहुंचने से पहले ही भाग गए। बाद में एक नंबर मिला। उसकी लोकेशन अलीगढ़ की आई थी।

बदमाश आगरा में वारदात के बाद अलीगढ़ गए थे। पुलिस टीम लगी थी। फिर से आगरा में वारदात के लिए आए थे। शनिवार की रात गैंग को पथौली में पुलिस ने घेर लिया। दो को पकड़ लिया। एक के पैर में गोली लगी। पूछताछ के बाद गैंग के दो और सदस्य पकड़ लिए गए।

**चोरी की साइकिल से करते थे रेकी**

एसीपी ने बताया कि गैंग के सदस्य ट्रेन से आगरा आते हैं। बस अड्डे, पार्किंग आदि में खड़ी साइकिल चुराते हैं। धर्मशाला में रुकते हैं। दिन में गली मोहल्लों और कॉलोनी में साइकिल से चक्कर काटकर रेकी करते हैं।

बंद ताले की चाबी बना लेते हैं। साथ ही अकेली महिलाएं और बुजुर्ग वाले घरों के चक्कर काटकर ताला-चाबी बनवाने के लिए बात करते थे। जो लोग घरों में बुलाते हैं। अलमारी और बक्से के ताले ठीक करने के दौरान घर के लोगों को बहाने से दूर भेजकर कुछ सेकंड में जेवरात चुरा लेते हैं। ये यूपी के साथ राजस्थान में भी वारदात कर रहे थे। पुलिस ने मध्य प्रदेश के बड़वानी निवासी नानक उर्फ नानू, अकला सिंह, जिला धार निवासी शेर सिंह और गुजरात के दाहोद निवासी धर्म सिंह को गिरफ्तार किया है। नानक गोली लगने से घायल हुआ है। उस पर शाहगंज और गोरखपुर में 9 केस दर्ज हैं। जेल भी जा चुका है। धर्म सिंह, शेर सिंह पर 5-5 और अकाल सिंह पर 6 केस दर्ज हैं। पुलिस का दावा है कि आरोपियों से तमंचा, 1 बाइक, 12 अंगूठी, 1 मंगलसूत्र, 4 टॉप्स, 2 कड़े, 3 चेन, 2 अंगूठी सहित चोरी गया ज्यादातर माल बरामद कर लिया गया है।

# 1700 उद्यमियों को पांच माह बाद मिलेगी प्लांट से पानी सप्लाई

**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**

साइट चार औद्योगिक क्षेत्र की 1700 इकाइयों को 320 करोड़ रुपये की लागत के एसटीपी से शोधित पानी की आपूर्ति के लिए पांच माह और इंतजार करना होगा। जलकल के महाप्रबंधक ने उद्यमियों को अप्रैल महीने के बजाय सितंबर से पानी की आपूर्ति देने की बात कही है। वहीं, कई उद्यमियों ने तय दामों पर आवेदन करने से इन्कार कर दिया है। इकाइयों को शोधित पानी देने के लिए करीब 46 रुपये में प्रति हजार लीटर का रेट तय किया है।

एसोसिएशन के साथ उद्यमियों ने इस पर आपत्ति उठाई है।

नगर निगम ने सीवर के पानी को शोधित कर फैक्टरियों में देने के लिए 320 करोड़ की परियोजना बनाई थी। इसमें इंदिरापुरम एसीपी से साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र की करीब 1700 इकाइयों को पानी आपूर्ति देने के लिए 95 किलोमीटर की लाइन बिछाने का काम हो गया है। झंडापुर के पास 40 एमएलडी का प्लांट भी बनाया गया है।

निर्माण कार्य लगभग अंतिम चरण में है। जलकल अधिकारियों की योजना है कि करीब डेढ़ हजार इकाइयों को 36 एमएलडी शोधित पानी सप्लाई होगा। यह पीने के योग्य भी होगा। अधिकारियों ने एसटीपी से शोधित पानी की आपूर्ति देने के लिए पूर्व में एक अप्रैल 2024 की तारीख निर्धारित की थी।

लिहाजा तमाम कंपनियों को बोरवेल की उपयोगिता को बंद कराने का काम किया गया लेकिन अब आपूर्ति करने में आ रही दिक्कतों को दूर करने का काम हो रहा है। वहीं,आपूर्ति देने के लिए उद्यमियों को आवेदन करने के लिए लगातार अपील की जा रही है, लेकिन उद्यमी दाम कम करने को लेकर अड़े हैं। साइट-4 औद्योगिक एसोसिएशन के सचिव मुकेश गुप्ता का कहना है कि इकाइयों को पानी देने का रेट 45-46 रुपये प्रति हजार लीटर तय किया है जोकि कंपनी के बजट से ज्यादा है। उद्योग बंधु की बैठक में डीएम और अन्य अधिकारियों के सामने भी इस मुद्दे को उठा चुके हैं। उद्यमियों की चिंता है कि यदि किसी कंपनी में प्रतिदिन दो लाख लीटर से ज्यादा पानी की जरूरत है तो वह पूरे महीने में बिजली के बिल से ज्यादा पानी की बिल जमा करेगा।

उद्यमी प्रवीन जैन ने बताया कि एसटीपी का पानी लेने के लिए इकाइयों को पूर्व में आवेदन करना होगा। उसके बाद करीब पांच हजार रुपये का शुल्क देकर आपूर्ति मिलनी शुरू होगी। सिर्फ इतना ही नहीं, कंपनियों से रोजाना उपयोग होने वाले पानी की कितनी जरूरत है। अब चिंता इस बात है कि यदि छुट्टी के दिन और फिर आपातकाल स्थिति के लिए भी पानी की जरूरत नहीं होने पर भी उसका खर्चा देना होगा।

यूपी फेडरेशन के चेयरमैन अशोक चौधरी का कहना है कि एसटीपी से पानी मिलने पर डाइंग और कपड़े के लिए बोरवेल के पानी जैसी मात्रा मिल पाएगी या नहीं।

## घड़ी व्यापारी की कार में मिले 10 लाख रुपये, पुलिस ने जब्त की रकम

**जन एक्सप्रेस/गाजियाबाद।** साहिबाबाद कोतवाली पुलिस ने हिंडन एयरफोर्स के पास घड़ी व्यापारी की वेगनआर कार में 10 लाख रुपये पकड़े हैं। पुलिस ने लाखों की रकम को जब्त कर लिया है। साहिबाबाद कोतवाली पुलिस ने रविवार रात हिंडन एयरफोर्स के पास घड़ी व्यापारी की वेगनआर कार में 10 लाख रुपये पकड़े हैं। दोनों लोग पूछताछ में गाड़ी में मिले कैश के बारे में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। पुलिस ने लाखों की रकम को जब्त कर लिया है। डीसीपी निमिष पाटिल ने बताया कि चेकिंग में टीम ने घड़ी व्यापारी विश्वास जायसवाल पुत्र राजन जायसवाल निवासी सीतामढ़ी बिहार, हाल पता बुराड़ी दिल्ली और चालक बॉबी निवासी शाहदरा दिल्ली को पकड़ा है। दोनों दिल्ली से राजनगर एक्सटेंशन में अपने दोस्त के पास जा रहे थे। टीम ने वेगनआर गाड़ी में तलाशी लेकर दस लाख रुपये की नकदी पकड़ी।

# बंद फ्लैट में लगी आग बुजुर्ग महिला की मौत

**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**

टीला मोड़ की इंद्रप्रस्थ आवासीय योजना के एक फ्लैट में रविवार दोपहर आग लग गई। आग में झुलसने और दम घुटने से भगवती (75) की मौत हो गई। बुजुर्ग का बेटा अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ फ्लैट का ताला लगाकर दवाई लेने दिल्ली गए थे। पड़ोसियों ने कमरे से धुआं निकलने पर आग की सूचना अग्निशमन विभाग को दी। तेजी से धुआं निकलने पर पड़ोसी ने ताला तोड़कर फ्लैट खोला। कमरे में महिला का शव देख कर पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस पुलिस हत्या समेत अन्य एंगल पर जांच कर रही है।

दिल्ली के त्रिलोकपुरी में निवासी सोमदत्त अपनी पत्नी सरला, दो बच्चों और मां भगवती के साथ इंद्रप्रस्थ आवासीय योजना के डी-ब्लॉक के फ्लैट में रहते हैं। वह कैब चालक हैं जबकि सरला गृहणी हैं। परिवार के लोग एक महीने पहले ही किराये पर रहने आए हैं। रविवार सुबह करीब 11:30 बजे सोमदत्त और सरला दोनों बच्चों के साथ मां को कमरे में छोड़कर बाहर से फ्लैट का ताला लगाकर नंदनगरी, दिल्ली में डॉक्टर से दवाई लेने चले गए। इस बीच पड़ोसियों ने फ्लैट से धुआं निकलता देखा तो शोर मचा दिया। तुरंत सोमदत्त और सरला से फोन पर संपर्क करके आग लगने के बारे में बताया। दोनों कुछ देर में घर पहुंचे। इस बीच राहुल नाम के पड़ोसी ने ताला तोड़कर फ्लैट खोल दिया। सभी अंदर पहुंचे तो आग की सिर्फ एक कमरे में थी जिसमें बुजुर्ग भगवती चारपाई पर लेटी हुई थीं। आग से आधा बेड, उसमें रखे कपड़े और चारपाई पर लेटी बुजुर्ग महिला झुलसी थीं। सूचना पर एसीपी सिद्धार्थ गौतम, टीला मोड़ थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार गिरि मौके पर पहुंचे। आग लगने की सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई।

# सीमा हैदर, सचिन और शादी कराने वाले पंडित को समन

**जन एक्सप्रेस । नोएडा**

पाकिस्तानी नागरिक सीमा हैदर के पाकिस्तानी पति गुलाम हैदर की ओर से दायर याचिका पर जिला न्यायालय की फैमिली कोर्ट ने समन जारी किया गया है। कोर्ट ने सीमा हैदर, सचिन मीणा सहित शादी कराने वाले पंडित को समन जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 27 मई को होगी। पानीपत के अधिवक्ता मोमिन मलिक की ओर मामले में याचिका दायर की गई थी। मोमिन मलिक ने बताया कि सीमा और सचिन मीणा की हाल में मनाई गई शादी की सालगिरह को अदालत में चुनौती दी गई है। इस कार्यक्रम में जो लोग शामिल हुए हैं, उनको भी मामले में पक्षकार बनाया गया है। अदालत में शादी के अलावा बच्चों को गोद लेने की प्रक्रिया, धर्म परिवर्तन आदि को अदालत में चुनौती दी है। अधिवक्ता के मुताबिक सीमा को अदालत में यह साबित करना होगा कि उन्होंने धर्म परिवर्तन कब किया? इसके अलावा नाबालिग बच्चों का धर्म भी इस प्रकार नहीं बदला जा सकता है। जिन लोगों को समन जारी किया है, उन्हें सुनवाई की तारीख को अदालत में हाजिर होना है। अहम है कि 3 जुलाई 2023 को हरियाणा के बल्लभगढ़ से सीमा हैदर को गिरफ्तार कर लिया गया था। वह गौतमबुद्ध नगर के रबूपुरा निवासी सचिन मीणा के साथ नेपाल रास्ते भारत आई थीं। वहीं सीमा के अधिवक्ता एपी सिंह का कहना है कि वह देश जिसके साथ शत्रुता पूर्ण संबंध हैं, उस देश के नागरिक की याचिका अदालत में नहीं जा सकती है। अदालत में सभी तथ्य रखे जाएंगे।

# यमुना तल में जमी सिल्ट... प्लास्टिक ने रोका भूजल रिचार्ज, ताजमहल सहित यमुना किनारे के स्मारकों को क्षति

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

यमुना में डी-सिल्टिंग मामले में 22 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। नदी में गिर रहे नालों से बैराज का निर्माण अटका है।

उत्तर प्रदेश के आगरा में यमुना नदी की तलहटी में सिल्ट और प्लास्टिक जम गई है। इससे भूजल रिचार्ज बंद हो गया है। ऐसे में यमुना में पानी कम होने के कारण प्रदूषण बढ़ेगा। इससे तास सहित अन्य स्मारकों गोल्डी काइरोनोमॉस जैसे कीड़ों का हमला बढ़ सकता है। इसकी डी-सिल्टिंग के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। इस पर 22 अप्रैल को सुनवाई होगी।

रविवार को यमुना छठ थी। माना जाता है कि इसी दिन यमुना का जन्म हुआ था। लेकिन, यमुना स्वयं अपने



अस्तित्व के लिए जूझ रही है। सामाजिक कार्यकर्ता केसी जैन ने बताया कि यमुना में सिल्ट जमा होने से जलधारण क्षमता घट गई है। सिल्ट के नीचे प्लास्टिक की परत भी जम गई है। यमुना से भूजल री-चार्जिंग प्रभावित है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में यमुना की डी-सिल्टिंग के लिए याचिका दायर की है।

रिवर कनेक्ट कैंपेन के संयोजक ब्रज खंडेलवाल ने बताया कि यमुना के प्रति जनप्रतिनिधि उदासीन हैं। किसी भी दल ने चुनावी एजेंडे में यमुना को शामिल नहीं किया। दस साल से यमुना प्रेमी रोज नदी के घाट पर इस उद्देश्य से आरती उतार रहे हैं कि लोग नदी से जुड़े। निर्मल व अविरल जलधारा बहे। यमुना पर बैराज की मांग चार दशक से उठ रही है। तीन बार शिलान्यास के बाद भी बैराज नहीं बना। 2017 में सूबे की कमान संभालने के बाद पहली बार सीएम योगी आगरा आए थे। तब उन्होंने ताजमहल के पार्श्व में नगला पैमा में रबर डैम की घोषणा की थी। बजट मिला लेकिन सालभर बाद भी बैराज तो क्या रबर डैम तक नहीं बन सका। अधिवक्ता केसी जैन ने बताया कि यमुना में 90 नाले गिरते हैं। इनमें 30 आंशिक रूप से टैप हैं। 60 नाले गंदगी घोल रहे हैं। इसके कारण यमुना में कीड़े पनप रहे हैं, जो ताजमहल सहित यमुना किनारे बने अन्य स्मारकों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

# रूठे बिगाड़ न दें खेल: मनाने का दौर जारी, चौधरी बाबूलाल और संगठन महामंत्री के बीच बंद कमरे में हुई गुफ्तगू

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

आगरा में रूठे नेता कहीं भाजपा का खेल बिगाड़ न दें इसलिए उनको मनाने का दौर जारी है। भाजपा प्रत्याशी का विरोध कर रहे विधायक बाबूलाल और संगठन मंत्री के बीच बंद कमरे में गुफ्तगू हुई।





उत्तर प्रदेश के आगरा में फतेहपुर सीकरी से भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल ने फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी राजकुमार चाहर का खुले तौर पर विरोध किया है। वह प्रत्याशी बदलने की मांग पर अड़े हैं। ऐसे में रविवार को संजय प्लेस स्थित होटल में आए पार्टी के संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह के साथ उनका फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने से चर्चाएं तेज हो गई हैं। चौधरी बाबूलाल के पुत्र रामेश्वर सिंह ने फतेहपुर सीकरी के सांसद प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव मैदान में उतरने का ऐलान कर दिया है। वह सोमवार को नामांकन दाखिल करने पहुंचेंगे। इसके पहले रविवार को पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने पार्टी संगठन की बैठक आयोजित की थी।

इस बैठक में तो चौधरी बाबूलाल मौजूद नहीं थे, लेकिन वह बाद में होटल पहुंचे। उन्होंने संगठन मंत्री से बंद कमरे में मुलाकात की। उनका फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। अब कयास लगाए जा रहे हैं कि उन्हें पार्टी पदाधिकारी ने बुलाया था या वह खुद ही मिलने पहुंचे थे।

हालांकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन पर हुए दो कार्यक्रमों से उन्होंने दूरी बनाए रखी थी। अब उनकी संगठन मंत्री से मुलाकात के पीछे क्या मकसद था? इसको लेकर कयास का दौर चल रहा है। आखिर इस मुलाकात के बाद विधायक के रुख में कोई परिवर्तन आ सकता है या नहीं। यह भविष्य ही बताएगा। सोमवार को रामेश्वर चौधरी अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

## पत्नी छोड़ साली संग भाग गया

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** युवक अपनी पत्नी को छोड़कर साली संग भाग गया। एक अन्य मामले में महंगी कार न मिलने पर युवक पत्नी का उत्पीड़न कर रहा है। समस्या सुनकर पुलिस भी हैरान रह गई। उत्तर प्रदेश के आगरा में पुलिस के पास परिवार विवाद के हैरान करने वाले मामले सामने आए। किसी ने पत्नी को छोड़ साली के साथ शादी कर ली, तो कोई मंहगी कार न मिलने पर पत्नी का उत्पीड़न कर रहा है। पहले तो पुलिस ने बातचीत करके समझौता कराने की कोशिश की। लेकिन, जब बात नहीं बनी तो मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए। लोहामंडी की युवती की शादी वर्ष 2020 में जगदीशपुरा में हुई थी। उनकी एक बच्ची है। दो साल पहले वह पति के साथ बाइक से जा रही थी। अचानक गिरने से घायल हो गई। उसने देखभाल के लिए घर में अपनी छोटी बहन को बुला लिया।

# एसपी सिंह बघेल सहित तीन प्रत्याशियों ने किया नामांकन कलेक्ट्रेट गेट पर रोके गए कांग्रेस प्रत्याशी

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

उत्तर प्रदेश के आगरा में लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी प्रो एसपी सिंह बघेल सहित तीन प्रत्याशियों ने सोमवार को नामांकन किए हैं। एसपी सिंह बघेल ने दो सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। एत्मादपुर से भाजपा विधायक डॉ धर्मपाल सिंह और छावनी से भाजपा विधायक डॉक्टर जीएस धर्मेश उनके प्रस्तावक बने हैं।

वहीं, फतेहपुर सीकरी से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में डॉ रामेश्वर सिंह ने नामांकन किया है। इस दौरान भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल ने कहा कि वह अपने पुत्र रामेश्वर सिंह के समर्थन में प्रचार करेंगे। निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में हस्नुराम अंबेडकरी ने भी नामांकन किया है।



**गेट पर प्रवेश को लेकर हुई धक्का मुक्की, हंगामा**

कलेक्ट्रेट में नामांकन स्थल पर प्रवेश को लेकर सोमवार को खूब हंगामा और धक्का मुक्की हुई। भारतीय मजदूर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश कुमार नामांकन पत्र लेने के लिए पहुंचे थे। उन्हें गेट पर रोक लिया। अंदर प्रवेश नहीं मिला। प्रवेश को लेकर पुलिस कर्मियों ने हाथापाई की।

वहीं, फतेहपुर सीकरी से कांग्रेस प्रत्याशी रामनाथ सिकरवार भी तीन घंटे तक गेट के बाहर खड़े रहे। गेट पर रोकने का उन्होंने आरोप लगाया। सूचना पर जिलाधिकारी भानु चंद्र गोस्वामी पहुंच गए। इसके बाद गेट पर खड़े सभी लोगों को कलेक्ट्रेट में प्रवेश मिला।

## फास्ट फॉरवर्ड

### एक ही समुदाय के दो पक्षों में खूनी संघर्ष, दो की मौत-कई लोग घायल, गांव में तनाव का माहौल

**जन एक्सप्रेस/गाजियाबाद।** बुलंदशहर के गुलावठी में एक ही समुदाय के दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। खूनी संघर्ष में दो लोगों की मौत हो गई जबकि दर्जनों लोग घायल बताए जा रहे हैं। बुलंदशहर के गुलावठी थाना क्षेत्र के गांव महौली में सोमवार दोपहर वर्तमान प्रधान आसिफ पक्ष व आरोपी शौकीन पक्ष में 20 वर्ष पुरानी रंजिश के चलते खूनी संघर्ष हो गया। दोनो पक्षों में पथराव हुआ और जमकर लाठी डंडे और धारदार हथियार चले व फायरिंग भी हुई। इस दौरान खेत से लौट रहे प्रधान के चाचा इशाक और चाची जमीला को भी आरोपियों ने रास्ते में रोक लिया और उनकी जमकर पिटाई कर दी। जिससे दोनो की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर सीओ समेत कई थानों का फोर्स मौके पर पहुंच गया। जिन्होंने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और मृतकों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वारदात के बाद गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है।

### रोमांचक मुकाबले में नोएडा रेडर्स को प्रयागराज टाइटंस ने हराया

**जन एक्सप्रेस/नोएडा।** मेरठ के यूपी योद्धा बीके अकादमी में सोमवार को शुरू हुई के-7 कबड्डी यूपी लीग में प्रयागराज टाइटंस ने नोएडा रेडर्स को हरा दिया। टाइटंस शुरुआत में पिछड़ने के बाद नोएडा ने बढ़त बनाई। प्रयागराज टाइटंस ने पलटवार करते हुए नोएडा की टीम को पीछे छोड़ दिया। प्रयागराज टाइटंस ने 31-23 से मुकाबला जीत लिया। गौतमबुद्ध नगर कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र नागर ने बताया कि नोएडा रेडर्स और प्रयागराज टाइटंस टीम के बीच शानदार मुकाबला देखने को मिला। 40 मिनट तक चले मुकाबले में प्रयागराज टाइटंस की टीम ने नोएडा रेडर्स पर जीत दर्ज की। हालांकि नोएडा रेडर्स के रवि भाटी बेस्ट डिफेंडर रहे। प्रतियोगिता के लिए नौ अप्रैल में वाराणसी, दस अप्रैल को आगरा और फाइनल ट्रायल 11 अप्रैल को मेरठ में होने के बाद प्रदेश के खिलाड़ियों का चयन किया गया है। के-7 कबड्डी यूपी लीग का आयोजन 23 अप्रैल तक होगा। के-7 यूपी लीग में में आठ टीमें शिरकत कर रही हैं। इनमें 22 खिलाड़ी ग्रेनो की जेडी कबड्डी अकादमी के हैं। नोएडा रेडर्स टीम में गौतमबुद्ध नगर निवासी नवनीत नागर, अमित नागर, रवि भाटी, पवन भाटी, आशीष भाटी, मानव नागर खेल रहे हैं और कोच ग्रेनों के जितेंद्र नागर को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा ग्रेनो की जेडी कबड्डी अकादमी के विवेक कोहली, गौरव बंसल, आयुष चौधरी, लक्की कुमार, आर्यदीप, परवीन, शनि गुप्ता, अंकित, अर्जुन, प्रशांत, सूर्यप्रताप, निखिल सोलंकी, सोमवीर, सत्यम सिंह, महेंद्र यादव और कृष्णवीर अन्य टीमों के लिए खेल रहे हैं।

### पति ने पत्नी के ऊपर डाला खौलता हुआ तेल, रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस/अलीगढ़।** कोतवाली चंदपा क्षेत्र के गांव नगला बिहारी में एक पति की इंसानियत को शर्मसार करने वाली करतूत सामने आई है। आरोप है कि मारपीट का विरोध करने पर पति ने पत्नी के ऊपर खौलता हुआ गर्म तेल डाल दिया, जिससे पत्नी झुलस गई। घटना चार दिन पूर्व की बताई जा रही है। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली चंदपा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी पति की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली चंदपा क्षेत्र के गांव नगला बिहारी निवासी आफरोज पत्नी वाहिद बीते बुधवार को अपने घर पर थी। तभी उसका पति वाहिद आया और उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। जान से मारने की धमकी देने लगा। जब आफरोज ने पति की इस करतूत का विरोध किया तो वाहिद ने खौलता हुआ गर्म तेल पत्नी के ऊपर डाल दिया। आरोपी पति की बहन गुड़िया और मां सब कुछ खड़े-खड़े देखतीं रहीं। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### बाइक टकराने पर हुआ विवाद, तमंचा तान दी जान से मारने की धमकी

**जन एक्सप्रेस/अलीगढ़।** बाइक टकराने को लेकर हुए विवाद में युवक के साथ गाली-गलौज करने व तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। घटना दो दिन पुरानी कोतवाली हाथरस गेट क्षेत्र के गांव सोखना के निकट की बताई जाती है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली हाथरस गेट क्षेत्र के गांव नगला तुंदला निवासी नीरज सिंह पुत्र हरी सिंह ने कोतवाली हाथरस गेट में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कहा कि बीते शुक्रवार की रात को आठ बजे वह गांव लुटसान से अमरपुर घना होते हुए सोखना के रास्ते से हाथरस आ रहा था। तभी अमरपुर घना बाईपास से पहले तेजी से आ रहे दूसरे अज्ञात बाइक चालक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जब उसने आवाज लगाकर लोगों से मदद मांगी तो दो लोग बाइक से उतर कर आए और तमंचा दिखा कर बोले कि साले अगर किसी से शिकायत की तो जान से मार देंगे। आरोपी धमकी देते हुए चले गए। पुलिस ने इस मामले में पीड़िता की तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पश्चिम बंगाल के धर्मजागरण कार्यकर्ता का संघ कार्यकर्ताओं ने किया अंतिम संस्कार, परिजन वर्चुअल माध्यम से जुड़े

**जन एक्सप्रेस/अलीगढ़।** पश्चिमी बंगाल से दिल्ली जा रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के धर्मजागरण कार्यकर्ता का दुर्घटना में निधन हो गया। सूचना पर संघ के कार्यकर्ता बागला संयुक्त जिला अस्पताल पहुंच गये। परिजनों के आग्रह पर स्थानीय संघ कार्यकर्ताओं ने मृतक का अन्तिम संस्कार रविवार को शहर के इगलास अड्डा स्थित पत्थरवाली श्मशान घाट पर किया। पश्चिम बंगाल से मृतक के परिजन अंतिम संस्कार में वर्चुअली शामिल हुए। बता दें कि बीते दिनों कोतवाली सासनी क्षेत्र की गोहाना चौकी के निकट रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति का शव मिला था। मृतक की पहचान जयदेव दास पुत्र किशन दास निवासी इटहार जयकाली वारी उत्तर दिनाजपुर पं. बंगाल के रूप में हुई थी। अंतिम संस्कार में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर संघचालक डॉ पीपी सिंह, नगर कार्यवाह भानु, सह नगर कार्यवाह टिंकू राना, नगर सेवा प्रमुख आंनद गोयल, नगर सामाजिक सद्भाव प्रमुख महेश दीक्षित, समाजसेवी सुनीत आर्या, प्रवीन वार्ष्णेय, आयोग दीपक, बंटी भाई कपड़े वाले, नीरज गोयल, रोमी ठाकुर, तरुण राघव, नित्कर्ष गर्ग, धीरेंद्र पाठक, ध्रुव सिंह, सौरभ शर्मा, नरेश दिवाकर, ध्रुव वार्ष्णेय, रवि गुप्ता, महेश चंद अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### दुकानदारों को अनजान कॉल से मिल रही धमकी

**जन एक्सप्रेस/अलीगढ़।** सादाबाद की तहसील रोड के कई दुकानदार अनजान फोन कॉल से मिस रही धमकी और गाली-गलौज से परेशान हैं। उन्हें पैसा वसूलने की धमकी दी जा रही है। मामले में दुकानदारों ने शनिवार शाम को सादाबाद कोतवाली में तहरीर दी है। तहरीर में दुकानदार दिनेशचंद्र, उमेश, अजय कमार, पंकज पाराशर आदि ने बताया कि उनके फोन पर शनिवार सुबह से कई अनजान नंबरों से कॉल आ रही हैं।

# लकड़ी तस्करों ने रेंजर पर किया कार चढ़ाने का प्रयास, घेराबंदी कर एक को पकड़ा

* अंतर्राज्यीय गिरोह से मिलकर जंगल से कटान करते थे तस्कर
* पूरनपुर के हरसिंहपुर गुरुद्वारे के पास आम के बाग में मुठभेड़

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**





खुटार रेंज के जंगल से साल के पेड़ों का कटान कर लकड़ी की तस्करी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह में शामिल एक आरोपियों को वन विभाग की टीम ने कर पकड़ लिया। गिरोह में शामिल उत्तराखंड निवासी सरगना घेराबंदी के दौरान मौके से फरार हो गया। तस्करों ने रेंजर पर कार चढ़ाने का प्रयास किया। गिरफ्तारी के बाद वन विभाग की टीम पकड़े गए आरोपी को खुटार रेंज ले गई।पकड़ी गई कार को हरसिंहपुर गुरुद्वारे पर खड़ा कर दिया गया।

> जंगल से लकड़ी कटान के आरोपी को पकड़ा गया। आरोपी की निशानदेही पर जंगल में कांबिंग की जा रही। तस्करों के पूरे नेटवर्क को खंगाला जा रहा है। पकड़े गए आरोपी को जेल भेजा जाएगा।
>
> **मनोज कुमार श्रीवास्तव, रेंजर खुटार।**

3 अप्रैल की रात्रि खुटार रेंज के सिहुरा वन क्षेत्र में लकड़ी तस्करों ने साल और सागौन के दस हरे-भरे पेड़ों का सफाया कर दिया था।वन विभाग की टीम पेड़ों के कटान में संलिप्त तीन तस्करों को पकडकर जेल भेज चुकी है। पकड़े गए तस्करों की निशान देही पर वन विभाग की टीम आरोपियों की धर पकड़ के लिए लगातार दबिस दे रही थी।रविवार देर शाम खुटार रेंजर मनोज कुमार श्रीवास्तव को मुखबिर से जानकारी मिली कि उत्तराखंड के बिलासपुर निवासी लकडी तस्कर सोनू पुत्र विजय (विक्की) अपनी पत्नी संगीता और साले सूरज पुत्र सुच्चा मषीह निवासी मैनिया थाना खुटार के साथ कार से उत्तराखंड जा रहे हैं। आरोपियों भनक लगते हैं वन विभाग की टीम सक्रिय हो गई। पूरनपुर के खमरिया तिराहा के पास रेंजर ने कार को रोकने का प्रयास किया।इस दौरान तस्करों ने रेंजर पर कार चढ़ाने का प्रयास कर कार की गति तेज कर दी।वन विभाग की टीम ने तस्करों का पीछा किया तो उन्होंने कार हरसिंहपुर गुरुद्वारे की ओर मोड दी। आगे रास्ता न होने के कारण अपने आप को घिरता देख उत्तराखंड निवासी तस्कर सोनू कार को छोंड मौके से फरार हो गया है। वन विभाग की टीम ने घेराबंदी कार में सवार उसके साले सूरज पुत्र सुच्चा मसीहा निवासी मैनिया थाना खुटार को मौके से पकड़ लिया। मामले की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई। उप निरीक्षक विकास खत्री पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गए। वन विभाग की टीम पुलिस के साथ आरोपी को लेकर खुटार रेंज के लिए निकल गई।

### पेड़ों के अवैध कटान में निकला उत्तराखंड कनेक्शन

खुटार के जंगल से पेड़ों के अवैध कटान में अंतर्राज्यीय नेटवर्क सामने आया है। घेराबंदी के दौरान पकड़े गए लकड़ी तस्कर सूरज ने बताया कि वह पहले वन विभाग के कर्मचारियों की रेकी करता था। उसके बाद उत्तराखंड के बिलासपुर निवासी बहनोई सोनू और स्थानीय तस्करों के साथ मंसूबा तैयार करते थे। वन विभाग टीम की सक्रियता कम होते ही तस्करों का गिरोह रात्रि के दौरान जंगल में अवैध घुसपैठ कर पेड़ों का काटन करता था।

## पूर्व चेयरमैन के पुत्र का खाली पड़े प्लाट पर दबंगों का कब्जा, दी नामजद तहरीर



* पीड़ित के द्वारा बताया गया है की इससे पूर्व मे भी दंबग आरोपी शहाबुद्दीन ने एक बार अवैध निर्माण कार्य कराया था।

**जन एक्सप्रेस । बरखेड़ा**

नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन हाजी जमील अहमद के पुत्र अकील अंसारी ने थाना पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि दबंग आरोपी शहाबुद्दीन पुत्र बन्ने ने वार्ड नंबर आठ मे खाली पड़े प्लाट पर जबरन कब्जा करने की नियत से अवैध निर्माण करा दिया है।

और दबंग आरोपी शहाबुद्दीन धमकी दे रहा है।

पीड़ित के द्वारा बताया गया है की इससे पूर्व मे भी दंबग आरोपी शहाबुद्दीन ने एक बार अवैध निर्माण कार्य कराया था।

प्रार्थी के द्वारा शिकायत करने पर निर्माण कार्य को रुकवाया गया था। और खाली पड़े प्लाट का बैनामा भी पीड़ित अंकील अंसारी के नाम है।

आज पुनः दबंग द्वारा खाली पड़े प्लाट पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है।और पीड़ित को फर्जी मुकदमे मे फंसाने की धमकी दे रहा है।

वही चेयरमैन पुत्र अंकील अंसारी ने थाना पुलिस से अवैध निर्माण कार्य रुकवाने की गुहार लगाई है।

## गन्ना कालेज के प्राचार्य को लखनऊ में आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में किया गया सम्मानित

* लखनऊ में यूपीया द्वारा आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी में शामिल हुए प्राचार्य

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**



बाबा भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय लखनऊ के सभागार में उत्तर प्रदेश उत्तराखंड इकोनामिक एसोसिएशन यूपीया द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में नगर के गन्ना कालेज के प्राचार्य डा. सुधीर कुमार शर्मा ने प्रतिभाग किया। उनको यूपिया के अध्यक्ष प्रोफेसर रवि श्रीवास्तव द्वारा स्मृति चिन्ह देकर और पटका पहनाकर सम्मानित किया गया।

पूरनपुर नगर से दो किमी. दूर बंडा रोड पर स्थित गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय संचालित है। इसके प्राचार्य डॉक्टर सुधीर कुमार शर्मा ने बताया कि यूपिया द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय वार्षिक संगोष्ठी में उनको गेस्ट ऑफ ऑनर एवं रिसोर्स पर्सन के रूप में आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम में उनको सम्मानित किया गया जो महाविद्यालय एवं पूरनपुर क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने बताया कि इससे भी इंडियन इकोनामिक एसोसिएशन द्वारा भुवनेश्वर में उनको ईसी का मेंबर नामित किया गया था। उन्होंने बताया कि अंतर्राट्रीय संगोष्ठी में उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के विद्वजनों के अलावा अन्य स्टेट के भी प्रबुद्ध एवं वरिष्ठ शिक्षाविदों कुलपतियों पूर्व कुलपति विभिन्न संस्थाओं के अध्यक्षों ने प्रतिभाग किया। प्रदेश के क्षेत्रीय विकास व्यापार सामाजिक सुरक्षा आदि बिंदुओं पर चर्चा हुई। संगोष्ठी में शिक्षाविदों के साथ-साथ शोधार्थियों के अलावा करीब 400 डेलिगेट्स ने भाग लिया। प्राचार्य के सम्मानित होने पर गन्ना महाविद्यालय स्टाफ एवं अन्य लोगों द्वारा उनको शुभकामनाएं प्रेषित की जा रही है।

## ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में की गई मां के नौ स्वरूपों की अराधना

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**






आज ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल सुरभि कॉलोनी में नवरात्र के अवसर पर मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा-अराधना पूरी भक्ति एवं श्रद्धा के साथ की गई। नन्हे- मुन्ने बच्चे मां दुर्गा, कुष्मांडा, चंद्रघंटा, ब्रह्मचारिणी, शैलपुत्री, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि महागौरी के सुंदर स्वरूपों में सज कर विद्यालय आए। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य पूजा छाबड़ा ने देवी स्वरूपा बालिकाओं के मस्तक पर रोली चावल से तिलक किया और उन्हें फलों का भोग लगाया। सभी बच्चों को नवरात्रि के पर्व की शुभकामनाएं दी और उन्हें इस पर्व को मनाने के विषय में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया मां दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती है, मां कालरात्रि दुष्टों का नाश करने वाली है, यह देखने में अत्यंत भयानक हैं लेकिन सदैव शुभ फल ही देने वाली हैं इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। इस अवसर पर विद्यालय में

देवी रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत कक्षा एन.सी. की गौरांशी वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा के.जी. की शिवन्या सक्सेना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। श्रेष्ठी और वान्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। देवी स्वरूप में सजे बच्चों ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा ने सभी विजयी बच्चों का उत्साहवर्धन किया और नवरात्रि की बधाई दी।

उन्होंने बताया कि भारतीय समाज में नवरात्रों का विशेष महत्व है इस अवसर पर उपवास रखा जाता है और देवी के नौ स्वरूपों की उपासना की जाती है।

उपवास रखने से मन और तन की शुद्धि होती है।

इस अवसर पर हवन भी किए जाते हैं जिससे हमारे आसपास का वातावरण भी पवित्र हो जाता है। विद्यालय में इस प्रकार के आयोजन कराए जाते हैं।

जिससे बच्चे अपनी प्राचीन संस्कृति और रीति-रिवाजों से जुड़े रहते हैं और उन्हें मनाने के महत्व के विषय में जानकारी प्राप्त करते हैं।

### ब्रांडेड कंपनी के रैपर में बेच रहे थे नकली मोबिल और ट्यूब

**जन एक्सप्रेस । वाराणसी।** सदर कोतवाली में मामले का खुलासा करते हुए सीओ सिटी राहुल पांडेय ने बताया कि विभिन्न प्रकार के नकली उत्पादों का प्रयोग कर ग्राहकों से धोखाधड़ी कर मुनाफा कमाने वाले गिरोह की सूचना पर पुलिस ने टीम बनाकर छानबीन शुरू की।

रविवार की रात करीब पौने 11 बजे धर्मशाला रोड स्थित यूको बैंक के सामने वाली गली से ब्रांडेड कंपनी का रैपर व ट्रेडमार्क लगाकर नकली मोबिल व ट्यूब बेच रहे दो लोगों को पकड़ा।

उनकी पहचान धर्मशाला रोड निवासी उपेंद्र उर्फ मंगल केशरी और ब्रह्मनगर निवासी सैफ के रूप में हुई। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से 2065 डब्बे नकली मोबिल, सुलेशन, 1183 ट्यूब व एक टाटा मैजिक माल वाहक बरामद किया गया। पूछताछ में उन्होंने वाराणसी के लहुराबीर स्थित महावीर इंटर प्राइजेज से माल लाने की जानकारी दी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### सब्जी विक्रेता की अपाची बाइक चोरी

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर।** खेतासराय थाना क्षेत्र के गुरैनी बाजार में रविवार की रात घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गयी। पीड़ित ने घटना की जानकारी पुलिस को दिया पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार मुख्तार पुत्र नाजनैन जनपद आज़मगढ़ के निजामाबाद कस्बे के निवासी है। लगभग साल भर से वह क्षेत्र के गुरैनी बाजार में यूपी-बड़ौदा बैंक के पास परिवार के साथ किराएं पर रहता है और सब्जी की दुकान चलाता है। नित्य की भांति वह घर के नीचे अपनी अपाची बाइक खड़ी किया हुआ था। बीती रात चोरों ने बाइक का लॉक तोड़कर बाइक लेकर फरार हो गए। सुबह वाहन स्वामी को जानकारी होने पर वह आवक हो गया और खोजबीन किया लेकिन अथक प्रयास के बाद जब बाइक नहीं मिला तो पीड़ित ने लिखित सूचना पुलिस को दिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### छात्रों के नामांकन को लेकर निकाली गई जागरूकता रैली

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर।** विकास खण्ड सुईथाकला के प्राथमिक विद्यालय ईशापुर में प्रधानाध्यापक जनकधारी दूबे के नेतृत्व में छात्र एवं छात्राओं के नामांकन को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई।



प्रधानाध्यापक जनकधारी दूबे ने कहा कि शिक्षा है अनमोल रतन हम सब मिलकर करें जतन शिक्षा की विशेषताओं में एक सचेत प्रयास होना शामिल है, जिससे संज्ञानात्मक, भावात्मक और मनोदैहिक पहलुओं में व्यवहारिक परिवर्तन होते हैं। इसमें प्रभावी शिक्षण परिणामों के लिए नियोजित, कार्यान्वित और मूल्यांकन की गई शिक्षण प्रक्रियाएँ शामिल हैं।जिसमें चरित्र निर्माण, व्यक्तित्व का विकास, नागरिक और सामाजिक कर्तव्यों का पालन, सामाजिक सुख और कौशल की उन्नति, राष्ट्रीय संस्कृति का संरक्षण और प्रसार शामिल है। अलग-अलग काल में व्यक्तियों ने अलग-अलग तरीके से जीवन में शिक्षा के उद्देश्य को समझाने का प्रयास किया है। शिक्षा के कई अन्य सार्थक उद्देश्य भी हो सकते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक संजय सिंह, अरविंद सोनकर, रूसी सिंह, मोनिका सिंह, शशिकला दूबे और सभी छात्र एवं छात्राओं ने स्कूल चलो अभियान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

### मतदाता जागरूकता के लिए जिलाधिकारी ने की हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर।** मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप कार्यक्रम अन्तर्गत आयोजित विविध जागरूकता गतिविधियों की कड़ी में जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी रबीन्द्र कुमार माँदड़ ने कलक्ट्रेट परिसर में मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया। इस



अभियान के तहत परिसर में एक बड़ा बैनर लगाकर जिसपर लिखा है ड्रेमोक्रेसी वाल पर स्वयं हस्ताक्षर कर संकल्प लिया और लोगों से भी हस्ताक्षर कर संकल्प लेने की अपील किया है कि 25 मई को मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित करें। इस दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में बनी सेल्फी प्वाइंट मेरा वोट मेरी ताकत सेल्फी पाइंट पर अधिकरियों ने सेल्फी लेकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित भी किया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि इस हस्ताक्षर अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने सभी विभागों, स्कूल कालेजों व्यापार मंडल, समाजिक संस्थाओ से भी अपील किया है कि मतदान के प्रति जागरुकता के प्रति लोगों को प्रेरित करने के लिए इस तरह के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाये। जिलाधिकारी ने बताया कि गत चुनाव में मतदान का प्रतिशत कम था, लेकिन इस बार हमारा प्रयास 70 प्रतिशत से अधिक ले जाने का है। इसको लेकर स्वीप की ओर से कई कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।

## मछलीशहर लोस: तीनों प्रमुख पार्टियों ने दावेदारों पर लगाई मुहर

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**







जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे राजनीतिक दलों ने अपने अपने उम्मीदवारों की उम्मीदवारी पर मुहर लगाकर अपनी सियासी बिसात बिछाने में जुट गए है। अगर हम बात करे प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से सटे मछलीशहर (सुरक्षित) संसदीय सीट को तो यहां तीनों प्रमुख पार्टियों ने अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। भारतीय जनता पार्टी ने वर्तमान सांसद बीपी सरोज पर पुनः दांव लगाया है। तो समाजवादी पार्टी ने मौजूदा केराकत विधायक तूफानी सरोज की पुत्री प्रिया सरोज पर अपना भरोसा जताया है। वहीं लोकसभा चुनाव में अपने बलबूते चुनाव लड़ रही बहुजन समाज पार्टी ने पूर्व आईएएस अधिकारी कृपा शंकर सरोज को अपना उम्मीदवार बनाया है। तीनों प्रमुख पार्टियों के उम्मीदवार सरोज समाज से होने के साथ ही चुनावी तस्वीर भी जनमानस के पटल पर परिलक्षित होने लगी है।दावेदार डोर टू डोर जाकर सरकार व पार्टी के विचारधारा के साथ साथ उपलब्धि को जनता के बीच गिना रहे हैं कौन कैसे मतदाताओं को मनाने में सफल होता है।बहरहाल जनता है सब जानती है अब देखना यह है कि जनता किसके सर जीत का सेहरा बांधती है? यह अभी भविष्य के गर्भ में छुपा हुआ है।

### दावेदारों को अपनों से भी पड़ सकता है जूझना

2024 का लोकसभा चुनाव देश की जहां दशा और दिशा तय करेगा वहीं मछलीशहर लोकसभा सीट से भाग्य आजमा रहे उम्मीदवारों के भी भाग्य की दशा और दिशा को तय करेगा। भाजपा उम्मीदवार बीपी सरोज जहां अपनी सरकार की योजनाओं के बलबूते जनता के बीच में पुनः वोट मांगने निकले हैं तो समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार प्रिया सरोज सपा सरकार की योजनाओं और अपने पिता पूर्व सांसद व मौजूदा विधायक तूफानी सरोज के बलबूते चुनाव मैदान में उतरी हुई हैं। मौजूदा भाजपा सांसद के क्रियाकलापों को लेकर भाजपा के पुराने निष्ठावान कार्यकर्ता आहत नजर आ रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर तूफानी सरोज की बेटी प्रिया सरोज को टिकट मिलने से पार्टी के अंदरखाने में लेकर विरोध है। विरोध जायज है क्योंकि पार्टी में कई ऐसे दिग्गज चेहरे लंबे समय से जनता के बीच में पसीना बहाते आ रहे थे लेकिन उन्हें एक सिरे से नकारते हुए पार्टी प्रमुख ने परिवारवाद को बढ़ावा देते हुए प्रिया सरोज को टिकट देकर पुराने निष्ठावान कार्यकर्ताओं की नाराज़गी साफ देखी जा सकती है जो असहनीय और अनुचित भी है। हालांकि राजनीति में ऐसे शब्दों के लिए कोई मायने नहीं होते हैं फिर भी इतना तो ख्याल रखा ही जाता है कि जो निष्ठावान जुझारू कार्यकर्ता लंबे समय से समर्पण त्याग करता आया हो, उसे जरूर अवसर जरूर मिलना चाहिए। वही अगर बसपा उम्मीदवार कृपा शंकर सरोज की बात करे तो जनता के बीच पहुंच पार्टी के विचार धारा को लोगों के बीच रख अपने पक्ष में मतदान करने की अपील करेंगे।

## गैंगस्टर एक्ट एवं हिस्ट्रीशीटर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

शाहगंज कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट और हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर जेल रवाना किया है। गैंगस्टर खेतासराय थाना क्षेत्र के पारा कमाल गांव निवासी नैय्यर आलम है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा अजय पाल शर्मा द्वारा आगामी लोक सभा चुनाव के दृष्टिगत जनपद में अपराध एवं अपराधियों तथा वाँछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर बृजेश कुमार एवं पुलिस उपाधीक्षक अजीत सिंह चौहान के पर्यवेक्षण एवं कुशल निर्देशन में कोतवाली प्रभारी तारकेश्वर राय ने आरोपित नैय्यर आलम पुत्र अब्दुल जब्बार को सोमवार सुबह नौ बजे उसरहटहा गांव स्थित आजाद रेलवे क्रासिंग से गिरफ्तार किया। नैय्यर आलम शाहगंज में गैंगेस्टर एक्ट मे वांछित है। वहीं खेतासराय थाना का हिस्ट्रीशीटर है। इस पर शाहगंज खेतासराय लाइन बाजार थाने में आधा दर्जन मामला दर्ज है।

कई मामले में जेल जा चुका वांछित आरोपित नैय्यर चुनाव में खतरा बना हुआ था। बताते है कि आरोपित से पारा कमाल गांव से लगाय अरंद मनेछा असरफपुर उसरहटहा गोरारी समेत दर्जनों गांव के कई दर्जन लोगों पर फर्जी मामला दर्ज करा वसूली करता रहा।

वहीं असरफपुर उसरहटहा गांव में चकरोड पर कब्जा कर मकान बना लिया। गोरारी में राम-जानकी भूमि पर कब्जा किया हुआ है।

पुलिस रिकार्ड में दुराचारी एचएस और गैंगस्टर का आतंक दर्जनों गांव में हैं। फिलहाल गिरफ्तारी से लोगों ने राहत की सांस ली है। कोतवाली प्रभारी तारकेश्वर राय ने बताया कि आरोपित की तलाश में छापेमारी की गयी। लेकिन यह घर से भाग निकला। आजाद रेलवे क्रासिंग पर इसे गिरफ्तार किया गया। फिलहाल चालान भेजा गया है।

## गेहूं की खड़ी फसल जल कर राख



**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के बीबीगंज चौकी अंतर्गत कोपा गांव में सोमवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग से तीन बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों की मदद से आग बुझाया गया। क्षेत्र के उक्त गांव निवासी राधा देवी पत्नी उदय भान के खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में गेहूं के खेत में सोमवार की सुबह आग लग गई। सूचना मिलते ही गांव में हडकंप मच गया। गांव के लोग पानी लेकर खेत में पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग विकराल रुप धारण कर लिया। सूचना पर पहुची फायर ब्रिगेड और गांव के लोगों की मदद से आग बुझाया गया। तबतक तीन बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस व राजस्व की टीम नुकसान के आकलन में जुटी है।

## कमा कर घर लौट रहा व्यक्ति ठगी का शिकार

**जन एक्सप्रेस । मिर्जापुर**

सूरत से कमाकर घर लौट रहे व्यक्ति से बाइक सवार युवक ने शनिवार की रात ठगी कर ली। गुटखा मंगाने के बहाने उसका बैग लेकर फरार हो गया। बैग में 10 हजार रुपये थे।जिगना थाना क्षेत्र के बसंतपट्टी गांव निवासी राजेश बिंद सूरत में रहकर नौकरी करते हैं। वे शनिवार को घर लौट रहे थे। जिगना थाने के पास उन्हें एक युवक मिला। उसने राजेश से कहा कि जहां तुम चलोगे, वहीं हम भी चलेंगे। तुम्हें भी बाइक से लेते चलेंगे। इसके बाद राजेश बैग लेकर बाइक पर बैठा तो बाइक सवार ने उसका बैग पकड़ कर उसे 10 रुपये दिया और गुटखा लाने के लिए कहा। राजेश गुटखा लेने गया तो बाइक सवार उसका बैग लेकर फरार हो गया। बैग में 10 हजार रुपये, मोबाइल फोन, कपड़े आदि थे।

## सपा कार्यकर्ताओं ने सपा लोकसभा प्रत्याशी का पुतला फूंका

* जिले के नेताओं को प्रत्याशी बनाने की मांग

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



करंजाकला के सफदरगंज बाजार में समाजवादी पार्टी के लोकसभा सदर के प्रत्याशी का सपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को पुतला फूका और उनके विरोध में तक्थिया पोस्टर लेकर नारे लगाए प्रदर्शन किया। प्रत्याशी को बदलने की मांग की और कहा जब तक प्रत्याशी नहीं बदला जाएगा तब तक इस तरह के प्रदर्शन जारी रहेंगे। बता दें कि जौनपुर लोकसभा सदर का प्रत्याशी समाजवादी पार्टी ने बाबू सिंह कुशवाहा को बनाया है। उनके प्रत्याशी बनते ही सपा नेताओ कार्यकर्ताओं में आक्रोश पैदा हो गया। उनके खिलाफ विरोध पर उतर आए। सोमवार को काफी संख्या में सपा कार्यकर्ताओं ने करंजाकला के सफदरगंज बाजार में तख्तियां बैनर पोस्टर लेकर पहुंचे। बाहरी प्रत्याशी हटाने की मांग करते हुए, जिले के नेताओं को प्रत्याशी बनाने की मांग की। इस दौरान बाबू सिंह कुशवाहा के विरोध में नारे लगाए और कहां की यह एनएचआरम घोटाले में भी फंसे हैं। ऐसे मे पार्टी प्रत्याशी को बदल दे। जिले में तमाम नेता कार्यकर्ता हैं उन्हीं में से किसी एक को प्रत्याशी बनाया जाए। इस दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने बाबू सिंह कुशवाहा का प्रतिकात्मक पुतला फूक दिया और उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की, सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मांग की है कि प्रत्याशी को तत्काल बदल दिया जाए। इस दौरान सपा नेता अग्रसेन यादव ने कहा कि जब तक प्रत्याशी नहीं बदला जाता है तब तक यह धरना प्रदर्शन जारी रहेगा, इस अवसर पर जितेंद्र कुमार, अमरेश यादव, पोलू यादव, बृजेश यादव (पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी)धीरज यादव, सोनू यादव, ऋषभ बुझारत राम, सरगम विश्वकर्मा जीतलाल मौजूद रहे।

# भाजपा प्रत्याशी जयवीर सिंह ने किया नामांकन, बोले सपा ने मैनपुरी को दिखाया गुंडागर्दी का झुनझुना



**जन एक्सप्रेस । मैनपुरी**

उत्तर प्रदेश के मैनपुरी सीट से भाजपा प्रत्याशी जयवीर सिंह सोमवार को नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ भोगांव विधायक रामनरेश अग्निहोत्री व पार्टी के अन्य नेता मौजूद रहे। कुछ ही समय में उनके समर्थन में जनसभा को संबोधित करने मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव और उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य भी पहुंचेंगे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस बार भाजपा का गढ़ टूटेगा। भाजपा को जीत मिलेगी। डिंपल यादव हारेंगी। उन्होंने अभी नहीं तो कभी नहीं का नारा दिया। जयवीर सिंह के प्रस्तावकों में विधायक भोगांव रामनरेश अग्निहोत्री, पैक्सफेड चेयरमैन प्रेम सिंह शाक्य, भाजपा नेता शुभम जाटव और भाजपा नेत्री ममता राजपूत शामिल रहीं। उन्होंने डिंपल यादव के बयान भाजपा का घोषणा पत्र झुनझुना पर पलटवार करते हुए कहा कि सपा ने 2012 से 2017 तक उत्तर प्रदेश और मैनपुरी को गुंडागर्दी का झुनझुना दिखाने का काम किया। वहीं कन्नौज में डिंपल के चुनाव के दौरान किसी को नामांकन न करने देने को लेकर भी करारा प्रहार किया। झ जयवीर सिंह के नामांकन के बाद लोगों के मत हासिल करने का शंखनाद हो गया। इस बार का नामांकन सादगी के बजाए शक्ति प्रदर्शन के साथ हुआ। योगी सरकार में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह को भाजपा ने मैनपुरी से लोकसभा प्रत्याशी बनाया है। उनका सीधा मुकाबला वर्तमान सांसद और सपा प्रत्याशी डिंपल यादव से है। शहर के क्रिश्चियन मैदान में दोपहर 12.30 बजे जनसभा आयोजित होनी है। इसमें पार्टी के दिग्गज नेता लोगों को भाजपा के लिए मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। क्रिश्चियन मैदान में परिसर में ही एक स्थायी हैलीपेड के साथ दूसरा अस्थायी हेलीपैड भी बनाया गया है। गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी के साथ ही राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु भी पहुंचेंगे। उनका कार्यक्रम भी जारी कर दिया गया है।

### सीएम मोहन यादव के मुलायम सिंह के गढ़ में आते ही सपा को लगा बड़ा झटका, कई नेताओं ने दिया इस्तीफा



(रामजी लाल गोस्वामी)। मैनपुरी। सीएम मोहन यादव के मुलायम सिंह के गढ़ में आते ही सपा को लगा बड़ा झटका, कई नेताओं ने दिया इस्तीफउत्तर प्रदेश के मैनपुरी से भाजपा प्रत्याशी जयवीर सिंह को हर हाल में जिताने के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झौंकने का मन बना लिया है। इसी को लेकर जयवीर सिंह के नामांकन के बाद यहां नामांकन सभा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य पहुंच गए हैं, वहीं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव आ रहे हैं। वहीं खबर ये भी मिल रही है कि सीएम मोहन यादव के मैनपुरी में पहुंचने से पहले कई नेताओं ने सपा से इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थाम लिया है। मैनपुरी के क्रिश्चियन मैदान में आयोजित जनसभा में पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य पहुंच चुके हैं। यहां कुछ ही देर में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी होंगे। उनका सभा स्थल पर इंतजार किया जा रहा है। उनके आने से पहले समाजवादी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। नामांकन सभा के दौरान सपा के पदाधिकारियों ने इस्तीफा देते हुए भाजपा का दामन थाम लिया है।

## चैत्र नवरात्र की सप्तमी पर मंदिरों में पूजन के लिए उमड़े भक्त

**जन एक्सप्रेस । कानपुर देहात**

चैत्र नवरात्र को सप्तमी पर मंदिरों व घरों में मो कालरात्रि के पूजन की धूम रही। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की कतार लगी नजर आई। लोगों ने देवी गीत गाए और विधिविधान से पूजन किया।घरों में स्थापित घट स्थल पर भक्तों ने दुर्गा सप्तशती का पाठ करते हुए पूजन किया।भक्तों ने आदिशक्ति से ज्ञान और भय से मुक्ति का आशीष लिया।आदिशक्ति मां कालरात्रि शुभ फल प्रदान कर कल्याण करने वालीं हैं।मान्यता है कि सच्चे मन से पूजा करने से मां भक्तों के भय का नाश करतीं हैं। नकारात्मक शक्तियों का नाश कर ज्ञान और वैराग्य प्रदान करती हैं।आदिशक्ति के आशीष से सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं।मंगलवार को भक्तों ने मंदिरों में शक्ति के दिव्य स्वरूप का दर्शन कर आरती को। इसके बाद प्रसाद चढ़ाकर माथा टेका और मां से मनौती मांगी। अकबरपुर के कालिका देवी मंदिर में सुबह से ही भक्त पहुंचे।महिलाओं ने यहां ढोलक बजाकर भजन गाए।

## थोड़े से लालच में विद्युतकर्मियों ने छायादार हरे पेड़ पर चला दिया आरा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर**

एक ओर सरकार के मुखिया और प्रशासन के आलाधिकारी, वन विभाग सहित अन्य विभागों तथा स्वयं सहायता समूहों के सहयोग से कानपुर महानगर में प्रदूषण कम करने की दिशा में हरियाली बढ़ाने, नए पौधे लगाने तथा पुराने पेड़ो के सरक्षण के प्रति लगातार प्रयासरत हैं, तो वहीं निरंकुश विभागीय कर्मी थोड़ा सा श्रम बचाने और चंद लालच में बेलगाम होकर शासन, प्रशासन और अधिकारियों की कवायद पर पानी फेर रहे हैं। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण आज देखने को मिल जब पनकी भाटिया रोड पर ऊपर से निकल विद्युत तारों की सुरक्षा के लिए हरे पेड़ों की छटाई करने आई विद्युत कर्मियों के संग ठेकेदार की टीम ने एक हरे पेड़ को बीच तने से चंद सेकंड में आरा लगाकर काट दिया। स्थानीय लोगों द्वारा मना करने पर,कि इस पेड़ की सुरक्षा करते हुए इसकी सेवा करने के कारण आज यह राह चलते लोगों को छाया दे रहा है। अगर आपको काटना ही है तो ऊपर से काट दीजिए ताकि नीचे छाया और पेड़ को नुकसान न पहुंचे। लेकिन उन्होंने स्थानीय लोगों की एक बात नहीं सुनी और आचार संहिता का हवाला देते हुए बताया कि इस समय विभाग सर्वोपरि है किसी की नहीं सुनेंगे और पेड़ को काट दिया। बाद में लकड़ी उठाने आए कुछ मजदूर तबके के लोगों को जब मना किया गया तो उन्होंने बताया कि एक देसी पव्वा के लालच में यह पेड़ की लकड़ी लेने के लिए कटवाया है। जब यह बात पूछी गई कि इस लकड़ी का तुम क्या करोगे यह लकड़ी तो मजबूत भी नहीं होती तब उन्होंने बताया कि यह लकड़ी जलाने के काम में आएगी। जब पूछा गया कि तुम्हारे घर में गैस सिलेंडर नहीं है तो उसने कहा की उज्ज्वला योजना के तहत उसके घर में पांच-पांच कनेक्शन है। लेकिन कोचिंग पढने वाले बच्चों को वह गैस ब्लैक में बेच देते है और आज भी खाना घर पर लकड़ी से ही बनाया जाता है। ठेकेदार के आदमियों को थोड़ा सा लालच दिया और उन्होंने मोटे तने की लकड़ी उसे दे दी है। स्थानीय लोगों द्वारा जब उन्हें डांट कर भगाया गया तब यह बात समझ में आई कि चंद लालच में कितनी आसानी से हरे पेड़ों पर आरा चलाने में उन्हें जरा भी दया नहीं आती।

# अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी की बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**




प्रभारी जिला जज और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष लोकेश वरूण की अध्यक्षता में जनपद न्यायालय कन्नौज के मीटिंग हाल में अंबर ट्रायल रिव्यू कमेटी की त्रैमासिक की प्रथम बैठक दिनांक 15.04.2024 को आहुत की गयी। बैठक में जिलाधिकारी शुभान्त कुमार शुक्ल, पुलिस अधीक्षकअमित कुमार आनन्द, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/पूर्णकालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लवली जायसवाल, पी0के0 त्रिपाठी, जेल अधीक्षक, जिला कारागार कन्नौज द्वारा प्रतिभाग किया गया।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार विचाराधीन बंदी पुर्नविलोकन समिति जो 18 सितम्बर से 20 नवम्बर तक संचालित है। जिला कारागार कन्नौज में विचाराधीन बंदियों में से पात्र बंदियों की रिहायी हेतु महाअभियान संचालित किया गया है, जिसके अन्तर्गत अंडर ट्रायल रिव्यू कमटी की बैठक में उपस्थित समिति के सदस्यगण से विचार विमर्श किया गया तथा बताया गया कि राष्ट्री? विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुपालन में जिला कारागार में निरूद्ध बंदियों को पात्रता के आधार पर बंदियों के जमानत प्रार्थना पत्र निजी बंध पत्र, 436ए सी0आर0पी0सी0 के अन्तर्गत पात्र बंदियों की रिहासी हेतु समिति द्वारा विचार किया जाएगा तथा जिला कारागार कन्नौज में निरूद्ध बंदियों के प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कन्नौज द्वारा संबंधित न्यायालयों में अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किये जाएगे।

# पिता को मुखाग्नि देने से पहले गंगा में डूबा बेटा, मौत





**सर मुड़वाने की रस्म के लिए गंगा में बेटा लगा रहा था डुबकी**

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर**



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के अरौल थाना अंतर्गत आंकिन घाट पर मृत पिता को दाह संस्कार के लिए गंगा तट पर लेकर पहुंचा युवक उन्हें मुखाग्नि देने से पहले सर मुड़वाने की रस्म के लिए गंगा नदी में डुबकी लगाते समय डूब गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू की। ककवन थाना क्षेत्र के मुन्नौवर गांव निवासी 65 वर्षीय किसान सतीश सिंह की लंबी बीमारी के बाद मौत हो गई। मौत के बाद सोमवार को लगभग 11 बजे मृतक के परिजन , सगे संबंधी व ग्रामीण उनके शव को दाह संस्कार के लिए अरौल थाना क्षेत्र आंकिन गांव स्थित गंगा तट पर लेकर पहुंचे थे। गंगा तट पर चिता लगाने के बाद विधि विधान पूर्वक मुखाग्नि देने के लिए उनका 30 वर्षीय पुत्र विनय सिंह , 33 वर्षीय विजय सिंह और गांव के 30 वर्षीय अंशुमान सिंह गंगा नदी में स्नान करने के लिए उतरे थे। तभी गहराई में पैर जाने से तीनों लोग गंगा नदी में डूबने लगे। जिसमें विजय और अंशुमन को ग्रामीणों ने प्रयास कर बाहर निकाल लिया किन्तु विनय को डूबने से नहीं बचा सके। विनय के द्वारा ही पिता को मुखाग्नि दी जानी थी और मुखाग्नि देने से पहले सर मुड़वाने की रस्म के लिए वह गंगा नदी में स्नान के लिए उतरा था। युवक के डूबते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर थाना प्रभारी अखिलेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और पुलिस की मौजूदगी में गोताखोरों ने युवक की तलाश शुरू की किंतु लगभग दो घंटे बाद भी युवक का कहीं पता नहीं चल सका सूचना पर एसीपी अजय कुमार त्रिवेदी ककवन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विनय यादव सपा नेत्री रचना सिंह आदि समाजसेवी भी घाट पर शाम तक मौजूद रहे लेकिन गोताखोरों ने शव का पता नहीं लगा सके इसके बाद दूसरे पुत्र ने गंगा में स्नान कर पिता को मुखाग्नि दी।

# कम्पोजिट स्कूल बेहरिन में डीएम ने की अपील, सब काम छोड़कर पहले डालो वोट

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत कम्पोजिट विद्यालय बेहरिन वि0ख0/जनपद कन्नौज में मतदाता जगरुकता कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावको से मतदान करने व लोगो को मतदान करने हेतु प्रेरित करने की अपील की। उन्होने कहा कि सभी लोग 13 मई 2024, मतदान दिवस के दिन मतदान केन्द्र पर अपना वोट डालने अवश्य आयें। गर्मी को देखते हुये यदि आप लोगो को दोपहर के मतदान केन्द्र आने में कठिनाई हो तो सुबह य सायं काल के समय अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्क करें। कहा कि सभी मतदान केन्द्रो में धूप से बचने हेतु छाया की व्यवस्था की जायेगी। शुद्व पेयजल की भी व्यवस्था रहेगी। उन्होने कहा कि लगभग दो माह से सभी कार्य छोड़कर चुनाव के कार्य की तैयारी वृहद स्तर से चल रही है। मतदान केन्द्र बनाये जा रहे हैं, मतदाता सूची तैयार की जा रही है। कार्मिको को चिन्हित कर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन की तैयारी चल रही है। उन्होने कहा कि मतदान को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु व्यापक रुप से तैयारी चल रही है जिससे सभी लोग बिना प्रलोभन के निडर, निष्पक्ष और सौहार्दपूर्ण वातावरण में अपने मत का प्रयोग कर सके। उन्होने कहा कि आपलोग एक जिम्मेदार मतदाता बने, जिम्मेदार नागरिक बने और अपने लोकतंत्र को मजबूत बनायें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान हेतु शपथ और संकल्प वृक्ष पर हस्ताक्षर कर इस महापर्व को मनाने हेतु प्रेरित किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपासना रानी वर्मा ने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्ग दर्शन में लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत विद्यालयो में नुक्कड़, नाटक आदि मतदाता जागरुकता कार्यक्रम किये जा रहे हैं। उन्होने अभिभावको से कहा कि आप लोग केन्द्र पर मतदान करने अवश्य आये और जो वोटर हैं उन्हे भी साथ लायें।



## लड़की को भगाने वाले युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर**

बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के उत्तरीपुरा चौकी अंतर्गत जीटी रोड निवासी युवक विनोद गुप्ता पुत्र गगेंदन लाल गुप्ता नाबालिक लड़की को भाग ले गया था पुलिस की सूचना के कुछ घंटो बाद पुलिस ने नाबालिक लड़की सकुशल बरामद कर प्रार्थना पत्र के आधार पर आरोपित को धारा 363 ,366 मे मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया है थानाध्यक्ष केशव कुमार तिवारी उत्तरी पूरा चौकी इंचार्ज सतीश चंद्र, सतेंद्र सिंह, बिजेंद्र दिवान महिला सिपाही संध्या राजपूत की सूझबूझ के चलते मुखबिर खास की सूचना पर आरोपी युवक को पुलिस पकड़कर पूछताछ करने के बाद न्यायालय के समकक्ष पेश किया। बिल्हौर एसीपी अजय कुमार त्रिवेदी ने बताया घटना में पुलिस की तत्परता के चलते कुछ घंटे में आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है

# इस बार विधानसभा मुख्यालयों से रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**



जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में आयोजित सेक्टर मजिस्ट्रेटों के प्रशिक्षण के दौरान कहा कि मतदेय स्थल के 200 मीटर परिधि में किसी भी पार्टी, दुकान, एंव अनावश्यक वस्तुयें नही होनी चाहिए। सभी पोलिंग पार्टियों की रवानगी 196 विधानसभा छिबरामऊ की नवीन मण्डी समिति छिबरामऊ एवं 197 विधानसभा तिर्वा की डी0 एन0 इण्टर कालेज तिर्वा व 198 विधानसभा की नवीन मण्डी स्थल कन्नौज से होगी, तथा समस्त विधानसभाओं की मशीनें जमा नवीन मण्डी स्थल कन्नौज में ही होगी। कहा कि बिना किसी अनुमति के किसी भी स्थिति में वाहनों का रूट नही बदला जायेगा। सभी विधानसभाओं के वाहनों का अलग-अलग कलर कोड होगा। निर्वाचन से संबंधित जनपद स्तर पर जिला कन्ट्रोल कमांड सेन्टर नम्बर 1950 स्थापित किया जा चुका है। मतदान के दिन सेक्टर मजिस्ट्रेट सुबह 06:30 बजे तक सभी मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर प्रमाण पत्र-03 भर कर प्रेषित करेगें, कि बिना किसी कठिनाई के ससमय मतदान प्रक्रिया प्रारम्भ हुई। मतदान के दिन किसी भी अनाधिकृत वाहन को रोका नही जायेगा। मॉक पोल के दौरान समस्त पोलिंग एजेण्टों को मशीन के संबंध में जानकारी अवश्य कराये। मॉक पोल के समय खराब मशीन को सेक्टर मजिस्ट्रेट कलेक्ट्रेट में जमा करे। निर्धारित समय सीमा के अन्दर मशीन प्रतिस्थापन की रिपोर्ट भेजना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान पीठासीन डायरी को भी चेक करें। मतदान प्रतिशत की सूचना मतदान प्रतिशत संकलन एप्प (डच्चैद्व पर फीडिंग सुनिश्चित करें। कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट का रोल बहुत महत्वपूर्ण है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरश पालन सुनिश्चित करें। प्रत्येक 2-2 घण्टें पर मतदान प्रतिशत की सूचना एप्प पर अनिवार्य रूप से फीड करें। हम अपनी टीम को तभी गाइड करेगें, जब हम प्रशिक्षित होगें। पोलिंग प्रतिशत का जो लक्ष्य भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रखा गया है उसके लिये मतदेय स्थलों पर ऐसे प्रयास किये जाये कि मतदान प्रतिशत में बढोत्तरी हो सके। कहा कि निर्वाचन के दौरान छोटी-छोटी समस्याओं को समय से निस्तारण कराये। दिव्यांग, असहाय मतदाताओं के लिये व्हील चेयर से मतदान केन्द्र तक ले जा सकते है। प्रशिक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आशीष कुमार सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कटियार सहित सेक्टर मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

# ऊषा पॉपुलर इंटर कॉलेज में सपन्न हुआ महावारी प्रबंधन कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस । कानपुर**

महिलाओं को होने वाली मासिक समस्याओं को लेकर आज भी हमारे समाज में खुलकर बात नहीं की जाती है।पीरियड्स की भुगतभोगी महिलाएं व लड़कियां भी इस पर खुलकर बोलने में शर्माती हैं।जिससे इसके संबंध में लोगों का ज्ञान आधा-अधूरा ही है।इसका परिणाम यह है कि महिलाओं और किशोरियों को माहवारी के दौरान तमाम चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।इस चुनौती से पार पाने के लिए विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया जाता है और जागरूकता के लिए तमाम कार्यक्रम भी होते हैं।इसी कड़ी में शनिवार को जिला प्रशासन के सहयोग से आशा वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन को सफलता पूर्वक लागू करने को लेकर कार्यशाला आयोजित हुई।उषा पॉपुलर शिक्षण संस्थान में परिचर्चा हुई संबंधित विभागों के साथ इस कार्यशाला में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन विषय पर खुलकर चर्चा हुई और लोगों को जागरूक किया गया।शिक्षिका स्वप्निल विद्यार्थी ने कहा कि माहवारी स्वच्छता को लेकर जिले की सक्सेस स्टोरी को विभिन्न माध्यमों से जन-जन तक पहुंचाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा।साथ ही प्रचार-प्रसार के विभिन्न माध्यमों के द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। वहीं आशावेलफेयर फाउंडेशन से वरिष्ठ संरक्षिका नैना सिंह जी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को सिलाई कढ़ाई बुनाई से सम्बंधित प्रशिक्षण प्रदान कर घर से ही काम देने का प्रस्ताव लिया है।जल्द ही कच्चा माल उपलब्ध करवा कर गाँव गाँवमहिलाओ को दक्षता उपलब्ध करवाकर हर हाथ को काम देने की मुहीम को सफलता पूरक धरातल पर लागू किया जायगा। जिससे ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओ को आर्थिक आजादी मिल सके। दीप काजल फाउंडेशन की संरक्षिका काजल अवस्थी संस्था ने बताया कि सहयोग से जीविका दीदियों के द्वारा सस्ते एवं गुणवत्तापूर्ण सैनेटरी पैड निर्माण को लेकर योजना बनाई जाएगी आशा वेलफेयर संस्था से मिनी सक्सेना जी ने माहवारी के विषय में अंधविश्वास, मिथक पर प्रकाश डालते हुए उसके वैज्ञानिक पहलुओं पर भी विस्तृत प्रकाश डाला।


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2024 की संख्या में वृद्धि

**पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेल सेवाओं के साथ-साथ निम्नलिखित अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन रेल सेवाएं भी निम्नानुसार संचालित की जायेंगी:-**

**05656/05655 गुवाहाटी - जम्मू तवी - गुवाहाटी ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी — 18 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 05656 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 05656 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 05655 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 05655 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 20:30 | गुवाहाटी | 13:20 | ---- |
| 17:35 | ---- | जम्मू तवी | ---- | 10:00 |

**चलने के दिन: 05656 गुवाहाटी** से प्रत्येक सोमवार दिनांक 06.05.2024 से 01.07.2024 तक एवं **05655 जम्मू तवी** से प्रत्येक गुरुवार दिनांक 09.05.2024 से 04.07.2024 तक।
**ठहराव:** कामाख्या जं., रगिंया जं., बरपेटारोड, न्यु बंगाई गांव जं., कोकराझार, न्यु कोचबिहार, न्यु जलपाईगुड़ी, किशनगंज, कटिहार जं., नवगछिया, खगड़िया जं., बेगुसराय, बरौनी जं., शाहपुर पटोरी, देसरी, हाजीपुर जं., सोनपुर, छपरा जं., सिवान जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., गोंडा जं., लखनऊ एनआर, हरदोई, बरेली जं., मुरादाबाद जं., लक्सर जं., रुड़की, सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अम्बला कैंट, लुधियाना जं., जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट, एवं कठुआ स्टेशन।
**स्थान:** वाता.-2 टीयर, वाता.-3 टीयर एवं शयनयान।

**09405/09406 साबरमती - पटना जं. - साबरमती ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी — 22 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 09405 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 09405 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 09406 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 09406 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 18:10 | साबरमती | 13:30 | ---- |
| 15:35 | 15:45 | लखनऊ | 16:05 | 16:15 |
| 02:00 | ---- | पटना जं. | ---- | 05:00 |

**चलने के दिन: 09405 साबरमती** से प्रत्येक मंगलवार दिनांक 16.04.2024 से 25.06.2024 तक एवं **09406 पटना जं.** से प्रत्येक गुरुवार दिनांक 18.04.2024 से 27.06.2024 तक।
**ठहराव:** महेसाना जं., पालनपुर जं., आबूरोड, अजमेर जं., फूलेरा जं., जयपुर, बांदीकुई जं., भरतपुर जं., अछनेरा जं., आगरा फोर्ट, टूण्डला जं., कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ एनआर, सुलतानपुर, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन।
**स्थान:** वाता.-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

**पूर्व घोषित रेलगाड़ी संख्या 09309/09310 इंदौर - नई दिल्ली - इंदौर सुपरफास्ट द्वि-साप्ताहिक स्पेशल रेलगाड़ी अब इंदौर - हज़रत निज़ामुद्दीन-इंदौर के बीच निम्नलिखित विवरण के अनुसार चलाई जायेंगी: — 42 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 09309 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 09309 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 09310 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 09310 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 17:00 | इंदौर | 21:00 | ---- |
| 04:30 | ---- | हज़रत निज़ामुद्दीन | ---- | 08:20 |

**चलने के दिन: 09309 इंदौर** से प्रत्येक शुक्रवार एवं रविवार को दिनांक 19.04.2024 से 30.06.2024 तक एवं **09310 हज़रत निज़ामुद्दीन** से प्रत्येक शनिवार एवं सोमवार को दिनांक 20.04.2024 से 01.07.2024 तक।
**ठहराव:** देवास, उज्जैन जं., नागदा जं., शामगढ़, रामगंज मंडी, कोटा जं., सवाई माधोपुर, गंगापुरसिटी, भरतपुर जं. एवं मथुरा जं. स्टेशन।
**स्थान:** वाता.-2 टीयर, वाता.-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

**रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।**

**09064 गोरखपुर जं. - उधना जं. अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी — 01 फेरा**

| स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 09064 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 09064 प्रस्थान |
|---|---|---|
| गोरखपुर जं. | ---- | 04:45 |
| लखनऊ | 13:05 | 13:10 |
| उधना जं. | 15:30 | ---- |

**चलने के दिन: 09064 गोरखपुर जं.** से दिनांक 16.04.2024 (मंगलवार) को।
**ठहराव:** आनन्द नगर जं., सिद्धार्थ नगर, बढनी, गैंसड़ी तुलसीपुर, बलरामपुर, गोंडा जं., बाराबंकी जं., लखनऊ एनआर, कानपुर सेन्ट्रल, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, बीना, विदिशा, रानी कमलापति, इटारसी जं., खंडवा जं., भुसावल जं., नंदुरबार, बारडोली एवं चलथान स्टेशन।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।

**04145/04146 प्रयागराज - आनन्द विहार (ट) - प्रयागराज सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी — 12 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04145 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04145 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04146 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04146 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 21:20 | प्रयागराज | 19:20 | ---- |
| 08:00 | ---- | आनन्द विहार (ट) | ---- | 09:30 |

**चलने के दिन: 04145 प्रयागराज** से प्रत्येक शुक्रवार दिनांक 26.04.2024 से 31.05.2024 तक एवं **04146 आनन्द विहार (ट)** से प्रत्येक शनिवार दिनांक 27.04.2024 से 01.06.2024 तक।
**ठहराव:** फतेहपुर, कानपुर सेन्ट्रल, इटावा, टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ स्टेशन।
**स्थान:** वाता.-2 टीयर, वाता.-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

**08475/08476 पुरी - हज़रत निज़ामुद्दीन - पुरी विशेष रेलगाड़ी — 20 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 08475 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 08475 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 08476 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 08476 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 04:50 | पुरी | 06:55 | ---- |
| 17:40 | ---- | हज़रत निज़ामुद्दीन | ---- | 23:35 |

**चलने के दिन: 08475 पुरी** से प्रत्येक शुक्रवार दिनांक 19.04.2024 से 28.06.2024 तक एवं **08476 हज़रत निज़ामुद्दीन** से प्रत्येक शनिवार दिनांक 20.04.2024 से 29.06.2024 तक।
**ठहराव:** खोरधा रोड, भुवनेश्वर, नराज मार्थापुर, ढेंकानाल, अनुगुल,रेढ़ाखोल, सम्भलपुर सिटी, झारसुगुडा रोड, बिलासपुर, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, आगरा कैंट एवं मथुरा जं. स्टेशन।
**स्थान:** वाता.-2 टीयर, वाता.-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

**05051 छपरा जं. - दिल्ली जं. अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी — 01 फेरा**

| स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 05051 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 05051 प्रस्थान |
|---|---|---|
| छपरा जं. | ---- | 11:25 |
| लखनऊ | 22:00 | 22:10 |
| दिल्ली जं. | 11:40 | ---- |

**चलने के दिन: 05051 छपरा जं.** से दिनांक 16.04.2024 (मंगलवार) को।
**ठहराव:** बलिया, इन्दारा जं., मऊ जं., आजमगढ़, खोरासन रोड, शाहगंज जं., अयोध्या कैंट, लखनऊ, मुरादाबाद एवं गाजियाबाद स्टेशन।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
हमें फॉलो करें
आज़ादी का अमृत महोत्सव
उत्तर रेलवे आपकी सुविधा – हमारा ध्येय हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पीएम मोदी ने तमिलनाडु के तिरुनेलवेली में जनसभा की, विपक्षी गठबंधन पर बोला जोरदार हमला, कहा

# एनडीए ने तमिलनाडु के विकास के लिए किया काम, दक्षिण में भी चलेंगी बुलेट ट्रेन

**आपका समर्थन डीएमके और भारत गठबंधन की रातों की नींद उड़ा रहा: पीएम मोदी**

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तिरुवनंतपुरम

देश में चुनावी सरगर्मी इन दिनों अपने चरम पर है। विभिन्न राजनैतिक दलों के नेता जनता को अपने पाले में लामबंद करने के लिए पूरी जोर-आजमाइश से लगे हैं। भाजपा भी इस चुनाव में 400 से ज्यादा सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर प्रचार में लगी है। अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिए भारतीय जनता पार्टी के नेता इस बार दक्षिण पर विशेष फोकस कर रहे हैं। लगातार एक के बाद एक भाजपा नेता दक्षिण भारत में जनसभाएं-रैली और रोड शो कर रहे हैं। इसी क्रम में आज पीएम मोदी ने तमिलनाडु के तिरुनेलवेली में जनसभा की। यहां उनका जोरदार अभिनंदन किया गया। यहां उन्होंने जनता का आभार जताते हुए डीएमके सहित पूरे विपक्ष पर जमकर तंज कसे। इस जनसभा में बोलते हुए प्रधानमंत्री ने विपक्षी गठबंधन पर जोरदार हमला बोला। जनता को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आपका समर्थन डीएमके और भारत गठबंधन की रातों की नींद उड़ा रहा है। उन्होंने कहा कि कल, पुथंडु के पवित्र अवसर पर हमने अपना संकल्प पत्र लॉन्च किया। बीजेपी के संकल्प पत्र को मोदी की गारंटी का %पत्र% माना जा रहा है। अपने घोषणा पत्र में किए गए वादों का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हमने आयुष्मान भारत योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों को मुफ्त चिकित्सा उपचार देने की गारंटी दी है। मत्स्य पालन क्षेत्र के लिए, हमने समुद्री शैवाल खेती और मोती की खेती को बढ़ावा देने का वादा किया है।



### तमिल भाषा के वैश्वीकरण की गारंटी दी: पीएम मोदी

आगे बोलते हुए प्रधानमंत्री ने तमिल भाषा को लेकर किए गए अपने वादे को दोहराया। उन्होंने कहा कि भाजपा तमिल भाषा और संस्कृति को पसंद करने वाले लोगों की पहली पसंद बन गई है। हमने अपने घोषणापत्र में तमिल भाषा के वैश्वीकरण की गारंटी दी है। हम तमिल विरासत स्थलों को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर लाएंगे। बीजेपी ने दुनिया भर में तिरुवल्लुवर सांस्कृतिक केंद्र बनाने का संकल्प लिया है! आगे बोलते हुए उन्होंने डीएमके और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि डीएमके और कांग्रेस की विचारधारा तमिल संस्कृति के खिलाफ हैं। पीएम ने कहा कि चाहे सेंगोल हो या जलीकट्टू, डीएमके और कांग्रेस ने तमिल संस्कृति को उजागर करने वाली हर पहल का विरोध किया है।

### कांग्रेस और डीएमके ने पड़ोसी देश को कच्चातिवू द्वीप दे दिया

पीएम ने कहा कि भाजपा तमिलनाडु के लिए काम करती है क्योंकि वह तमिल विरासत का सम्मान करती है। भाजपा श्री वी.ओ.चिदंबरम पिल्लई से प्रेरणा चाहती है जिन्होंने भारत को आत्मनिर्भर बनाने का सपना देखा था। हम तमिलनाडु में ईमानदार शासन की वकालत करते हैं। हम एमजीआर जैसे नेताओं के सपनों को पूरा करना चाहते हैं। वहीं डीएमके एमजीआर का अपमान करने का कोई मौका नहीं छोड़ती। तमिलनाडु की पूर्व सीएम का जिक्र कर पीएम ने कहा कि उन्होंने संसद में जयललिता का भी अपमान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे अपने संबोधन में कच्चातिवू द्वीप का जिक्र कर कहा कि कांग्रेस और डीएमके ने पड़ोसी देश को कच्चातिवू द्वीप दे दिया। चार दशकों तक, तमिलनाडु और भारत के लोगों को द्वीप के अलगाव की वास्तविकता के बारे में अंधेरे में रखा गया। हमारे मछुआरे अभी तक द्रमुक और कांग्रेस के कर्मों की सजा भुगत रहे हैं।

### विकसित तमिलनाडु का दृष्टिकोण भाजपा का संकल्प: पीएम मोदी

जनसभा में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लिए विकसित तमिलनाडु का दृष्टिकोण भाजपा का संकल्प बन गया है। बीते 10 सालों में एनडीए सरकार ने तमिलनाडु के विकास के लिए दिन-रात काम किया है। कनेक्टिविटी को आसान बनाने के लिए तमिलनाडु को वंदे भारत दी गई और अब हमने तय किया है कि दक्षिण में भी बुलेट ट्रेन चलेंगी।

# हिंसा प्रभावित राज्य में शांति स्थापित करना बीजेपी की प्राथमिकता: शाह




जन एक्सप्रेस/एजेंसी। त्रिपुरा

गृहमंत्री अमित शाह पूर्वी राज्यों के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने त्रिपुरा में चुनावी रैली और मणिपुर में जनसभा को संबोधित किया। मणिपुर के इंफाल में सार्वजनिक बैठक को संबोधित शाह ने कहा कि जातीय संघर्ष से प्रभावित मणिपुर में शांति स्थापित भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की प्राथमिकता है। यह लोकसभा चुनाव मणिपुर को तोड़ने की कोशिश करने वाली ताकतों और मणिपुर को एकजुट रखने वालों के बीच है। सभा में शाह ने दावा किया कि मणिपुर की डेमोग्राफी को बदलने के प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य में घुसपैठ के प्रयास हो रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी की प्राथमिकता है कि सभी समुदायों को साथ लेकर राज्य में शांति स्थापित की जाए। उन्होंने कहा कि देश का भाग्य तभी बदलेगा, जब मणिपुर के साथ-साथ पूरे पूर्वोत्तर का भाग्य बदलेगा। विपक्ष पर निशाना साधते हुए गृहमंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने असम को बाय-बाय कह दिया था। कांग्रेस ने कभी भी मणिपुर का सम्मान नहीं किया। उन्होंने तीन वर्षों तक राज्य को बंद रखा। इबोबी सिंह की सरकार में फेक एनकाउंटर किया गया। कांग्रेस ने मणिपुर को नाकेबंदी वाला राज्य बना दिया था। शाह ने लोगों से आंतरिक मणिपुर और बाहरी मणिपुर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवारों के लिए वोट करने की अपील की।

### शाह बोले, कांग्रेस-वाम सरकार पर निशाना साधा

इसके अलावा, त्रिपुरा के कुमारघाट में रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि त्रिपुरा के आदिवासी इलाकों का विकास भाजपा की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि टिपरामोथा के साथ हुए हस्ताक्षरित ऐतिहासिक समझौते में राज्य के आदिवासी समुदाय के सभी मुद्दों का ध्यान रखा गया है। रैली में गृहमंत्री शाह ने सीपीएम पर निशाना साधा। सीपीएम के नेतृत्व वाले वाम मोर्चे पर गलत सूचना फैलाने का आरोप लगाते हुए गृहमंत्री ने कहा कि समझौते में समुदायों के बीच सद्भाव और राज्य के विकास के उपाय भी सुनिश्चित किए गए हैं। शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और सीपीएम ने राज्य में कई वर्षों तक शासन किया। उनकी सरकार ने महाराजा बीर बिक्रम किशोर माणिक्य के योगदान को कम करने की कोशिश की लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराजा बीर बिक्रम को उचित सम्मान दिया। उन्होंने अगरतल्ला हवाईअड्डा को महाराज के नाम पर रखा और उन्हें सम्मान देते हुए पीएम मोदी ने प्रतिमा का भी निर्माण कराया।

### प्रधानमंत्री ने आदिवासी समुदाय का किया सम्मान

रैली में शाह ने दावा किया कि कांग्रेस और वामपंथियों ने राज्य के आदिवासियों को कभी भी सरकार में उच्च पद में रहने की अनुमति नहीं दी। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने पहली बार भारत को आदिवासी राष्ट्रपति देकर समुदाय का सम्मान किया। 2014 से पहले जनजातीय मामलों के मंत्रालय का बजट 24,000 करोड़ रुपये था। वहीं, पीएम मोदी के शासन में बजट को बढ़ाकर 1,25,000 करोड़ रुपये कर दिया गया। शाह ने आरोप लगाया कि वामपंथियों ने युवाओं को बंदूकें दीं हैं। वहीं, पीएम मोदी ने युवाओं को लैपटॉप दिए हैं। पीएम मोदी ने पूर्वोत्तर में 10 से अधिक समझौते किए, जिससे 10 हजार युवा मुख्यधारा में वापस लौट पाए।

## है यही मम कामना

नवरात्रि पावन महीना, देवी का मंदिर सजा है।
भक्त दर्शन को चले है, चाहे पग छाले पड़े है।
दृग दरस द्वारे खड़े है, चुनरी तव गोटे जड़े है।
हम तेरे करुणा को पाये, ऐसी मेरी प्रार्थना।
वरद हस्त सदा सर पे हो, है यही मम कामना।।
शैलपुत्री शैल भवानी, ब्रह्मचारिणी तू है ब्रह्माणी।
चन्द्रघण्टा कुष्मांडा देवी,सुर-ऋषि मुनि की है सेवी।
स्कंदमाता कात्यायनी, कालरात्रि हर्षदायिनी।
महागौरी देवी कल्याणी, करे पूर्ण जप साधना।
वरद हस्त सदा सर पे हो, है यही मम कामना।।
सिद्धिदात्री सिद्ध करती, सर्व कष्टों को है हरती,
देवी के नौ रूप सुहावन, लगते है बड़े मनभावन,
दुर्ग दुर्गति नाश करती, पल में है भंडार भरती,
जग का तू कल्याण करे माँ, ऐसी मेरी भावना,
वरद हस्त सदा सर पे हो, है यही मम कामना।।
चण्डी असुरों को संहारे, सुर जनों को शीघ्र तारे।
देवी मइया है अति भोली, भरती है भक्तों की झोली।
लाल गुड़हल हार सुन्दर, जग करें तेरा ही आदर।
पापो को मिटाने वाली, हमको बस तुम थामना।
वरद हस्त सदा सर पे हो, है यही मम कामना।।
मइया धरती और गगन में, सृष्टि के पावन सृजन में।
नीर अग्नि और पवन में, जाप पूजा और हवन में।
करुणामयी करुण कहानी, भाव की भूखी भवानी।
दया भक्ति वरदान पाये, पूर्ण हो शुचि याचना।
वरद हस्त सदा सर पे हो, है यही मम कामना।।
जग में तुम सा कहाँ है, तुमको पाये देखे जहाँ है।
करते सुमिरन नाम लेते, रात-दिन तुमको है सेते।
देवी दुर्गा अति दयालु, भजन गाते है श्रद्धालु।
तेरा ही हम नाम लेकर, देते जग शुभकामना,
वरद हस्त सदा सर पे हो, है यही मम कामना।।



**राजीव नन्दन मिश्र**
( युवा कवि व लेखक )
सरना, भोजपुर (आरा)
बिहार-802165

## राम नवमी की शुभ कामनाएं

तेरी मंद मंद मुस्कनीया पर
बलिहारी वारी जाऊ
हमे तो कोई बुलाये तेरी और
चलीआऊ
हे प्रभु तेरा नाम श्री राम
तुम देश में न्यारे हो
सब कि आँखो के तारे हो
क्योकि बरसों बाद जिन्होंने
तुमको अयोध्या नगरी के
सुंदर राम मंदिर नये घर में लाए है
बस उन्हीं को पियारे
भारत वसीयो को लाना है
देश का मुक़द्दर संभलना है
और मोदी जी योगी जी को लाना
है यही देश का नारा हो
जय सिया राम सिया राम जय राम
हे प्रभु तुहरी प्राण प्रतिष्ठा
और कड़क ठंड में
कड़क तपस्या के साथ साथ
प्राण प्रतिष्ठा ही प्रण प्रतिष्ठा बन
जाये अब तो प्रभु तुम्हारी लहर
चल पड़ी है लहरों पे चलकर
हवाओं से मिलकर कैसी है तेरी
अदाए और मनमोहक घटाए
क्योकि देश का बच्चा बच्चा
जय श्री राम बोल रहा है
तुम्हारे जन्म दिन अयोध्या
सज् रही है तैयारियाँ चल रही है
क्योकि ये मंगलमय पावन पर्व
राम नवमी पर बच्चा बच्चा
जय श्री राम बोलेगा
ख़ुशियो की लहर आई
हर वर्ग को साथ लाई है
तोते ताली बजाते है चिड़िया चूँ चूँ
करती है ये सब प्रभु राम के साथी
है मिल कर शोर मचाते है



डा. अंजना मुकुंद कुलकर्णी

# भ्रष्टाचार अब अवसर या नौकरी का पासवर्ड नहीं बल्कि जेल जाने का रास्ता: उपराष्ट्रपति धनखड़

**जी-20 की अध्यक्षता के दौरान हम ग्लोबल साउथ की आवाज बने**

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को भ्रष्टाचारियों पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि सत्ता के गलियारों में भ्रष्ट तत्वों को पूरी तरह से बेअसर कर दिया गया है। भ्रष्टाचार अब अवसर, नौकरी या अनुबंध का पासवर्ड नहीं है, बल्कि जेल जाने का रास्ता है।

### वैश्विक शक्ति बनने की ओर बढ़ रहा भारत

महाराष्ट्र के नागपुर शहर में राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी में भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के 76वें बैच के समापन समारोह में धनखड़ शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार अब प्रशासन को निर्देशित नहीं करता है। भारत अब सोया हुआ देश नहीं रहा, बल्कि वह तेजी से वैश्विक शक्ति बनने की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, जी-20 की अध्यक्षता के दौरान हम ग्लोबल साउथ की आवाज बने। राष्ट्रों का ऐसा शक्तिशाली संयोजन। जीडीपी और जनसंख्या को देखें जिसका वे प्रतिनिधित्व करते हैं और उनकी आवाज नहीं सुनी जा रही थी। यह अब एक प्रमुख मंच पर है, जिसका श्रेय भारत और हमारे दूरदर्शी नेतृत्व को जाता है।



### गुप्त लेनदेन और धन पर ध्यान देने की आवश्यकता

गुप्त लेनदेन और धन पर ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर देते हुए, उन्होंने कहा कि कर प्रशासन को गति बनाए रखने, करदाताओं की नई जरूरतों और अपेक्षाओं को पूरा करने और कर धोखाधड़ी को दूर रखने की चुनौती दी जाती है। धनखड़ ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उन्नत विश्लेषण जैसी नई प्रौद्योगिकी कर प्रशासन में सुधार कर रही है और कर चोरी रोकने में मदद कर रही है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह सिस्टम में करदाता के विश्वास को बढ़ाता है, जो बदले में अधिक अनुपालन को प्रोत्साहित करता है।

### नकदी को संभालना समाज में एक समस्या रही

आईआरएस अधिकारियों के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग पर जोर देते हुए धनखड़ ने कहा कि नकदी को संभालना समाज में एक समस्या रही है और प्रौद्योगिकी ने नकदी की झंझट से मुक्ति दिलाई है। इस तरह के कदमों से व्यवस्था में पारदर्शिता आई है। भारत में आज भ्रष्टाचार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाता है।

### भ्रष्टाचार पर ज्यादा बात नहीं करूंगा

मैं आज भ्रष्टाचार पर ज्यादा बात नहीं करूंगा, लेकिन एक बात सुनिश्चित है कि अब सत्ता के गलियारों में भ्रष्ट तत्वों से पूरी तरह बेअसर कर दिया गया है। भ्रष्टाचार अब अवसर, नौकरी या अनुबंध का पासवर्ड नहीं है। भ्रष्टाचार जेल का रास्ता दिखाता है। यह एक बड़ा बदलाव है और भ्रष्टाचार अब हमारे प्रशासन को निर्देशित नहीं करता है। धनखड़ ने कहा कि आजादी के बाद एक समय भारत दुनिया के सबसे गरीब देशों में से एक था। 1991 में भी भारत की अर्थव्यवस्था पेरिस और लंदन जैसे शहरों की तुलना में छोटी थी। यह भारत का आकार था, जिसे एक समय में सोने की चिड़िया के नाम से जाना जाता था। लेकिन आज भारत की अर्थव्यवस्था फ्रांस और ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था से बहुत आगे है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि अगले दो साल में भारत जापान और जर्मनी से आगे हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यह बदलाव हमारे देश के अनुकूल नीति निर्माण और लागू की गई दृष्टि तथा नौकरशाही के कारण हुआ है। धनखड़ ने कहा कि भारत 6.5 से 7 प्रतिशत की औसत जीडीपी वृद्धि दर के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है।

## भूस्खलन और भूकटाव की घटनाएं 190 फीसदी बढ़ीं

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। भूस्खलन और भूकटाव की घटनाओं में 1990-2003 की तुलना में 2004-2017 के बीच 190 फीसदी की वृद्धि हुई है। देशी पेड़ और झाड़ियां लगाने से इनसे बचाव हो सकता है। सिडनी विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने यह साबित किया है कि कैसे देशी पेड़ और झाड़ियां ढलान वाले इलाके को मजबूत बनाने और गीली परिस्थितियों में भूस्खलन और मिट्टी के कटाव के खतरे को कम करने में मदद कर सकते हैं। शोध के अनुसार, स्टील की जाली या स्प्रेड कंक्रीट जैसे कृत्रिम तरीकों की तुलना में पौधे ढलान की मजबूती के लिए एक स्थायी और प्राकृतिक समाधान प्रदान करते हैं।

## इस्राइली जहाज में फंसे 17 भारतीय, बेटे की सलामती की दुआ मांग रहे केरल के बुजुर्ग दंपती

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

ईरानी सेना के कब्जाए इस्राइली मालवाहक जहाज में सवार 17 भारतीयों में केरल के एक बुजुर्ग दंपती का बेटा भी शामिल है। होर्मुज की खाड़ी में जहाज एमएससी एरीज पर कब्जा किए जाने की खबर आने से कुछ ही घंटों पहले उनकी बेटे से बात भी हुई थी। उत्तरी केरल के कोझिकोड जिले में रहने वाले विश्वनाथन और श्यामला बेटे श्यामनाथ के इस तरह जहाज में फंसने की खबर सुनने के बाद से बेहद बेचैन हैं। बस यही प्रार्थना कर रहे हैं कि वह सकुशल घर लौट आए। बाद में शाम को शिपिंग कंपनी के मुंबई कार्यालय से आए फोन पर उन्हें इस घटनाक्रम की जानकारी दी गई।


# क्या मातृशक्ति की उपासना में पशुबलि उचित है?

जन एक्सप्रेस। विशेष

सनातन संस्कृति बहुत व्यापक और विशाल है, अनंत और अनादिकाल से अनेक देवी-देवताओं की उपासनाओं की परंपराएं और विधि -विधान सनातन धर्म की विशेषता रही है। शक्ति उपासना सनातन धर्म की मूल उपासना है, क्योंकि शक्ति को ही सनातन धर्म की परम पूज्य का दर्जा प्राप्त है। देवी दुर्गा, जगदम्बा, चंडी, काली ,वैष्णवीं, चामुंडा आदी भगवती आदिशक्ति की अनेक विभूतियाँ है। शक्ति उपासकों को शाक्त कहा जाता है ,और शाक्त मतानुसार पशुबलि की परंपरा बहुत दिनों से चलीं आरही है। पर यह बात हमेंशा सही नहीं मानीं जा सकती है, किसी बेजुबान निर्दोष जानवरों की हत्या से जगदम्बा क्यों प्रसन्न होंगी, बहुत से शाक्त ग्रंथ और देवी महात्म एवं तंत्र ग्रंथ की पुस्तकों में बलिदान को शक्ति पूजा का अभिन्न अंग बताया गया है, पर आप सोचिए जो जगत की माता है, वो अपनें ही सृजित किए हुए जीवों की हत्या से कैसें खुश हो सकतीं हैं। देवी काली ,चामुंडा, चंडी आदि देवियों ने दैत्यों को जबाया, निगला है और उनका रक्तपान किया है ,पर उसका एक कारण था, कि उन असुरों के नाश का वही तरीका था ,इससें ऐसा नियम नहीं बनता की भगवती अब निर्दोष पशुओं की बलि लेने लगेंगी। दैत्यों के संहार के लिए कालिका, चामुंडा आदि देवियों ने दैत्यों के रक्त, मांस आदि का भक्षण किया ,उसी कथा एवं घटनाओं को ढाल बनाकर लोग भक्ति के आढ़ में पशुओं को मारकर अपने मांस भक्षण की क्षुधा को तृप्त करतें हैं। और यह तरीका सनातन धर्म में बहुत पहलें से है। मांस, रक्त, मदिरा आदि तामसिक पदार्थों को देवी देवताओं के नाम पर पूजा-उपासना मे प्रयोग करके अपनी दस हाथ की जीभ को सुख देना सनातन संस्कृति के लिए एक अभिशाप है।



प्रतीक तिवारी



### अनुष्ठानों में पशुबलि अपनें चरम पर

शारदीय और वासंतिक नवरात्र पशुबलि का मानें तो महाकुंभ है, आश्विन और चैत्र नवरात्रि में बिहार, झारखंड, छतीसगढ, बंगाल, उड़ीसा,असम समेत उत्तर -पूर्वी भारत प्रदेशों बड़े स्तर पर आज भी दोनों नवरात्रों के नवमी आदि विशेष पूजा अवसर पर निर्दोष और बेजुबान पशुओं को मौत के घाट उतार दिया जाता है। वैसे तो भारत के महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश आदि प्रदेशों में भी पशुबलि ज्यादा संख्या में होती है, पर बिहार ,बंगाल ,असम आदि राज्यों में दुर्गापूजा और अन्य देवी के विशेष पर्व एवं अनुष्ठानों में पशुबलि अपनें चरम पर होती है, जो शक्ति या कहें मातृशक्ति के पवित्र और पावन अनुष्ठानों को कलंकित करता आ रहा है। लोग भक्ति की छाँव तले बड़े ही निर्ममता से भोले बेजुबान जानवरों को मारते हैं और बाद में देवी के प्रसाद के नाम पर अपनी दानवी तामसी क्षुधा को शांत करतें हैं।

### हमारे वेदों-ग्रंथों में भी बलि निषेध है-

मा नो गोषु मा नो अश्वेसु रीरिष।- ऋग्वेद 1/114/8
अर्थात- हमारी गायों और घोड़ों को मत मार
इममूर्णायुं वरुणस्य नाभिं त्वचं पशूनां द्विपदां चतुष्पदाम्।
त्वष्टु प्रजानां प्रथमं जानित्रमग्ने मा हिश्सी परमे व्योम।। - यजु. 13/50
**अर्थात**- उन जैसे बालों वाले बकरी, ऊंट आदि चौपायों और पक्षियों आदि दो पगों वालों को मत मार

अत: आपसब से प्रार्थना है की इस कुप्रथा को समाप्त करने में सहयोग करें, यदि कोई प्रथा बहुत लम्बे समय से चली आ रही हो तो यह जरुरी नहीं की उसे सुधारने के बजाय उसे हमेसा के लिए स्वीकार कर लिया जाए। जिस प्रकार हमारे देश से अनेक कुप्रथाएं जैसे की सती-प्रथा, बाल विवाह प्रथा आदि समाप्त की गईं है वैसे ही बलि प्रथा को भी समाप्त करना चाहिए। देश के बड़े बड़े शक्तिपीठों में बलि परंपरा आज भी जारी है। इस रक्तपात की आसुरी परंपरा को रोकने का पुरज़ोर प्रयास करना चाहिए। आखिर कही-न-कही से शुरुआत करनीं होगी तभी देश के बाकी हिस्सों में भी इसका अच्छा परिणाम देखनें को मिलेगा ,और यह कुप्रथा समाप्त हो सकेगी। आईये हम सब मिलकर बलि देने वालें अपने मित्रों, पड़ोसियों एवं सगे-सम्बन्धियों आदि को जागरूक बनाये और इस घोर पाप और जघन्य अपराध करने से उन्हें रोके। क्योंकी विधाता ने जिस भी प्राणी का सृजन किया है, उसकें प्राण हरने का अधिकार केवल उन्हीं को है किसी पूजा -अनुष्ठान, परंपरा आदि के नाम पर हम और आप उनको मारने का अधिकार नही रखतें। शासन -सरकार के हस्तक्षेप से बहुत से जगहों पर बलिदान या बलिप्रथा मे कमी आई है ,पर आज भी विशेष अवसरों पर घरों सहित समाजिक स्तरों पर भी पशुबलि बहुत ज्यादा मात्रा में होती है, हमें आपको और सरकार सबको मिलकर इस कुप्रथा से लड़कर इसे खत्म करनें का प्रयास करना चाहिए।

### अगर माँ को कुछ भेंट देना ही चाहतें हैं ,तो उन्हें सच्ची श्रद्धा-भक्ति और सम्मान दीजिए

देवी-देवताओं को किसी पशु-पक्षी या अन्य जीव की बली देनीं चाहिए या बली देंनें से मनोकामना पूर्ण होती है ,या बलि देना अनिवार्य है? फिर भी माँ दुर्गा या उनके अन्य रूपों को पशु-पक्षियों की बली दी जा रही हैं, माँ दुर्गा /जगदम्बा जिनको जगत-जननी कहा जाता हैं, मनुष्य, पशु-पक्षी आदी सभी जीव जिनके संतान है, जो ब्रह्मांड के सभी जीवों की परम ममतामई माँ हैं, उनकें ही सामने उनके निर्दोष संतानों की अंधविश्वासियों और धर्मान्धियों द्वारा गलाकाटकर कर निर्दयतापूर्वक हत्या की जाती है। क्या अपने संतान की ये हालत देखकर माता को दु:ख नहीं होता होगा ? क्या उनका कलेजा नही फटता होगा ? दुनिया की कोई भी माँ अपने संतान के आँख से आंशु का एक बूंद भी नहीं देख सकतीं फिर अपने ही संतानों की अपने आँखों के सामने हत्या होते देख कर वो जगत जननी माँ कितनी दुखीं होती होंगीं ? अपने व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं के लिए धर्मांध बनकर निर्दोष-बेजुबान पशु-पक्षियों की बलि देना किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है 7 माता से कुछ मांगना ही है तो सच्चे मन से मांगे, जैसे अपने माँ से आप मांगते है, मातारानी अवश्य ही आपकी अभिलाषा पूरी करेंगी। पशु बलि देना जरुरी नहीं है। अगर माँ को कुछ भेंट देना ही चाहतें हैं ,तो उन्हें सच्ची श्रद्धा-भक्ति और सम्मान दीजिए, ममतामई माँ आपकी सभी मनोकामनाएं अवश्य ही पूर्ण करेंगी। यदि इसके अतिरक्त कुछ और भेंट करना चाहते है तो फल, पुष्प, नारियल, चुनरी,गंध अक्षत ,नाना प्रकार के नैवेद्य और बहुत से सात्विक पदार्थों द्वारा महामाया की उपासना पूजा की जा सकतीं है, मातारानी अवश्य प्रसन्न होंगी। जरा सोचिये क्या महान संतों जैसे तुलसी दास जी, स्वामी विवेकानंद जी, पंडित श्रीधर जी, आदि ने बलि दी थी क्या ?? बिल्कुल नहीं दी थी, फिर भी उन्होंने भगवती को अपनी भक्ति से प्रसन्न करके उनके साक्षात दर्शन पाये थे।

## मैं कौन हूँ ? क्यों आई हूँ ? कहाँ से आई हूँ ?

क्या कर्तव्य है मेरे जिवन का?
ये प्रश्न मुझे सताती है, मैं कौन हूँ ?
क्या मैं स्त्रि हूँ? क्या मैं पुरुष हूँ ?
थोड़ी चंचल, थोड़ी सशक्त हूँ।
तो क्या मैं स्त्री हूँ ?
थोडा विनम्र, थोडा मजबूत हूँ,
तो क्या मैं पुरुष हूँ ?
इसका भेंद किसने किया ?
ये प्रश्न मुझे सताती है, मैं कौन हूँ?
क्या संसार वहीं है ?
जहाँ जन्म लिए और उलझे पड़े है
दुनियादारी म,ये मेरा है ये उनका है
यहीं करते-करते आ जाते है मृत्यु के पास
क्या यहीं जिंदगी है ?
ये प्रश्न मुझे सताती है, मैं कौन हूँ?
क्यों अपनी खुशी मुझे ज्यादा प्रिय लगती है दूसरो
की खुशी से जल-भुन जाती हूँ बहुत अपना-अपना
किए रहती हूँ। क्या मैं वहीं इंसान हू, जो बड़ी-बड़ी
इंसानियत की बातें करती हूँ ये प्रश्न मुझे सताती
है, मैं कौन हूँ? क्यों नहीं मैं खुद को समझ पाती हूँ
? सबको जाननें कि इच्छा रखती हूँ।
कह दो दूसरों कि चुगली करने को
ना जाने कितनी बुराई बताती हूँ।
अपनी एक सच भी पता लग जाती है
तो क्यों ऐसे झगड़ा पड़ती हू ?
ये प्रश्न मुझे सताती है, मैं कौन हूँ?



**अपराजिता कुमारी**
बक्सर, बिहार।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक: अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादक: अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेड: कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोट: सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)